संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, गुरूवार, 22 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 169 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर योगाभ्यास करते हुए।

# यूएन के आंगन से हिंद का योग-संदेश


योग को घर या बाहर कहीं भी किया जा सकता है, ये फ्लेक्सिबल है, ये सभी संस्कृतियों के लिए है | योग के लिए एकजुट हुई दुनिया

**योगमय हुई दुनिया...**

● पीएम मोदी की मौजूदगी में यूएन में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड: पहली बार एकसाथ 135 देश के लोगों ने किया योग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/न्यूयॉर्क**

**यूएन** के हेडक्वार्टर में बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में हुए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना। दुनिया में पहली बार एक साथ 135 देशों के प्रतिनिधियों ने योग किया। इसके बाद गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के अधिकारी माइकल एम्परिक ने यूएन में भारत की राजदूत रुचिरा कंबोज को वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट दिया। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने योग कार्यक्रम में कहा- योग का मतलब है- यूनाइट करना यानी साथ लाना। मुझे याद है मैंने यहां 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए पूरी दुनिया भारत के साथ आई। पीएम मोदी ने कहा कि योग भारत की पुरानी संस्कृति है और इस पर किसी का कॉपीराइट नहीं है। कार्यक्रम यूएन के नॉर्थ लॉन के गार्डन में हुआ। इसमें न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम, शेफ विकास खन्ना, संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी समेत 135 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। पीएम मोदी ने कहा -योग को घर या बाहर कहीं भी किया जा सकता है। ये फ्लेक्सिबल है। ये सभी संस्कृतियों के लिए है। योग जिंदगी जीने का तरीका है। पीएम ने कहा कि योग खुद के साथ और दुनिया के साथ शांतिपूर्ण तरीके से रहने का तरीका सीखाता है। पिछले साल भारत के इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स (मोटे अनाज) को लेकर पूरी दुनिया एक साथ आई थी आज योग के लिए पूरी दुनिया को एकजुट हुआ देखकर अच्छा लग रहा है।





## सूरत में सवा लाख लोगों ने एक साथ योग किया

**देश** में बुधवार को नौवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सूरत में सवा लाख लोगों ने एक साथ योग करके रिकॉर्ड बनाया। उधर, भारतीय सेना के अफसरों और जवानों ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक योग किया। राजस्थान के रेगिस्तान में भी जवानों ने आसन लगाए। इस साल इसकी थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' रखी गई है।

## बाजरा एक सुपरफूड है: पीएम नरेंद्र मोदी

**लोगों** को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि योग आपकी आयु, लिंग और फिटनेस स्तर के अनुकूल है।

योग पोर्टेबल है और वास्तव में सार्वभौमिक है। आगे कहा कि पिछले साल, 2023 को अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मनाने के भारत के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए पूरी दुनिया एक साथ आई थी। बाजरा एक सुपरफूड है। वे समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं और पर्यावरण के लिए भी अच्छे ... पूरी दुनिया को देखना अद्भुत है योग के लिए फिर से साथ आएं।

**योग जीवन का एक तरीका है**

पीएम मोदी ने कहा कि योग भारत से आता है।

सभी प्राचीन भारतीय परंपराओं की तरह यह भी जीवंत और गतिशील है। योग जीवन का एक तरीका है। ये विचारों और कार्यों में सावधानी बरतने का एक तरीका है। ये स्वयं के साथ, दूसरों के साथ और प्रकृति के साथ सद्भाव से जीने का तरीका है।

**महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए:** प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम की शुरूआत लॉन में लगी महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की है। इससे पहले पीएम मोदी ने सुबह लोगों को योग दिवस की शुभकामनाएं दी थी। उन्होंने कहा था- आज योग दिवस पर मैं कई दायित्वों के चलते आप लोगों के बीच नहीं हूं। भले मैं आपके साथ योग नहीं कर रहा हूं, लेकिन मैं योग करने के दायित्व से भाग नहीं रहा हूं। उन्होंने कहा कि योग दुनिया को जोड़ रहा है।

**पाकिस्तान के विरोध के बावजूद भारत की योग डिप्लोमेसी पर यूएन में लगी थी मुहर:** 27 सितंबर 2014 को प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार यूनाइटेड नेशन्स में हर साल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाए जाने का प्रस्ताव रखा था। फोर्ब्स के मुताबिक मोदी के इसी भाषण से जाहिर हो गया था कि भारत अब खुलकर योग को डिप्लोमेसी के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। 11 दिसंबर 2014 को यूनाइटेड नेशन में भारतीय राजदूत अशोक मुखर्जी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव पेश किया था। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत के इस प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया। पाकिस्तान नहीं चाहता था कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव पास हो। हालांकि इस प्रस्ताव को पहले से ही यूनाइटेड नेशन के करीब 177 देशों का समर्थन मिला।

## पीएम मोदी बोले योग मतलब यूनाइट

**पीएम** मोदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सभी देशों के लोग मौजूद हैं। आपमें से बहुत सारे लोग बहुत दूर यहां आए हैं। कार्यक्रम में आने वाले सभी लोगों का धन्यवाद। योग भारत से आया और यह पुरानी परंपरा है। मैं आप सभी को देखकर प्रसन्न हूं और यहां पर आने के लिए आप सभी का धन्यवाद करता हूं। मुझे बताया गया है कि आज यहां लगभग हर राष्ट्रीयता का प्रतिनिधित्व है। योग का अर्थ है जोड़ना इसलिए आप एक साथ आ रहे हैं यह योग के दूसरे रूप की अभिव्यक्ति है पीएम मोदी बोले योग मतलब यूनाइट। योग कॉपीराइट-रॉयल्टी और पेटेंट फ्री है।

## योग की शक्ति का उपयोग करें: पीएम मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी बोले हम योग की शक्ति का उपयोग न केवल स्वस्थ, खुश रहने के लिए करें बल्कि स्वयं और एक-दूसरे के प्रति दयालु होने के लिए भी करें। आइए हम योग की शक्ति का उपयोग करें। मित्रता, एक शांतिपूर्ण दुनिया और एक स्वच्छ, हरित और टिकाऊ भविष्य के पुल बनाने के लिए योग की शक्ति का उपयोग करें। आइए हम एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लक्ष्य को साकार करने के लिए हाथ मिलाएं। पीएम मोदी ने अमेरिका से वीडियो संदेश में कहा, 'योग ग्लोबल स्पिरिट बन गया।' उधर, नेवी ने इस मौके पर 'ओशन रिंग ऑफ योगा' का फॉर्मेशन किया।

## बंगाल पंचायत चुनाव: सीएपीएफ की 22 कंपनियां तैनात होंगी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार पंचायत चुनाव के लिए पश्चिम बंगाल के सभी जिलों में तत्काल प्रभाव से सीएपीएफ की 22 कंपनियों को तैनात करेगी। 15 जून को कलकत्ता हाई कोर्ट ने राज्य में सेंट्रल फोर्सेज की तैनाती को लेकर आदेश जारी किया था। इस फैसले को बंगाल सरकार और राज्य चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट ने चुनौती दी थी, जिन्हें कोर्ट ने 20 जून को खारिज कर दिया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस मनोज मिश्रा की वेकेशन बेंच ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए कहा- बंगाल में चुनाव के दौरान हिंसा का पुराना इतिहास रहा है। हिंसा के साथ चुनाव नहीं हो सकते। राज्य सरकार और चुनाव आयोग को सेंट्रल फोर्स की तैनाती पर क्या एतराज है।


## 26 जून को एसजीपीसी ने बुलाया हाउस



**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**पंजाब** विधानसभा में गुरबाणी प्रसारण को लेकर गुरुद्वारा एक्ट 1925 में संशोधन मते को मिली मंजूरी को एसजीपीसी ने नकार दिया है। एसजीपीसी प्रधान एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने 26 जून को विशेष बैठक जनरल इजलास को बुलाया है। जिसमें एक्ट में संशोधन और धर्म में राजनीति की दखलअंदाजी के मुद्दों को उठाया जाएगा। एडवोकेट धामी ने आरोप लगाए हैं कि गुरबाणी प्रसारण को लेकर एसजीपीसी पहले ही कमेटी गठित कर चुकी थी। जिसने अपने विचार भी देने थे। लेकिन एक महीने तक फैसले का इंतजार नहीं किया गया। 21 जुलाई को कमेटी अपने तौर पर कोई ऐसा फैसला न ले ले, कि एसजीपीसी की छवि बन जाए। लोगों के सामने मुख्यमंत्री ने अपनी छवि बनाने के लिए कि यह फैसला जल्दबाजी की है।

## 'मलिक को राजनीति करनी है तो खुलकर मैदान में आए'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**भारतीय** कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण और रेसलर्स विवाद में पहलवान साक्षी मलिक और बबीता फोगाट आमने-सामने हो गई हैं। बबीता फोगाट ने जमकर साक्षी मलिक को फटकार लगाई। बबीता ने साक्षी को चुनौती दी कि राजनीतिक करनी है तो खुलकर मैदान में आइए। आपकी बातें सुनकर मुझे समझ नहीं आ रहा कि आप पहलवान के पक्ष में हैं या कांग्रेस प्रवक्ता के तौर पर बयान दे रही हैं। बबीता ने फिर दोहराया कि परमिशन लेटर पर मेरे साइन नहीं हैं। बबीता का ये बयान साक्षी के उस दावे पर आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि बबीता फोगाट ने उन्हें धरना देने को मोटिवेट किया। उन्हें धरना देने की परमिशन तक दिलाई।

## सिकुड़ रहा खालिस्तानी आतंकियों का नेटवर्क



**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**पंजाब** में खालिस्तानी मूवमेंट कुछ समय से रफ्तार पकड़ने लगा था। पहले यूके में अवतार सिंह खांडा की मौत और अब आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की मौत के बाद यह नेटवर्क सिकुड़ता जा रहा है। वहीं, पंजाब में खालिस्तानी मूवमेंट को हवा देने वाला अमृतपाल सिंह डिब्रूगढ़ जेल में बंद है। जिसके बाद अब एनआईए का पूरा फोकस सिख फॉर जस्टिस के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू पर हो गया है। एनआईए की तरफ से तैयार की गई आतंकियों की 54 लोगों की लिस्ट में 11 खालिस्तानी आतंकी शामिल हैं। जिनमें एक नाम एसएफजे का गुरपतवंत सिंह पन्नू है। एसएफजे के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू को पकड़ना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बन गई है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले एलन मस्क



**टीम एक्शन इंडिया/न्यूयॉर्क/नई दिल्ली**

**भारत में संभावनाएं**

● एलन मस्क ने कहा कि वह मोदी के फैन हैं और भारत में निवेश को लेकर काफी उत्साहित हैं

**इलेक्ट्रिक** कार बनाने वाली कंपनी टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने बुधवार को न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। एलन मस्क ने कहा कि वह मोदी के फैन हैं और भारत में निवेश को लेकर काफी उत्साहित हैं। भारत के पास दुनिया के किसी भी दूसरे देश की तुलना में ज्यादा संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि वह अगले साल भारत की यात्रा कर सकते हैं। दुनिया के सबसे अमीर मस्क ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बारे में कहा कि यह शानदार मुलाकात रही। टेस्ला प्रमुख ने कहा कि सोलर एनर्जी क्षेत्र में भारत में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि वे भारत के भविष्य को लेकर अविश्वसनीय रूप से उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि मोदी भारत के लिए काफी फिक्र करते हैं, मैं कह सकता हूं कि उनका नजरिया नई कंपनियों को लेकर बहुत उदारवादी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन दिवसीय अमेरिका दौरे पर हैं। एलन मस्क से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ट्विट कर कहा, 'ऊर्जा से लेकर आध्यात्मिकता तक के मुद्दों पर हमने बहुआयामी बातचीत की।"

## कुछ खुद को देश से अलग समझते हैं: अनुराग ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**केंद्रीय** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हम पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में लेकर चल रहे हैं। किसी का नाम लिए बगैर विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि कुछ लोग अपने आप को देश से अलग समझते हैं, लेकिन यह उनकी मानसिकता है। 9वें इंटरनेशनल योग-दिवस पर हमीरपुर में अनुराग ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति नरेंद्र मोदी के लिए रात्रिभोज रख रहे हैं और दूसरी बार पीएम मोदी दोनों हाउस को संबोधित करेंगे, यह एक ऐतिहासिक पल है।

इससे पहले उन्होंने हमीरपुर के अणु सिंथेटिक ग्राउंड में योगाभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने योग को लेकर योग को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया।



दुनिया में पहली बार एक साथ 135 देशों के प्रतिनिधियों ने योग किया। इसके बाद गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के अधिकारी माइकल एम्परिक ने यूएन में भारत की राजदूत रुचिरा कंबोज को वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट दिया।

## चीन ने भारत के वांटेड आतंकी को बचाया

### साजिद मीर को ग्लोबल टेररिस्ट डिक्लेयर किया जाना था, मुंबई हमले में शामिल था



**टीम एक्शन इंडिया/न्यूयॉर्क**

**मुंबई में** 26/11 के हमले में वांटेड लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी साजिद मीर को ग्लोबल टेररिस्ट घोषित करने के प्रस्ताव को चीन ने रोक दिया है। अमेरिका ने यूनाइटेड नेशंस सिक्योरिटी काउंसिल की 1267 अलकायदा प्रतिबंध समिति की बैठक में यह प्रस्ताव पेश किया था। भारत इसका सह प्रस्तावक था।

**पहले भी चीन ने कई बार अड़ंगा लगाया:** यह पहली बार नहीं है जब चीन ने किसी पाकिस्तानी आतंकी को ग्लोबल टेररिस्ट घोषित करने में अड़ंगा लगाया हो। चीन ने पिछले साल सितंबर में भी साजिद को ग्लोबल टेररिस्ट घोषित करने के प्रस्ताव पर रोक लगाई थी। इस बार उसने प्रस्ताव को ब्लॉक कर दिया है। पिछले साल चीन ने पाकिस्तानी आतंकी मौलाना मसूद अजहर के भाई अबुल रऊफ असगर उर्फ अब्दुल रऊफ अजहर को संयुक्त राष्ट्र की आतंकवादियों की सूची में शामिल कराने के लिए लाए गए अमेरिका और भारत के प्रस्ताव का विरोध किया था। पिछले साल अक्टूबर में लश्कर-ए-तैयबा के चीफ हाफिज सईद के बेटे तालहा सईद को ग्लोबल टेररिस्ट घोषित करने के लिए लाया गया प्रस्ताव भी चीन ने रोक दिया था।

## डॉक्टर ने की पूरे परिवार की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**कलह...**

● दोनों बच्चों को घर के पास बने कुएं में फेंक दिया। इसके बाद घर आकर खुद भी फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली

**पुणे में** जानवरों के एक डॉक्टर ने मंगलवार को अपने पूरे परिवार की हत्या कर दी। पहले उसने पत्नी का गला घोंटा, उसे फंदे पर लटाकाया। फिर दोनों बच्चों को घर के पास बने कुएं में फेंक दिया। इसके बाद घर आकर खुद भी फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। मामले को लेकर पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया है। इसमें पति ने लिखा है कि वह पत्नी की प्रताड़ना से परेशान होकर ये कदम उठा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद बच्चों के शव को कुएं से बाहर निकाला गया। पुणे की दौंड तहसील के वरवंड इलाके में रहने वाले डॉ. अतुल दिवेकर (42) और पल्लवी दिवेकर (39) के बीच बीते कई दिनों से मामूली बात को लेकर झगड़ा चल रहा था।

**सुझाव**

हिंदूओं और पारसियों के उत्तराधिकार, मुस्लिमों का बहुविवाह व विवाह की उम्र के कानून बदल जाएंगे

# यूनिफॉर्म सिविल कोड से कई मामलों पर होगा असर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने लोगों से समान नागरिक संहिता यानी यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) पर राय मांगी है। जिसे लेकर देशभर में चर्चाएं शुरू हो गई है। कुछ ने विरोध, तो कुछ ने इसे सही ठहराना शुरू कर दिया है। लोगों के सुझावों और लॉ कमीशन की सिफारिश के आधार पर जो टेम्पलेट बना है, उसके आधार पर विधि विशेषज्ञों से बात की। उनका कहना है कि यूसीसी से लोगों पर प्रभाव पड़ेंगे।

**सब पर पड़ेगा प्रभाव**

● यूसीसी लागू होता है तो सभी लड़कियों की शादी की उम्र बढ़ जाएगी, जिससे वे विवाह से पहले ग्रेजुएशन कर सकें

**शादी की उम्र:** यूसीसी के टेम्पलेट में सभी धर्मों की लड़कियों की विवाह योग्य उम्र एक समान करने का प्रस्ताव है। अभी कई धर्मों के पर्सनल लॉ और कई अनुसूचित जनजातियों में लड़कियों की विवाह की उम्र 18 से कम है। अगर यूसीसी लागू होता है तो सभी लड़कियों की शादी की उम्र बढ़ जाएगी, जिससे वे विवाह से पहले ग्रेजुएशन कर सकें।



**विवाह रजिस्ट्रेशन अनिवार्य:** भारत में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन व कई अन्य धर्मों में रीति-रिवाज से होने वाले विवाह को रजिस्टर्ड कराना अभी अनिवार्य नहीं है। लोग तभी रजिस्ट्रेशन कराते हैं, जब उन्हें पति-पत्नी के रूप में विदेश में जाना हो। यूसीसी में सुझाव है कि सभी धर्मों में विवाह का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। इसके बिना सरकारी सुविधा का लाभ नहीं दिया जाएगा।

**बहुविवाह पर रोक:** मौजूदा समय में कई धर्म और समुदाय के पर्सनल लॉ बहुविवाह को मान्यता देते हैं। खासतौर पर मुस्लिम समुदाय में तीन विवाह करने की अनुमति है। यूसीसी के लागू होने पर बहु-विवाह पर पूरी तरह से रोक लग जाएगी।

**हलाला और इद्दत खत्म-** मुस्लिम पर्सनल लॉ में तलाक के बाद अगर पति-पत्नी फिर से विवाह कर साथ रहना चाहें, तो मुस्लिम महिलाओं को हलाला और इद्दत जैसी प्रक्रियाओं से गुजरना होता है। यूसीसी के सुझावों को अगर कानून बनाकर लागू किया गया तो यह सब खत्म हो जाएगा। इन कानूनों की बाध्यता नहीं रहेगी।

## मणिपुर में फिर हुई फायरिंग, हिंसा जारी

### सेना ने प्रतिबंधित संगठन के 4 लोगों को गिरफ्तार किया; इंटरनेट 25 जून तक बैन

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**मणिपुर** में 3 मई से शुरू हुआ हिंसा का दौर मंगलवार को भी शांत नहीं हुआ। रात 11:45 बजे यहां के थंगजियांग में फायरिंग हुई। अधिकारियों के मुताबिक, ऑटोमैटिक हथियार के 15-20 राउंड फायर किए गए। मंगलवार को ही सेना ने प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट के चार सदस्यों को भी गिरफ्तार किया। उनके पास से 51 मिलीमीटर की मोर्टार और बम बरामद किया गया है। सेना ने ट्वीट कर जानकारी दी कि 19 जून की शाम को लिलोंग इलाके में चलाए गए चेकिंग अभियान में इन्हें पकड़ा गया है।



**हथियार बरामद**

● अधिकारियों के मुताबिक, ऑटोमैटिक हथियार के 15-20 राउंड फायर किए गए

**इंटरनेट 25 जून तक बैन, स्कूल 1 जुलाई तक बंद:** हालात को देखते हुए 4 मई से बंद स्कूलों की छुट्टियां 1 जुलाई तक बढ़ा दी गई हैं। पहले स्कूल 21 जून को खोलने की तैयारी थी। इस बीच मणिपुर के 1,500 बच्चों ने मिजोरम के स्कूलों में एडमिशन ले लिया है। मिजोरम के शिक्षा निदेशक लालसांग लियाना ने बताया कि विस्थापित बच्चों को सरकारी स्कूलों में मुफ्त में एडमिशन दिया गया। राज्य में इंटरनेट बैन को भी 25 जून तक बढ़ा दिया गया है। हालांकि मणिपुर HC ने राज्य सरकार को सीमित नेट सेवा प्रदान करने का निर्देश दिया है।

# चौदहवीं मशाल यात्रा का हुआ भव्य आगाज

**चौदहवीं मशाल यात्रा का भव्य आगाज :अरविंद कुमार , शिवपुरी**, जिला मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार ने व्ही एस मौर्या जेलर श्योपुर के नेतृत्व में शिवपुरी से झांसी के लिए महारानी लक्ष्मी बाई के बलिदान दिवस पर चौदहवीं मशाल यात्रा को हरि झंडी दिखा कर रवाना किया। अरविंद कुमार ने कहा कि लगातार चौदह वर्ष से जेलर साहब पैदल मशाल यात्रा निकाल कर हमारे अमर शहीदों के बलिदान से अवगत कराते हुए युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी है ।हम सभी ने व्ही एस मौर्या जेलर जैसे अधिकारी से प्रेरणा लेनी चाहिए कि अपने व्यस्तम समय में से समय निकाल कर हमारे अमर शहीदों को याद करते हुए युवाओं को शहीदों की कुबार्नी से अवगत कराने का काम करते हैं। शिवपुरी से तात्या टोपे की प्रतिमा को ग्यारह तोपों की सलामी के बाद मशाल में अग्नि प्रज्वलित कर जिला मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार, पुलिस अधीक्षक रघुवंश भदौरिया, कोलारस विधानसभा के विधायक बीरेन्द्र रघुवंशी, प्रहलाद भारती राज्य मंत्री, नगरपालिका की अध्यक्षा गीता शर्मा, पद्म भूषण से सम्मानित कर्नल गुरबक्स सिंह





ढिल्लन के पुत्र सर्वजीत सिंह ढिल्लन, लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण बोहरा एवं शिवपुरी के समाज सेवी संगठनों द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित कर मशाल यात्रा को झांसी की ओर रवाना किया गया। स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई के बलिदान दिवस पर यह दो दिवसीय यात्रा का प्रथम पड़ाव शिवपुरी की तहसील करैरा में रहा जिसका 18 जून को सुबह एस डी एम दिनेश शुक्ला ने हरि झंडी दिखा कर रवाना किया। मशाल जुलूस काम हर गांव एवं कस्बे में समाज सेवियों एवं अन्य सामाजिक संगठनों ने द्वारा भव्य स्वागत किया। वहीं दिनारा में काली मां मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष केदार गुप्ता एवं रक्सा व्यापार मंडल अध्यक्ष सतीश राय तथा झांसी व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज शुक्ला द्वारा मशाल यात्रा का झांसी पहुचने पर स्वागत किया। वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई पार्क झांसी मैं उनके बीपीएम जयहिंद मिशन एवं संत रैदास ट्रस्ट शिवपुरी द्वारा रानी लक्ष्मी बाई जीवन पर आधारित कार्यक्रम किया। झांसी की जनता एवं सामाजिक कार्यकताओं तथा जिला मजिस्ट्रेट झांसी रविंद्र कुमार एवं बिहारी लाल महापौर झांसी ने मशाल यात्रा को झांसी पहुचने पर सयुंक्त रुप से मशाल भव्य समारोह आयोजित कर ग्रहण किया। सांसद झांसी अरुण कुमार शर्मा ने बीपीएम जयहिंद मिशन के अध्यक्ष व्ही एस मौर्या जेलर श्योपुर का झांसी की रानी लक्ष्मी बाई के बलिदान दिवस के उत्साह के साथ याद करते हुए झांसी जनता को तो जागरूक किया ही है अपितु युवाओं में देशभक्ति भावना पैदा करने काम कार्य भी किया है। झांसी विधानसभा से विधायक रवि शर्मा द्वारा सभी यात्रा शामिल युवा एवं युवतियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के सदस्य हनुमान तिवारी, बीपीएम जयहिंद मिशन के उपाध्यक्ष आदित्य शिवपुरी, लल्ला पहलवान, तोपचालक गनेश झा, अध्यापक कुबेर धाकड़, सेंट जूट स्कूल के निदेशक रामलखन धाकड़, माया मौर्या, डॉक्टर कपिल मौर्या, हरियाणा से लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण बोहरा, वरिष पत्रकार रोशन लाल सोनीपत, फुलसिंह कुशवाहा इत्यादि सौकड़ो युवा मौजूद रहे।

# विधायक बड़ौली ने योग दिवस समारोह का किया शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया/राई**

आजादी का अमृत महोत्सव की श्रंखला में 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग के अंतर्गत एजुकेशन सिटी राई में स्थित डा. भीम राव अंबेडकर लॉ यूनिवर्सिटी में खण्ड स्तरीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ करते हुए विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली ने योग किया। विधायक बड़ौली ने कहा कि योग की शुरूआत भारत में पूर्व वैदिक काल से हुई मानी जाती है। योग हजारों साल से भारतीयों की जीवनशैली हिस्सा रहा है। यह भारत की धरोहर है, योग में पूरी मानव जाति को एकजुट करने की शक्ति है, यह ज्ञान, कर्म और भक्ति का आदर्श मिश्रण है। उन्होंने उपस्थित लोगों का आह्वान किया कि सभी योग को अपनी दिन चर्या का हिस्सा बनाएं तभी आप और हम स्वस्थ रह सकते हैं। योग सहायक सरिता बाल्याण ने अपने सहायकों की सहायता से प्रतिभागियों सभी योग क्रियाएं करवाई और उनसे शरीर में होने वाले फायदों के बारे में लोगों को अवगत करवाया।

# शहर सेक्टर-10 के स्टेडियम में ब्लॉक स्तर पर योग दिवस कार्यक्रम आयोजित

**स्वास्थ्य के साथ-साथ हमें अच्छे कर्म भी करने चाहिएं। ऐसा करके हमें जीवन में पुण्य अवश्य मिलता है**



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर खेल स्टेडियम सैक्टर-10 अम्बाला शहर में ब्लॉक स्तर पर योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करते हुए दीपशिखा प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपना संदेश भी दिया और इसका सीधा प्रसारण दिखाया गया, जिसे सभी ने देखा व सुना। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने योग प्रोटोकॉल के तहत योग की विभिन्न क्रियाएं उपस्थित प्रतिभागियों के साथ की। रितेश गोयल ने इस मौके पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज काफी संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए हैं और हम सब मिलकर योग दिवस को मना रहे हैं। योग हम सबके लिए जरूरी है, योग दो तरह से होता है, शरीर को स्वस्थ्य एवं मजबूत बनाए रखने के लिए योग बेहद जरूरी है। नाकारात्मक सोच से दूर रहने के लिए भी योग करना जरूरी है। तनाव को दूर करने में भी योग का अहम योगदान है। प्राणायाम के माध्यम से हम मानसिक रूप से मजबूत बन सकते हैं। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि योग की महत्वता बारे व जन-जन तक योग पहुंचे इससे लोग जुडें, इसके लिए हम सबको मिलकर कार्य करना है। उन्होने इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी से आहवान किया कि हर स्कूल में पांच मिनट का समय मैडिटेशन का रखा जाए ताकि इसको करके बच्चे भी स्वस्थ एवं निरोग रहें। योग साधक विशाल व नीरू अग्रवाल द्वारा योग की विभिन्न क्रियाएं करवाई गई हैं। हमें योग को नियमित रूप से करते हुए इसे जीवन में आत्मसात करना है। श्री गोयल ने इस मौके पर यह भी कहा कि चेहरे पर मुस्कान बनी रहे, इसके लिए भी योग जरूरी है। हम जब भी घर से बाहर निकलें, मुस्करा कर निकलें और जब घर वापिस आएं तो भी मुस्करा कर आएं।

ऐसा करके हम अपने जीवन को सुखमय बना सकते हैं। इस दौरान उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को यह भी कहा कि स्वास्थ्य के साथ-साथ हमें अच्छे कर्म भी करने चाहिएं। ऐसा करके हमें जीवन में पुण्य अवश्य मिलता है। उन्होंने कहा कि एक चम्मच हंसी और चुटकी भर मुस्कान, यही है जिन्दगी का आधार, यही है जिन्दगी की पहचान। इस मौके पर उन्होंने योग के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली संस्थाओं व अन्य को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस दौरान रितेश गोयल ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को यह भी कहा कि कार्यक्रम में विधायक असीम गोयल जी ने पहुंचना था लेकिन स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण वे नहीं आ सके। इस अवसर पर एसडीएम दर्शन कुमार ने मुख्य अतिथि को शॉल भेंट कर व स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन भी किया। एसडीएम दर्शन कुमार ने भी योग की महत्वता बारे सभी को जागरूक करते हुए इससे जुडने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर तहसीलदार हरिन्द्र पाल, बीईओ सतबीर सैनी, आयुष विभाग से डा0 राजेश कुमार, नीरू अग्रवाल, भारतीय योग संस्थान से विशाल वर्मा, पंतजलि योग समिति हरविन्द्र सिंह, अशोक कक्कड़, विनय वर्मा, योग सहायक रजनी, पार्षद पींकू सूद, संजय लाकड़ा, सुरेन्द्र ढींगरा, यतिन बंसल, प्रीतम सिंह, राजिन्द्र जिंदु के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में योग दिवस मनाया गया



**टीम एक्शन इंडिया/राई**

**ग्रुप केंद्र केंद्रीय** रिजर्व पुलिस बल खेवड़ा में स्थित केंद्रीय विद्यालय में हर आंगन योग के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन ग्रुप केंद्र केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सोनीपत के साथ परेड ग्राउंड में संयुक्त रूप से आयोजित किया। जिसमें हरियाणा के प्रतिष्ठित योग प्रशिक्षक प्रमिला और सुनील के द्वारा भारत सरकार द्वारा भेजे गए योग प्रोटोकॉल के अनुसार सभी योगासनों का अभ्यास करवाया । जिसमें सीआरपीएफ के जवानों के साथ विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर सिंगापुर गये विद्यालय के प्राचार्य अमन गुप्ता ने सिंगापुर से ही योग कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया।

# स्नैचिंग के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

जिला अम्बाला में कानों से बाली छीनने की हो रही वारदातों को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिहँ में नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए थाना नग्गल में दर्ज स्नैचिंग के मामले में 19 जून 2023 को आरोपी जसबीर सिहँ निवासी गाँव आनन्दपुर जलबेहड़ा अम्बाला शहर, जसबीर उर्फ जस्सी निवासी गावँ आनन्दपुर जलबेहड़ा अम्बाला शहर को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने 14 फरवरी 2023 को थाना नग्गल में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 14 फरवरी 2023 को इस्माईलपुर अमीपुर रोड के पास से किसी अज्ञात ने उसके दो कानों की सोने की बालियाँ छीन ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल को सौंप दी थी।

# संजीव गाँधी को बीजेपी सेवा प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया

**`टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता संजीव गाँधी को भारतीय जनता पार्टी सेवा प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति का पत्र जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा ने प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ तथा सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश खोला की सहमति से जारी किया।



संजीव गाँधी पिछले 40 वर्षो से भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्त्ता हैं और नि:स्वार्थ भाव से आमजन और पार्टी की सेवा करते आ रहे हैं। संजीव गाँधी ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर प्रभारी विप्लव देव प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा, पूर्व मीडिया सलाहकार मुख्यमंत्री हरियाणा राजीव जैन जी का और जिला भाजपा शीर्ष नेतृत्व का हृदयतल से धन्यवाद किया।

# मेरा छोटा सा परिवार हरी आ जाओ एक बार ...



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** श्रीराम हनुमान गुणगान प्रचार मंडल एवं श्रीराम मेहंदीपुर बालाजी सेवा संघ द्वारा मंगलवार रात मोहल्ला चांदुवाड़ा में निहाल सर्राफ के निवास पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान आचार्य क्रांति निर्मल ने की। सर्वप्रथम आचार्य राजेश बोहरा व पंड़ित हिमांशु शर्मा ने यजमान भारत भूषण व कृष्ण कुमार को परिवार सहित पूजन करवा बाबा की ज्योति प्रज्जवलित करवाई। इसके बाद गायत्री मंत्र व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारम्भ किया, जिसमें पंडित महेश शर्मा, पंडित विजय हल्दिया, विवेक निर्मल, दीपक शर्मा, चेतन जिंदल, विकास अग्रवाल तथा अमित संघी ने सुंदरकांड पाठ के दौहे चौपाइयों का अपने मधुर स्वर से गायन किया। पाठ समापन के बाद भजनों का दौर शुरू हुआ जिसमें गायक काशीराम पार्षद ने म्हारा गिरधर सां थारी बातां लागे म्हाने मीठी जी, अनिल लख्खा

**मोहल्ला चांदुवाड़ा में निहाल सर्राफ के निवास पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया**

ने मेरा छोटा सा परिवार हरी आ जाओ एक बार भजन सुनाकर सभी को भाव-विभोर कर दिया। वहीं परमानंद ने धमाल सुनाकर सभी को झूमने पर विवश कर दिया तथा आचार्य क्रांति निर्मल ने अपने भजन के माध्यम से बाबा का प्रसाद रूपी खजाना लुटाया । अंत में यजमान को बालाजी जी का चित्र भेंट कर मंडल द्वारा सम्मानित किया गया ।इस मौके पर मुख्य रूप से रिंकू, पूजा, कमलेश देवी, रामअवतार, लालचंद, शिवम, प्रवीण चौधरी, डॉ. मनोज, दीपक जैन, संजय गोयल, हुकुम सर्राफ, धर्मेंद्र, संदीप, सोनू सोनी , मनोज वालिया तथा महेश सोनी आदि सहित काफी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।

# मानवता को ज्ञान और भक्ति के एक सूत्र में पिरोने का एक मात्र साधन है योग: ज्ञानचंद

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**हरियाणा** विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि पूरे विश्व की मानवता को ज्ञान, कर्म और भक्ति के सूत्र में पिरोने का योग एक मात्र साधन है। इस योग के मार्ग पर चलकर प्रत्येक मानव की खुशहाली, मन की शांति, देश की तरक्की के मार्ग खुलने के साथ-साथ पूरे विश्व में एक नई उर्जा का संचार भी पैदा होता है। इस योग की महता को अब पूरा विश्व जान चुका है, इसलिए दुनिया के अधिकतर देश योग साधना के साथ लीन हो चुके है। इस योग की अलख पूरे विश्व में



जलाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। सरकार के इन प्रयासों से ही आज योग हर घर तक पहुंच चुका है और करोड़ों लोग योग साधना के साथ जुड़ चुके है।

विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता बुधवार को आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित जिला प्रशासन, आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग की तरफ से 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर ब्रहमसरोवर पुरुषोतमपुरा बाग में आयोजित जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, विधायक सुभाष सुधा, उपायुक्त शांतनु शर्मा, हरियाणाा पशुधन एवं डेयरी निगम के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा, भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान, जजपा के जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला, हरियाणा घुमंतू जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जय सिंह पाल, हरियाणा पिछड़ा वर्ग के प्रदेशाध्यक्ष रामकुमार रंबा, जजपा के वरिष्ठद नेता मायाराम, पूर्व मंत्री देवेंद्र शर्मा, उपमंडल अधिकारी सुरेंद्र पाल, नगराधीश हरप्रीत कौर, गांव कैंथल खुर्द के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने शिक्षक सुरेंद्र सैनी द्वारा किए गए शंखनाद के साथ दीप प्रज्जवलित करके विधिवत रुप से 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ किया। इसके उपरांत 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अमेरिका से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पानीपत से मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संबोधन को भी ब्रहमसरोवर पुरुषोतमपुरा बाग के चारों तरफ बैठे हजारों से भी ज्यादा योग साधकों ने सुना। इस दौरान विस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के वसुधैव कुटुम्बकम् के लिए योग के टैग हर घर आंगन योग के संदेश को साकार करने में योगदान देने वाली विभिन्न संस्थाओं को सम्मानित किया।

# योग कार्यक्रम का आयोजन किया गय

**पानीपत:** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रमुख डा. राजबीर आर्य के नेतृत्व में विश्व योग दिवस के अवसर पर पानीपत ग्रामीण विधान सभा के पाईट शक्ति केंद्र पर महर्षि दयानंद पार्क में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग शिक्षिका शिप्रा मिश्रा के निर्देशन में आसान व प्राणायाम किए गए। डा. राजबीर आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन योग जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज प्रतिदिन पाश्चात्य संस्कृति के अनुसरण से छोटे छोटे बच्चे व युवक हृदयाघात जैसी बीमारियों से मर रहे हैं। इन सबका कारण गलत आहार विहार एवम योग से विमुख होना है।

# विज ने वॉर हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में हजारों योग साधकों के साथ किए विभिन्न योग आसन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

हरियाणा के गृह, स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री अनिल विज ने कहा कि योग ऋषियों-मुनियों की धरोहर है। प्राचीन समय से ही योग की महत्वत्ता रही है। योग हिन्दुस्तान की विधा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से इस विधा को विश्व के कई देशों ने स्वीकार किया है। हमारा सौभाग्य है कि 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आज शाम को यूएनओ के सेंटर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिकन लोगों के साथ योग करेंगे जोकि हमारे लिए बड़े ही गर्व की बात है। अम्बाला छावनी के वार हीरोज मैमोरियल स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्यतिथि हजारों योग साधकों एवं अन्य को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री हरियाणा श्री मनोहर लाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपना संदेश भी दिया और इसका सीधा प्रसारण दिखाया गया, जिसे सभी ने देखा व सुना। इस मौके पर आयुष मंत्री अनिल विज ने प्रोटोकोल के तहत उपस्थित प्रतिभागियों के साथ योग की विभिन्न क्रियाएं की। उन्होंने योग आयोग की ओर से ह्लपुस्तक योगमय हरियाणा, योग सामान्य अभ्यासक्रम प्रोटोकॉल मासिक पत्रिका तथा राष्ट्रीय विचार गोष्ठीह्व सोविनीयर का भी विमोचन किया।

**प्रदेश में 6500 योगशालाएं खोलने का संकल्प, एक हजार बनकर तैयार : मंत्री**

आयुष मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रदेश के 6500 गांवो में योगशालाएं खोलने का संकल्प लिया है, 1000 योग शालाएं बनकर तैयार भी हो चुकी है और लगभग एक हजार योग शिक्षक भी भर्ती कर लिए गए हैं। आयुर्वेद और योग को बढ़ावा मिले इसके लिए कुरूक्षेत्र में 100 एकड़ भूमि में आयुष यूनिवर्सिटी स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है जिसमें आयुर्वेद से जुड़ी पांचो विदाओं आयुवेर्दा, योग, सिद्धा, यूनानी, होम्योपैथी के बारे में विद्यार्थी पढ़ाई करेंगे और इसकी सम्पूर्ण जानकारी हासिल करेंगे। आयुष यूनिवर्सिटी हरियाणा में विश्व की पहली यूनिवर्सिटी है। आज योग के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। आयुष को



बढ़ावा मिले इसके लिए पंचकूला में राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सालय बनाया जा रहा है जिसकी बिल्डिंग लगभग बनकर तैयार हो चुकी है। एम्स के बराबर यह चिकित्सालय होगा और इसमें 200 बैड की सुविधा के साथ-साथ अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

**योग को पाठ्यूक्रम में अनिवार्य किया जा रहा है :** हरियाणा में भी योग को बढ़ावा देने के लिए काम किए जा रहे हैं, मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने योग को पाठयक्रम में अनिवार्य करने के लिए कहा है और निजी स्कूलों को भी इसे करने बारे आह्वान किया है। उनका मानना है कि हरियाणा प्रदेश देश का ऐसा पहला प्रदेश है जहां पर योग को पाठयक्रम में शामिल करने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ-साथ योग को बढ़ावा देने के लिए योग आयोग की भी स्थापना की गई है। योग आयोग के माध्यम से भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कार्य किए जा रहे हैं। पिछले दिनों योग अयोग द्वारा 75 हजार सूर्य नमस्कार अभियान के तहत कार्यक्रम किए गये थे जिसमें स्कूली विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य ने भाग लेते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि आयुर्वेद को बढ़ावा मिलने के द्दष्टिगत ऐलोपैथिक दवाईयों की तर्ज पर आयुर्वेदिक दवाईयों की प्रतिपूर्ति हो और इस कार्य को भी किया जा सके, इसके लिए वह प्रयासरत हैं।

योग मानस ऐप को लांच किया : अनिल विज आयुष मंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि योग के तहत योग मानस ऐप भी लांच किया गया है। गुगल प्ले स्टोर से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। इस ऐप के माध्यम से योगशालाओं में योग के लिए अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। योगशाला में कितने योग शिक्षकों ने रजिस्ट्रर्ड करवाया है और वे कितने समय योग से जुड़ी क्रियाएं करवाते हैं। सारी सम्पूर्ण जानकारी डैस्कबोर्ड पर देखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं है, शरीर को स्वस्थ रखने की विदा है। नियमित रूप से योग करके हम मजबूत बन सकते हैं। अनावश्यक बीमारियों से बच सकते हैं। विज्ञानिकों द्वारा भी रिसर्च की गई है कि योग के द्वारा कई बीमारियां भी ठीक हो जाती है। मौके पर उपायुक्त डा. शालीन, पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा, अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती, एसडीएम सतिन्द्र सिवाच, हरियाणा योग आयोग से रजिस्ट्रार हरीश चंद, आयुष विभाग से सहायक निदेशक सुषमन, मंडल प्रधान राजीव डिम्पल, मंडल प्रधान अजय पराशर, किरण पाल चौहान, योग फैडरेशन अम्बाला के अध्यक्ष राजिन्द्र विज, शुभम विज, सुरेन्द्र तिवारी, श्याम अरोड़ा, बी.एस. बिन्द्रा, दीपक भसीन, रवि सहगल, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. शशिकांत शर्मा, जिला खेल अधिकारी राम निवास, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, योग आयोग के सदस्य पंकज कुमार, डा. मनीष कुकरेजा, मोनिका, प्रेम प्रकाश, धर्मपाल के साथ-साथ अन्य मौजूद रहे।

# योगी दिवस योगमय हुआ हरियाणा....

## तनाव मुक्त जीवन का माध्यम है योग, स्कूली पाठ्यक्रमों में भी शामिल किया गया है योग, स्कूली जीवन से ही योग अपनाएंगे तो सत्यार्थ प्रकाश के 'स्वस्थ शरीर में होता है स्वस्थ मस्तिष्क का निवास' को सही मायने में होगा चरितार्थः सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने कहा है कि योग हमारे जीवन को तनावमुक्त करने का एक साधन है। राज्य में स्कूली पाठ्यक्रम में योग को शामिल किया गया है ताकि स्कूली जीवन से ही योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाएंगे तो सही मायने में हम स्वामी दयानन्द सरस्वती के सत्यार्थ प्रकाश में दिए गए वाक्य ' स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है' को सही मायने में चरितार्थ कर सकते हैं। मुख्यमंत्री आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पानीपत के शिवाजी स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में योग साधकों और विद्यार्थियों को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत योगः कर्मसु कौशलम् से प्रारम्भ की। उन्होंने कहा कि योग विधि बहुत से रोगों में औषधि का काम करती है इसलिए हमें नित्य प्रति योग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रस्ताव पारित करवाकर अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्रदान करवाई और इस वर्ष उन्होंने योग को विश्व के लिए "वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग" को शीर्ष वाक्य देकर जी-20 समूह के देशों को भी मानव जीवन में योग के महत्व का संदेश दिया है।

**योग को बढ़ावा देने के लिए सभी करें प्रयत्नः** मुख्यमंत्री ने सभी से आह्वान किया कि योग को बढ़ावा देने के लिए सभी मिलजुलकर प्रयत्न करें। साथ ही उन्होंने कहा कि हम सभी योग साधकों का ये दायित्व बनता है कि हम हर व्यक्ति तक पहुंचकर सभी को योग के प्रति प्रेरित करें ताकि हमारा हर घर आंगन योग का सपना साकार हो और हमारा प्रदेश और देश स्वस्थ हो।

**मेरे जीवन का हिस्सा है योगः** मुख्यमंत्री ने कहा कि योग मेरे जीवन का हिस्सा है। मैं स्वयं रोज लगभग 45 मिनट योग और व्यायाम करता हूँ। योग करने से व्यक्ति की कार्य करने की क्षमता में वृद्धि होती है। इसलिए सभी को नित्य प्रति योग करने का क्रम अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग करने से व्यक्ति तनाव मुक्त हो जाता है और इससे शरीर स्वस्थ रहता है तथा जीवन में आनंद की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि हम योग करेंगे तो परिणाम अच्छे दे पाएंगे और शरीर तरोताजा रहेगा। उन्होंने योग के प्रकारों का भी अपने सम्बोधन में जिक्र किया। हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया और साथ-साथ विभिन्न योगों के लाभ भी बताए।






### योग हमारी सांस्कृतिक विधाः जेपी नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
गुरुग्राम जिला में आज 'हर घर आंगन योग' थीम के तहत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस गरिमामयी ढंग से मनाया गया। सैक्टर-38 के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में आयोजित योग दिवस समारोह में राज्यसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की व योगाभ्यास किया। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में भिवानी -महेंद्रगढ़ के सांसद धर्मबीर सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि व भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ भी उपस्थित रहे। समारोह में जेपी नड्डा ने जिले वासियों के साथ योगाभ्यास करते हुए अन्य लोगों को इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। मीडिया प्रतिनिधियों से रूबरू होते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि कहा 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली में योग दिवस का प्रस्ताव रखा था, जिसको रिकॉर्ड मार्जिन के साथ सभी देशों ने समर्थन दिया था और तब से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग हमारे देश की परंपरा है। यह देश के लिए बहुत गर्व की बात है कि आज दुनिया के 192 देश योग कार्यक्रम कर रहे हैं, दुनिया हमारे देश की परंपरा को अपना रही है। उन्होंने कहा कि योग हमारी संस्कृति के साथ जुड़ी ऐसी विधा है जो हमारे मन, आत्मा, बुद्धि और शरीर को जोड़ता है। यह विधा दुनिया को सुख शांति से जीने की कला सिखाती है और किस तरीके से एक सुखद जीवन जिया जाए, एक बैलेंस जिंदगी के साथ जीने का तरीका भी बताती है। योग मन को शांत और शरीर को स्वस्थ रखता है।

नड्डा ने योग को वैश्विक स्तर की पहचान दिलाने व इसके प्रचार व प्रसार का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री आज न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय में योग दिवस मनाएंगे। उन्होंने कहा कि आज देश में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जा रहा है, जो बताता है कि इससे जीवन में कितना बदलाव आता है। जीवन सुखद और स्वस्थ रहता है। लोगों को योग में अपने आप को शामिल करना चाहिए।

### तुलसी पौधा, श्रीमद्भागवत गीता भेंट कर किया सम्मानित




**आयुष** विभाग के महानिदेशक एवं मण्डलायुक्त डॉ. साकेत कुमार ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए तुलसी पौधा और श्रीमद्भागवत गीता भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक महिपाल ढांडा, प्रमोद विज, मेयर श्रीमती अवनीत कौर, उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया, पुलिस अधीक्षक अजीत शेखावत एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में योग करने आये गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### 'योग केवल एक दिन ही नहीं, इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाएं'



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने नागरिकों से योग करने का आह्वान करते हुए कहा कि योग को केवल योग-दिवस के दिन ही नही बल्कि इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। हम सभी प्रण लें कि योग को जीवनशैली के सुधार एवं मन की एकाग्रता के लिए इसे अपनाते हुए आगे बढ़ाने का काम करेंगे। डिप्टी सीएम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि योग साधकों को सम्बोधित कर रहे थे।
इस अवसर पर प्रिंटिंग एंड स्टेशनरी राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह भी मौजूद थे। दुष्यंत चौटाला ने पंचकूला के लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि वर्ष 2015 से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर निरंतर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आज के लाइव प्रसारण संदेश का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में दूरगामी एवं जटिल स्थानों पर भी योग को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने मानसिक संतुलन के लिए योग को अत्यंत लाभकारी बताते हुए कहा कि आज दुनिया भर के करीब 177 देशों में योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। भारतीय योग पद्धति को विश्व भर में अपनाया गया है। वर्तमान में अत्यधिक तनाव के मामलों में दुनिया भर में सुझाव दिया जाता है कि कैसे योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाकर इससे बचा जा सकता है।

इससे पूर्व , उपमुख्यमंत्री ने हजारों लोगों के साथ योग आसनों का अभ्यास भी किया।
प्रिंटिंग एंड स्टेशनरी राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह ने भी अपने संबोधन में योग की महता पर प्रकाश डालते हुए आयोजकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित करने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि योग द्वारा ही मन व शरीर को एकाग्र कर सकते हैं। अतिरिक्त उपायुक्त वर्षा खांगवाल ने जिला प्रशासन की ओर से मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला सहित अन्य सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए योग दिवस कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी।



पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति रविशंकर झा व अन्य न्यायधीश 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, के अवसर पर न्यायालय परिसर में योग करते हुए।

### कुरुक्षेत्र के उमरी में एनआईडी को 3 एकड़ अतिरिक्त भूमि आवंटित की

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** सरकार राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी), उमरी, कुरुक्षेत्र को 3 एकड़ अतिरिक्त भूमि आवंटित करेगी। इसके बाद, एनआईडी के पास 23 एकड़ का परिसर क्षेत्र होगा और यह शिक्षकों और छात्रों के विकास के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान भी करेगा।

मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में आज हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस भूमि का उपयोग संस्थान के विस्तार की सुविधा के लिए एक छात्रावास और अन्य भवन ब्लॉकों के निर्माण के लिए किया जाएगा।
मुख्य सचिव ने बताया कि 3 एकड़ भूमि में से 2 एकड़ भूमि विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा प्रदान की जाएगी, जबकि शेष 1 एकड़ राजकीय पॉलीटेक्निक, उमरी, कुरुक्षेत्र द्वारा प्रदान की जाएगी। मुख्य सचिव ने एनआईडी जैसे शिक्षण संस्थानों को आवश्यक संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराने के महत्व पर बल भी दिया। उन्होंने बताया कि यह निर्णय नवाचार और रचनात्मकता के अनुकूल माहौल बनाने में सहायक सिद्ध होगा जिससे छात्रों को डिजाइनिंग1 के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, मुख्य सचिव ने कुरुक्षेत्र के उपायुक्त को एनआईडी में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए राज्य सरकार की क्लस्टर योजना के तहत ठेकेदार द्वारा उचित अपशिष्ट निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

### महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने जींद में किया योगाभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में योग पूरे विश्व में फैला हैं, यह भारत के लिए गर्व की बात है। हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा योग के प्रचार प्रसार के लिए योग आयोग का गठन किया गया। प्रदेश में योग को पाठ्यक्रम में भी शामिल किया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा सभी गांवों में योगशालाएं भी बनाई जा रही हैं। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने जींद में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित योग दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की और शहरवासियों के साथ योग क्रियाएं की। उन्होंने लोगों से नियमित तौर पर योग को करने की अपील की।

**▶▶ गर्भवती महिलाओं में एनीमिया के लक्षणों की पहचान कर उसे दूर करने के लिये भी अभियान चलाये जा रहे हैं**

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को योग की क्रियाएं भी करवाई जाती है ताकि बच्चे स्वस्थ रहे और कुपोषण से दूर रहें । महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं व बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। विभाग द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड भी रखा जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके की बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार किया जा रहा है। दूसरी ओर गर्भवती महिलाओं में एनीमिया के लक्षणों की पहचान कर उसे दूर करने के लिये भी अभियान चलाये जा रहे हैं और उन्हें भी योग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

**प्रदेश के प्रत्येक गांव में खोली जाएंगी व्यायामशालाएंः देवन्द्र बबलीः** आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में महाबीर स्टेडियम में बुधवार को आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में नौवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

### योग को अपनी दिनचर्या का बनाएं हिस्साः कंवर पाल

#### योग शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनने का मूल मंत्र

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनने का मूल मंत्र है। योग स्वस्थ जीवन जीने की एक पद्धति है। आज की भौतिक भाग-दौड़ को देखते हुए योग का अभ्यास अति आवश्यक है क्योंकि सबसे बड़ा सुख शरीर का स्वस्थ होना है, जिसकी प्राप्ति योग से होती है। यदि आपका शरीर स्वस्थ है तो आपके पास दुनिया की सबसे बड़ी दौलत है। कंवर पाल आज 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जगाधरी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को स्क्रीन के माध्यम से लाईव सुना। 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस वसुधैव कुटुम्बकम के लिए थीम पर आयोजित किया गया। स्कूल शिक्षा मंत्री ने उपस्थित जनसमूह को योग दिवस की शुभकामनाएं दी और कामना की कि योग आपके जीवन का अभिन्न अंग बने तथा स्वस्थ व खुशहाल रहें। उन्होंने कहा कि योग हमें अपनी महान संस्कृति और परम्पराओं से जोडकर रखता है। उन्होंने कहा योग को अनगिनत लोगों ने अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाया है।

### मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने को अग्रसरः डॉ. कमल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगासन व प्राणायाम में लगभग 2,000 योग साधकों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्चुअली योग साधकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का संदेश देते हुए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता आज रोहतक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। डॉ. कमल गुप्ता ने इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है तथा इस आयोजन से देश मजबूत हुआ है।

### सर्वोत्तम विकास करवाया जाएगा दादरी जिले काः डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने आज चरखी दादरी पहुंचकर इस जिला के लिए 50 करोड़ रूपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने दादरी शहर में बीस से अधिक जनसभाओं, व्यापारिक संगठनों, दुकानदारों, पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार दादरी जिला को सुव्यवस्थित ढंग से विकसित करना चाहती है तथा इस दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। आने वाले समय दादरी प्रदेश के सबसे सुंदर जिलों में से एक होगा।
उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने दादरी की नई सब्जी मंडी में व्यापारियों की एक सभा को संबोधित किया और यहां करीब 54 लाख रूपए की लागत से बनने वाले शेड की आधारशिला रखी। इस शेड के नीचे 140 मासाखोर सब्जी बेच सकेंगे। इसके बाद गामड़ी के समीप बन रही हसाण पाना की जाट धर्मशाला को उपमुख्यमंत्री ने 15 लाख रूपए का अनुदान देने की घोषणा की। उन्होंने गामड़ी में टूटी हुई सडक को चौड़ा और सुंदर बनवाने के लिए एचएसवीपी को आदेश दिए।
पूर्णमार्केट में दुकानदारों को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने नगरपरिषद को यहां स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय बनवाने के निर्देश दिए।




उप मुख्यमंत्री ने दादरी के लोकनिर्माण विश्रामगृह में गांव नीमली, पैंतावास कलां, कितलाना-छपार, नेशनल हाईवे 148 बी से दादरी कनाल, दादरी बाईपास, कारी तोखा, पालड़ी, कपूरी, चंदेनी-रामलवास, बीजना-चंदेनी, बालरोड-चांगरोड, कादमा-बडराई, चांगरोड-बलकरा, झोझू-बधवाना, कादमा-कान्हड़ा, किशनपुरा, नावा बडराई, नौसवां, उमरवास, चंदेनी-रूदडोल, ढाणीसुरजा, ढाणी नांधा की सडकें तथा बिरहीं कलां और बादल गांव के अमृत सरोवरों की आधारशिला रखी। इन विकास कार्यों पर 50 करोड़ रूपए खर्च होंगे।
दुष्यंत चौटाला ने इस अवसर पर कहा कि दादरी में नया बसस्टैंड, मेडिकल कालेज, पुलिस लाईन, जेल, आवासीय परिसर आदि बनवाने के लिए करीब सौ एकड़ भूमि को ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से खरीदा जाएगा और जमीन मिलते ही इन परियोजनाओं पर जल्दी काम शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दादरी के लघु सचिवालय का निर्माण कार्य प्रगति पर है। दादरी शहर में बरसाती पानी और सीवरेज सिस्टम की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए करोड़ों रूपयों के नए प्रोजेक्ट बनाकर मंजूरी दिलवा दी गई है। इनके टैंडर होते ही काम शुरू हो जाएगा।

### 'पलवल के गदपुरी में 25 जून को होगी विकास रैली'

**पलवलः** केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने स्थानीय विश्राम गृह में प्रेस वार्ता कर मोदी सरकार के 9 सालों के उपलब्धियों को गिनाते हुए। 25 जून को गदपुरी टोल प्लाजा पर होने वाली पार्टी की रैली के लिए लोगों को न्योता दिया। इस अवसर पर पत्रकारों के द्वारा पलवल के विकास को लेकर पूछे गए सवालों पर मंत्री जी कोई जवाब नहीं दे पाए। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने पत्रकारों के समक्ष केंद्र सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों को गिनाया। वहीं प्रदेश सरकार के लगभग साढ़े आठ वर्ष में मनोहर लाल की सरकार में हुए जन जन के विकास और कृषि क्षेत्र में किसानों को दी गई विशेष सुविधा और योजनाओं के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि पहले प्रदेश में किसानों की जमीन मात्र 24 लाख रुपये में सरकार धक्के से खरीद लेती थी। अब मनोहर सरकार ने किसान की सहमति से जमीन लेकर करोड़ों रुपए का मुआवजा दिया है।

### गुरुग्राम में मूसलाधार बारिश के बीच हाईवे पर लगा 8 किमी लंबा जाम

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम,**
**बरसाती** पानी की निकासी के बरसात से पूर्व पुख्ता प्रबंध, ऑल इज वैल बताने वाले अधिकारियों की पोल एक बार फिर से मात्र 2 घंटे की मूसलाधार बरसात ने खोल दी है। हालांकि कुछ घंटे धीमी-धीमी बरसात भी होती रही। इस समय अंतराल में 47एमएम बारिश हुई। बारिश से जलभराव हुआ और देखते हुए दिल्ली-गुरुग्राम-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर 8 किलोमीटर से भी अधिक लंबा जाम लग गया। आम जनता ने इस जलभराव पर फिर से अधिकारियों की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा किया है।

**मूसलाधार बरसात**
- एक बार फिर से गुरुग्राम के ना डूबने के दावे हुए फेल,
- खर्च हो रहे करोड़ों रुपयों को लेकर जनता ने उठाए सवाल

हालांकि जाम खुलवाने, खराब गाडि ?ों को निकलवाने में यातायात पुलिस कर्मी लगातार सक्रिय रहे। बुधवार की सुबह बारिश ना तो दिल्ली में हुई और ना ही गुरुग्राम के आसपास के क्षेत्रों में। सब जगह सूखा था और गुरुग्राम में झमझाम बारिश हो रही थी। देखते ही देखते बारिश मूसलाधार शुरू हो गई और पानी भरता गया। हाईवे के अलावा अनेक निचली कालोनियों, नालों, नालियों में पानी इतना अधिक भर गया कि गंदा पानी भी बरसात के पानी में मिल गया। सड़कों पर गंदा पानी बहता रहा। नालों की गंदगी ओवरफ्लो से सड़कों पर आ गई। गुरुग्राम-जयपुर हाइवे पर दोनों ओर से सर्विस लेन पानी में डूब गई। पानी हाइवे तक भी पहुंच गया और जाम की स्थिति बनती गई। यहां हीरो होंडा चौक से लेकर खेड़कीदौला टोल तक करीब 8 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। इस कारण यहां की कंपनियों में पहुंचने के लिए स्टाफ को काफी परेशानी हुई। हीरो होंडा चौक से थोड़ा आगे बहरामपुर और दूसरी तरफ नरसिंहपुर क्षेत्र में कई फुट पानी सर्विस लेन व हाइवे पर भरा रहा। इसी तरह से झज्जर से गुरुग्राम में प्रवेश के लिए बसई में भी बरसात का गहरा पानी भरा रहा। करोड़ों रुपये अब तक बसई में बरसाती पानी की निकासी के नाम पर खर्च किए जा चुके हैं। दिल्ली-गुरुग्राम-जयपुर हाईवे को तो शायद वरदान ही है कि जब भी बरसात आएगी यहां पर गहरा जलभराव होगा ही होगा।



## संपादकीय

# भारत अमेरिकी संबंधों पर टिकी निगाहें

**अमेरिका** का भारत के साथ संबंधों का इतिहास बहुत मधुर नहीं रहा है पर अब लगता है कि अमेरिकी संबंधों की विश्वसनीयता की धूल धीरे धीरे हटने लगी है' पिछले एक दशक से प्रधानमंत्री मोदी के भारत में सत्ता में आने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपतियों बराक ओबामा ,डोनाल्ड ट्रंप, और अब जो बायडेन से अच्छे संबंधों के चलते भारत और अमेरिका काफी नजदीक आ गए हैं और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 3 दिन की अमेरिकी स्टेट विजिट से अमेरिका तथा भारत के संबंधों से संदेह के बादल हटने लगे हैं' इस यात्रा से भारत और अमेरिका की मित्रता एक नई ऊंचाई तथा सोपान को मूर्त रूप देने में कामयाब होने की काफी आशाएं हैं' प्रधानमंत्री ने वहां की आधिकारिक प्रेस वार्ता में स्पष्ट कर दिया है कि भारत टठस्थ तो है पर वह शांति का पक्षधर है' भारत और अमेरिका के बीच 5 सूत्रों में डायलॉग होंगे जो मुख्यतः स्वास्थ्य सेवाओं, नवीन ऊर्जा, शिक्षा तथा रक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित होंगे' उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भी प्रधानमंत्री न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के आमंत्रण पर न्यूयॉर्क के संयुक्त राष्ट्र संघ मुख्यालय के समक्ष हजारों की भीड़ में योग अभ्यास करेंगे और इसमें लगभग 180 देश शामिल होने की संभावना है भारतीय सनातन परंपरा की धरोहर योग विद्या का अवधान भारत विश्व को प्रदान करेगा उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 22 जून 1917 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था और इसके अंतर्गत पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जाता है। यह भारत सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है' इतिहास गवाह है कि 1998 में ऑपरेशन शक्ति के तहत भारत ने अमेरिका के सेटेलाइट को चकमा देकर पोखरण में दूसरा परमाणु परीक्षण किया था जिसके फलस्वरूप अमेरिका ने भारत पर कई प्रतिबंध लगा दिए थे। उसके पश्चात तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश जूनियर के बीच एक महत्वपूर्ण परमाणु सौदा हुआ था जिसके अंतर्गत भारत और शक्तिशाली देशों में शामिल हुआ था जिसके पास परमाणु शक्ति थी' इसी तारतम्य में 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ एक रणनीतिक साझेदारी भी हुई थी जिससे भारत और अमेरिका के संबंध मजबूत हुए थे। 2020 में भारत अमेरिका के संबंधों का एक नवीन सोपान शुरू हुआ था जिसमें भारत के प्रधानमंत्री का स्वागत डोनाल्ड ट्रंप ने ह्यूस्टन में किया था जहां 50,000 से ज्यादा लोग शामिल हुए थे' प्रधानमंत्री की 21 से 24 जून 23 तक की यात्रा में भारत तथा अमेरिका के बीच कई समझौता होने की संभावना दिखाई दे रही है' भारत अमेरिका के साथ जेट इंजन के निर्माण में टेक्नोलॉजी स्थानांतरण का समझौता करेगा यह समझौता एक अरब डॉलर का होगा' इसके अलावा भारत के प्रधानमंत्री अमेरिका में एक्सपर्ट विशेषज्ञ से भी चर्चा करेंगे जिनमें वीजा की संख्या में बढ़ोतरी और उस पर सरलीकरण पर चर्चा होगी इसके अलावा भारत और अमेरिकी सरकार के बीच हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती दखलंदाजी पर नियंत्रण रखने हेतु नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच वन तू वन चर्चा होगी' उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में ही मई में अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री की अनेक तारीफ कर उनसे गले लग कर उनसे ऑटोग्राफ चाहने की भी पेशकश की थी।

# विपक्षी एकता की बैठक के पूर्व बढ़ रही है नीतीश की टेंशन

अशोक भाटिया

> "बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भी सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पीडीए फॉर्मूले को खारिज करते हुए इसे तुकबंदी करार दिया। बसपा प्रमुख ने कहा कि सपा की ओर से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के जवाब में पीडीए का राग केवल तुकबन्दी के सिवाय और कुछ नहीं है। मायावती ने कहा कि इनके पीडीए का वास्तविक अर्थ है- परिवार, दल, अलायंस है और यहीं तक यह पार्टी सीमित है। इसीलिए अखिलेश ने जिन वर्गों के लोगों का जिक्र किया है वे जरूर सावधान रहें। इससे पहले बीते दिन भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा था कि उनका पीएम का चेहरा कौन होगा?"

**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार केंद्र का मौजूदा सरकार के खिलाफ नेता बनना तय नहीं है लेकिन वह इसके अगुवा जरूर बन गए हैं। जो अगुवा होता है, झेलता ही है। मौके पर बीमार भी पड़ जाता है। रूठता-मनाता भी है। नीतीश कुमार इसी स्थिति में हैं। वह मंगलवार को तमिलनाडु जाते-जाते रुक गए। इससे पहले 12 जून को विपक्षी दलों की बैठक होते-होते रुक गई। अब 23 जून को बैठक होते-होते कई बैठकें होंगी। 12 जून की बैठक रद्द होने की वजह भी कांग्रेस थी और अब भी जो हो रहा है, जिम्मेदार वही है। कैसे, यह समझें तो इस बात का अनुमान लगाना मुश्किल नहीं होगा कि विपक्षी दलों को मैनेज करना कितना मुश्किल है या होने वाला है। राष्ट्रीय दलों का क्षेत्रीय दलों से रिश्ता बदलता रहता है। कांग्रेस और भाजपा के साथ यह देखा जाता रहा है। जहां तक विपक्षी दलों के बीच संबंध का सवाल है तो कांग्रेस के साथ भी यही होता रहा है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के बीच झंझट जगजाहिर है। एक तरफ विपक्षी एकता को लेकर होने वाली बैठक की तारीख नजदीक आ रही है तो दूसरी तरफ यह तनाव घटने की जगह बढ़ता रहता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बात कर ही आगे बढ़े लेकिन जब-तब कांग्रेस-तृणमूल के बीच गतिरोध की खबरें आ ही रही हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के साथ भी कांग्रेस का यही रिश्ता है। स्टालिन की कांग्रेस से नाराजगी भी जगजाहिर है हालांकि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने देर शाम विपक्षी एकता की बैठक में शामिल होने की पुष्टि कर दी। ममता बनर्जी 23 जून को विपक्षी एकता के लिए पटना की बैठक में रहेंगी लेकिन उन्हें मैनेज करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष व पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद को उठानी पड़ रही है। कांग्रेस को मैनेज करने में भी लालू की अहम भूमिका रही है। 23 जून को राहुल गांधी विपक्षी दलों की बैठक से पहले कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में अपनी पार्टी के लोगों से मिलेंगे तो इधर इसी बैठक से पहले ममता बनर्जी की लालू प्रसाद से मुलाकात होगी। लालू-ममता की मुलाकात के दौरान नीतीश भी रह सकते हैं। मुलाकात का एजेंडा ही है कि कांग्रेस के साथ तृणमूल का बाकी मामलों में जैसा भी रिश्ता हो, केंद्र की नरेंद्र मोदी



सरकार के खिलाफ एकजुटता में कमी नहीं आए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन अबतक विपक्षी एकता की बैठक से दूरी बनाए रखने पड़ अड़े हैं। कांग्रेस इसकी एक बड़ी वजह है। स्टालिन के साथ बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का रिश्ता इधर अच्छा है। वह स्टालिन के जन्मदिन पर भी जा चुके हैं। तमिलनाडु ने बिहार के यूट्यूबर मनीष कश्यप के खिलाफ एक्शन चाहा तो तेजस्वी यादव ने उसमें भी सक्रियता दिखाई, हालांकि आरोप यह भी रहा कि तेजस्वी के कारण ही तमिलनाडु ने उसे टारगेट किया। वह बात फिलहाल दरकिनार है, लेकिन मंगलवार को जब नीतीश कुमार तमिलनाडु नहीं गए तो चर्चा चल निकली कि स्टालिन अपनी जिद पर रहेंगे, इसलिए उड़ीसा की तरह तमिलनाडु से नीतीश कुमार खाली हाथ नहीं लौटना चाहते हैं। नीतीश के बीमार होने की जानकारी दी गई, लेकिन विपक्षी एकता को लेकर मुख्यमंत्री जिस तरह से अभियान चला रहे हैं- तबीयत बहुत मायने नहीं रखती है। दूसरी तरफ भाजपा नेताओं की नजरे भी 23 जून के इस आयोजन की तरफ लगी हुई है केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को तंज कसते हुए कहा कि जो विपक्ष के नेता बिहार जा रहे हैं, उन्हें नीतीश कुमार से वहां चल रहे भ्रष्टाचार के बारे में पूछना चाहिए। बिहार में 1750 करोड़ रुपये का पुल एक बार नहीं कई बार ताश के पत्तों की तरह ढह गया। वहां एंबुलेंस का सैकड़ों करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। गठबंधन का आधार भ्रष्टाचार करने वाली पार्टियों का इकट्ठा होना नहीं हो सकता। ये भ्रष्ट पार्टियों का गठबंधन नहीं होना चाहिए। उन्हें ये भी बताना चाहिए कि उनके गठबंधन का नेता कौन है। अखिलेश यादव ने शनिवार को लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की बड़ी हार का दावा करते हुए कहा था कि आने वाले लोकसभा चुनाव में पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यकों की एकता भाजपा नीत एनडीए पर भारी पड़ेगी। भाजपा साल 2014 में सत्ता में जैसे आई थी, 2024 में उसकी वैसे ही उम्र से विदाई होगी। 2024 में पीडीए (पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों) की एकता भाजपा और एनडीए पर भारी पड़ेगी। भाजपा नेता और उत्तरप्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विपक्ष के पास कोई एजेंडा नहीं है और अगर वे एकजुट भी हो जाएं तो भी लोग उनका समर्थन नहीं करेंगे। जनता 2024 के चुनाव में पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा को 350 से ज्यादा सीटें देने को तैयार है। उन्होंने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं पीडीए का मतलब बता रहा हूं। पी का मतलब परिवारवाद, डी से दंगा और ए से अपराधियों का संग इसलिए उनका पीडीए वह नहीं जो वे बता रहे हैं। पिछड़े वर्ग ने उनको नकार दिया है। दलित उनको देख नहीं सकता क्योंकि सत्ता में रहते हुए उन्होंने काफी दमन किया है। दूसरे दल भी मौका नहीं छोड़ रहे । बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भी सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पीडीए फॉर्मूले को खारिज करते हुए इसे तुकबंदी करार दिया। बसपा प्रमुख ने कहा कि सपा की ओर से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के जवाब में पीडीए का राग केवल तुकबन्दी के सिवाय और कुछ नहीं है। मायावती ने कहा कि इनके पीडीए का वास्तविक अर्थ है- परिवार, दल, अलायंस है और यहीं तक यह पार्टी सीमित है। इसीलिए अखिलेश ने जिन वर्गों के लोगों का जिक्र किया है वे जरूर सावधान रहें। इससे पहले बीते दिन भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा था कि उनका पीएम का चेहरा कौन होगा? ममता तो कह रही हैं कांग्रेस पार्टी सीपीएम से दोस्ती करेगी तो मैं नहीं आऊंगी, मैं विरोध करूंगी। ये आपस में ही खटपट हैं। ये कुर्सी के लिए स्वार्थी लोगों का एक गठबंधन है वे अकेले पीएम मोदी का मुकाबला नहीं कर सकते हैं, वे इसे एक साथ करने की कोशिश कर रहे हैं। देश स्थाई सरकार चाहता है आपस में लड़ने वाले लोगों का रगड़ा नहीं चाहता है। भाजपा के आरोपों पर विपक्षी नेताओं ने भी पलटवार किया है। कांग्रेस नेता गौरव वल्लभ ने कहा कि रविशंकर प्रसाद, आप चाहे जितनी कोशिश कर लें, लेकिन आप दोबारा कैबिनेट में शामिल नहीं होंगे। जहां तक हमारे प्रधानमंत्री उम्मीदवार का संबंध है, हमारी बैठक जनता के समान मुद्दों और एजेंडे पर चर्चा पर केंद्रित होगी। हम आपको अपना पीएम का चेहरा भी बताएंगे और कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, ये भी बताएंगे। आप धैर्य रखें। टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने कहा कि रविशंकर प्रसाद जो कहते हैं उसका कोई महत्व नहीं है। उनकी अपनी पार्टी ने उन्हें मंत्रालय से हटा दिया था। 23 को पटना में विपक्ष की बैठक मोदी का विकल्प प्रदान करने का तरीका खोजने के लिए है। मोदी की सरकार स्वार्थी, सांप्रदायिक, संकीर्ण और अडानी पर निर्भर रही है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने कहा कि 23 जून को हम सब पटना में मिल रहे हैं। उद्धव ठाकरे यहां से जाएंगे, शरद पवार भी जाने वाले हैं। पूरे देश से लोग वहां आएंगे, हम वहां एक चर्चा करेंगे। हम सब एक साथ हैं और रहेंगे। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्ष की एकता बयानों से ज्यादा अहम है। भाजपा के खिलाफ एक साझा उम्मीदवार जरूरी है।

## कविता

**आओ उजालों से कुछ सीख लेते है'**

आओ उजालों से कुछ सीख लेते है,
ताजी हवाओ से उमंगें भर लेते हैं।
जमाने की तमाम बुराई रखे एक तरफ,
फूलों से दो पल,मुस्कुराना सीख लेते है।
पतझड़ में पत्तो को समेट देते है किनारे,
सावन की फुहारो से मन भिगो लेते है
कलिओ के साथ दो पल खिल लेते है,
भवरों संग प्रेम गीत गुन-गुना लेते हैं।
कितना विलाप करे जिंदगी का भी अब,
नन्हो संग खिलखिलाना सीख लेते है।
सुरज सुबह उगता, शाम अस्त होता हि है,
उजालों के संग कुछ मौज मना लेते है।
जीवन कभी डाल-डाल कभी पात-पात,
जिंदगी से जीना जिलाना सीख लेते हैं।
संसार में निराशा की गुंजाइश नहीं,
सूरज से कुछ चलो रौशन हो लेते है।

संजीव ठाकुर

# फ्रीबीज बनाम जनकल्याणकारी योजनाएं!

**सुनील कुमार महला**

**आज** राजनीति का स्तर लगातार गिरता चला जा रहा है। राजनीति का मतलब आज सेवा नहीं अपितु मेवा खाना हो गया है। देश में आजकल रेवड़ी कल्चर खूब प्रचलन में है।यह तथ्य आज किसी से भी छिपा हुआ नहीं कि रेवडि?ं बांटने की राजनीतिक संस्कृति ने न जाने कितने देशों को तबाह किया है। आज राजनीति का मतलब है रेवड़ी कल्चर।आम आदमी को रेवड़ियां बांटकर वोट हथियाना शायद आज की राजनीति का प्रमुख हथियार हो गया है।एक समय था,जब लोग राजनीति में समाज सेवा,देश सेवा, सामाजिक सरोकारों के लिए आते थे। राजनीति का असली धर्म भी सेवा ही तो है लेकिन आज इसके उलट देखने को मिल रहा है और राजनीति आज तुच्छ राजनीति हो चली है, यहां स्वार्थ और लालच की नदियां बहती है, देश व समाज चाहे भाड़ में जाए,किसी को देश व समाज से कोई लेना देना अथवा कोई सरोकार नहीं रह गया है। सच तो यह है कि रेवड़ी कल्चर आज के राजनीतिक गलियारों का प्रमुख शब्द हो गया है, सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर हम रोज रेवड़ी कल्चर की बातें पढ़ते ही हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि कुछ समय पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी रेवड़ी कल्चर को लेकर सवाल उठाए थे। दरअसल, रेवड़ी एक मिठाई होती है और राजनीति में रेवड़ी का अर्थ आमजन को राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा उपलब्ध कराई गई मुफ्त की विभिन्न स्कीमों से लिया गया है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेवड़ी कल्चर को देश व समाज के लिए अत्यंत घातक बताया था। आज हमारे देश की राजनीति का स्वरूप बहुत बदल चुका है और आज की इस मुकाम पर पहुंच चुकी है कि राजनेता 'रेवड़ी कल्चर' से ऊपर सोच ही नहीं सकते। चुनाव नजदीक आते-आते देश में हर तरफ रेवड़ियां बांटने की राजनेताओं में व राजनीतिक दलों में होड़ लग जाती है कि कौन-सी पार्टी कितनी रेवड़ियां आमजन में बांट सकती है। वास्तव में, आज जरूरत इस बात की है कि हमें जल्द ही देश की राजनीति से इस रेवड़ी कल्चर को हटाने की जरूरत है। इन रेवड़ी कल्चर वालों को यह लगता है कि देश की जनता को मुफ्त की रेवड़ी बांटकर, वे उन्हें खरीद लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं है और आज की जनता खूब समझदार है। वास्तव में जनता को फ्री सुविधाओं का लगातार एलान करने वाले राजनीतिक दलों व उनके नेताओं के बारे में जनता यह बात आज अच्छी तरह से जानती व समझती है कि कोई भी नेता अपने घर से रेवड़ी नहीं बांटता है। ये रेवड़ियां राजनेताओं की जेब से नहीं अपितु प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से निकलती तो आम जनता की जेब से ही है और राजनेता इन्हें अपनी रेवड़ी बताकर जनता को मूर्ख बनाते हैं कि उन्होंने जनता को फलां फलां सुविधाएं या रेवड़ियां उपलब्ध कराई है।

सच तो यह है कि आज रेवड़ी बांटने वाले राजनेता अपने राजनीतिक हित व स्वार्थ सिद्ध करते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो वे रेवड़ी बांटकर अपने चूल्हे के नीचे ही आंच सरकाते है।

## विचार

# लोकसभा चुनाव में अहम भूमिका अदा करेंगे ऊर्जा मंत्री के निर्णय?

**डॉ.अजय कुमार मिश्रा**

**लोकसभा** चुनाव अप्रैल-मई 2024 में महज 7 महीने की अवधि अब शेष है` हालियाँ विधानसभा चुनाव परिणाम ने केंद्र सरकार को पुनः उत्तर प्रदेश पर गहराई से फोकस करने हेतु सजग किया है, क्योंकि देश की सत्ता की चाभी उत्तर प्रदेश की सहमति के बिना संभव नहीं है। सर्वाधिक लोकसभा सीट (80) उत्तर प्रदेश में ही है` केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को प्रदेश में लागूं करने में उत्तर प्रदेश सरकार प्रथम भी रहा है` पर यदि यहाँ की आम जनता की आवश्यकताओं को मूल्यांकित कर प्राथमिक आवश्यकताओं का चुनाव करना हो तो बिजली की आपूर्ति महत्वपूर्ण आवश्यकताओं में से एक है` रोजगार, स्व-रोजगार सभी की धूरी बिजली पर निर्भर करती है` ऐसे में ऊजार्मंत्री की भूमिका अति महत्वपूर्ण रूप से निकलकर सामने आती है जिन्होंने महज एक वर्ष के कार्यकाल में अपने निर्णय से यह सुनिश्चित कर दिया है की प्रत्येक आदमी तक न्यूनतम मूल्य पर बिजली पहुचाने के लिए वो न केवल प्रतिबद्ध है बल्कि लगातार बिना रुके बिना थके कार्य कर रहें है` इनकी प्रतिबद्धता को प्रमाणित सिर्फ एक तथ्य और आकड़ों से भी किया जा सकता है की ह्वयू.पी. ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023ह्व में सर्वाधिक निवेश प्रस्ताव ऊर्जा के लिए आये है उत्तर प्रदेश में बिजली की मांग में भारी वृद्धि की पूर्ति के लिए ऊर्जा मंत्री ने जिस संजीदगी से कार्य किया है वह वास्तव में सराहनीय है` सीमित अवधि में एक दो नहीं बल्कि अनेकों जन-उपयोगी निर्णय लेकर सभी के हितों की रक्षा कर रहें है` यह सर्वविदित है की बिजली की मांग और पूर्ति की समस्यां उत्तर प्रदेश में दशकों से विभिन्न सरकारों के कार्यकाल में रही है` पर ठोस रणनीति बनाकर ऊर्जा मंत्री के अब तक के किये गए कार्य यह सुनिश्चित कर रहें है की जनता उनसे जुड़ने लगी है और किये गए कार्यो से प्रभावी भी है` इसका सकरात्मक परिणाम हालियाँ नगर निकाय चुनाव में भी दिखा है और लोकसभा 2024 के चुनाव में अत्यंत महत्वपूर्ण रूप में सामने दिखेगा। खास कर किसानों के लिए किये गए कार्य न केवल उपयोगी है बल्कि चर्चा का विषय भी है` किये गए कार्यो में से महत्वपूर्ण पर चर्चा करना यहाँ जरुरी है` बिजली की आपूर्ति में व्यापक सुधार करतें हुए यह सुनिश्चित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में 18 से 20 घंटे, तहसील मुख्यालय को 20 से 22 घंटे तथा जिला मुख्यालय को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति हो` 1,21,324 मजरों का विद्युतिकरण का कार्य पूरा किया गया है तथा 1 करोड़ 58 लाख घरों का विद्युत सयोंजन किया गया है` 33/11 के.वी. के 749 नए विद्युत उपकेन्द्र की न केवल स्थापना की गयी है बल्कि 1503 विद्युत उपकेंद्रों की क्षमता में वृद्धि भी की गयी है` 1931 गाँवों/मजरों जिनकी आबादी 1000 से अधिक है में 26,805 कि.मी. ए.बी. केबल लगाये गए है` 8.60 लाख उपभोक्ताओं के यहाँ बिजली मीटर लगाये गए जिनके यहाँ पहले बिजली मीटर नही थे` कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 30,462 मेगावाट किया गया है। स्मार्ट मीटरिंग एवं विद्युत तंत्र के आधुनिकीकरण के लिए रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन स्कीम चलायी जा रही है।

निजी नलकूप कनेक्शन देने में डार्क जोन में वर्षो से लगा प्रतिबन्ध समाप्त कर के किसानों को बड़ा लाभ दिया गया है इससे एक लाख से अधिक किसान लाभान्वित हो रहे है` किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए निजी नलकूपों के बिजली बिलों में शत-प्रतिशत की छूट प्रदान करना एक बड़ा साहसिक कदम है` खराब ट्रांसफार्मर को 24 घंटे में बदलने की अनिवार्यता आम लोगों के हितों में है। 2,10,436 निजी नलकूपों का सयोजन किया गया है` किसानों के लिए अलग से 2390 ग्रामीण विद्युत फीडर बनाये गए है` निजी पूंजी निवेश से 2035 मेगावाट क्षमता की तथा रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट की 256 मेगावाट क्षमता की सौर्य परियोजनाओं की स्थापना की गयी है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अंतरात्मा की आवाज बताती- क्या सही है और क्या गलत

**प्रियंका सौरभ**

**नैतिक** कम्पास एक शब्द है जिसका उपयोग हमारे सही और गलत की आंतरिक भावना का वर्णन करने के लिए किया जाता है जो हमारे कार्यों को निर्देशित करने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है। विवेक एक व्यक्ति की आंतरिक नैतिक भावना है जो उसे अपने व्यवहार को विनियमित करने के लिए मार्गदर्शन करती है। अंतरात्मा की आवाज एक आंतरिक आवाज से मेल खाती है जो आपके व्यवहार का न्याय करती है। अंतरात्मा की आवाज कई लोगों के लिए नैतिक निर्णय लेने का स्रोत है। विवेक को हम में से प्रत्येक के भीतर कुछ के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो हमें बताता है कि क्या सही है और क्या गलत है। इसलिए, यदि कोई निर्णय लेते समय अपने विवेक का उपयोग करता है तो वह इस बात से निर्देशित होगा कि क्या करना सही है और क्या गलत। पारंपरिक परीक्षण नैतिक निर्णय लेने के तरीकों को लागू करना है जैसे अधिकार सिद्धांत जो हमें दूसरों के अधिकारों का सम्मान करने और उनके प्रति अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए बाध्य करता है। एक अन्य दृष्टिकोण है हितधारकों पर कार्रवाई के वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के संभावित लाभ और नुकसान का मूल्यांकन करना जो हमारे संभावित कार्यों से प्रभावित हो सकते हैं और शुद्ध लाभ को अधिकतम करने वाले को चुनें। हमारा विवेक हमारा आंतरिक मार्गदर्शक है और यह आपको यह पता लगाने में मदद करता है कि अच्छे चुनाव कैसे करें। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, हम गलत से सही सीखते हैं। हमारा विवेक वह विचार और भावना है जो हमारे पास है जो हमें बताता है कि कुछ करना या कहना सही है या गलत। इस प्रकार विवेक की आवाज नैतिक निर्णय लेने के लिए एक सतत मार्गदर्शक है। एक व्यक्ति रुककर और मुद्दे के आयामों के बारे में सोच कर खुद को अंतरात्मा की आवाज सुनने के लिए तैयार कर सकता है। एक इंसान हमेशा निर्णय लेने की प्रक्रिया में नैतिक दुविधाओं का सामना करता है। विवेक की आवाज सही निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शक के रूप में कार्य करती है जब हमें किसी दिए गए।

# राम मुद्रा विश्व शांति में सहायक

**चंद्र मोहन**

**राम** राज्य कोई कोरी कल्पना मात्र नहीं है. इसे मूर्त रूप दिया है भारत के ही महषि महेश योगी ने. महषि योगी जी कु संस्था 'द ग्लोबल कंट्री ऑफ वर्ल्ड पीस, जिसे जी सी डब्ल्यू पी के नाम से भी जाना जाता है, ने वर्ष 2002 मैं यूरोप के एक देश नीदरलैंड मैं राम मुद्रा का चलन शुरू कर राम राज्य की पहले पायदान पर कदम रखा. यह संस्था नान प्रॉफिट, मैडिटेशन, शिक्षा व विश्व के शहरों मैं शक्ति के प्रसार के लिए काम करती है. जी सी डब्लू पी ने अमरीका के आइओवा स्तिथ महषि वैदिक सिटी मैं अपना मुख्यालय बनाया. वासुदेव कुटुंबकम की तर्ज पर विश्व मैं तीसरी दुनिया के देशों मैं कृषि वह भी जैविक कृषि को बढ़ावा देने हेतु गरीबी को मिटाने के लिए राम नाम की मुद्रा का प्रकाशन किया. वर्ष 2003 तक कुछ यूरोपीय व अमेरिकी शहरों मैं जैविक खेती ओर राम मुद्रा का इस्तेमाल शुरू हो चुका था. राम नाम की मुद्रा, 10 यूरो में मिलता है एक 'फें 'राम' नाम की इस मुद्रा में आकर्षित रंगों का इस्तेमाल किया गया है। राम मुद्रा के एक, पांच और दस के नोट उपलब्ध हैं। इन नोटों पर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की फोटो भी लगी है. मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम का नाम भारत की सभ्यता में रचा-बसा हुआ है। यहां अक्सर राम राज्य की बात भी होती है। भगवान राम और उनका जन्म स्थान अयोध्या यहां राजनीति का भी विषय है। यहां की अधिसंख्य जनता भगवान राम को अराध्य मानती है और उनके दिलों में भगवान राम निवास करते हैं। भारतीय मुद्रा यानी रुपयों पर अशोक स्तंभ और आजादी की लड़ाई के महानायक महात्मा गांधी को तो जगह मिली, लेकिन भगवान इस रेस में पीछे रह गए। भारत में भले ही भगवान राम को नोटों पर जगह न मिली हो, लेकिन दुनिया में एक देश ऐसा भी है जहां राम नाम की मुद्रा चलती

है। राम मुद्रा के एक, पांच और दस के नोट उपलब्ध हैं। इन नोटों पर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की फोटो भी लगी है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**आल** इंडिया रेलवे मैंस फेडरेशन नोर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन तथा जॉइंट फ्रंट फॉर रेस्टोरेशन ऑफ ओ पी एस के आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली के लिए चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत आज रेलवे स्टेशन अम्बाला छावनी के सामने एनआरएमयू अम्बाला मंडल तथा इनकम टैक्स एम्प्लाइज फेडरेशन के द्वारा राज्य स्तरीय विशाल रैली का आयोजन किया गया। जिसमे पुरानी पेंशन बहाली को लेकर विशेष चर्चा की गयी। निर्मल सिंह मंडल मंत्री नोर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन अम्बाला मंडल ने बताया कि यह वर्ष आल इंडिया रेलवे मेस फेडरेशन के शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है 24 अप्रैल 1924 को छोटी छोटी यूनियनों को मिला कर आल इंडिया रेलवे मेस फेडरेशन का गठन किया गया था।




इस संगठन का पूर्व में नेतृत्व राय सी प्रसादए मुकुंद लाल सरकार वीण्वी गिरी जय प्रकाश नारायणए जॉर्ज फर्नान्डेस तथा जे पी चौबे जैसी विभूतियों ने किया है और वर्तमान में शिव गोपाल मिश्रा तथा डॉ एन कन्हैया इसका सफल नेतृत्व कर रहे हैं। अपनी स्थापना से लेकर आज तक इस संगठन ने कर्मचारियों के हितों में ऐतिहासिक निर्णयों को लागू करवाया है तथा कर्मचारियों के साथ हो रहे किसी भी प्रकार के अन्याय के विरुद्ध सफल आवाज उठाई।

आर एस वालियाए सर्किल प्रधान आई टी ई फ दीपक नैन आल इंडिया असिस्टेंट सेक्रेटरीध्आई टी ई फए कामरेड शेखर तोमर संयुक्त संयोजक ओ पी एस समिति आई टी ई फ ने अपने संगठन द्वारा पेंशन बहाली को लेकर इनकम टैक्स विभाग में किये जा रहे प्रदर्शनों तथा भविष्य की रूप रेखा के बारे में जानकारी दी तथा संयुक्त आयोजनों को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान देने का आश्वासन दिया। हरनाम सिंह मंडल अध्यक्ष ने सरकार द्वारा अपनाई जा रही कर्मचारी विरोधी नीतियों जैसे एन पी एस स्वीकृत पदों का अंधाधुन्ध सरेंडर ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावाए सुरक्षा नियमों की अनदेखीए रेलवे आवासों का अपर्याप्त रखण्रखाव तय सीमा से अधिक कार्य घंटे इत्यादि पर कड़ी आपत्ति जताई। सुरेंदर कुमार गुर्जर केंद्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए 21जनवरी को नयी दिल्ली में पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चे द्वारा लिए गये निर्णय के अनुसार नोर्दर्न रेलवे मैस यूनियन हर महीने विरोध करेंगे। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में मण्डल स्तर पर मशाल जलूस निकाले गए तथा धरने प्रदर्शन किए गए। विनोद कुमार राय शाखा सचिव ने कहा कि प्रदर्शन पुरानी पेंशन बहाली तक इसी प्रकार जारी रहेंगेए और उपस्थित कर्मचारियों का आवाहन किया कि वह सरकार को वोट की चोट पहुंचाएं अन्यथा सरकार मजदूर विरोधी नीतियों पर कार्य करती रहेगी । अन्य वक्ताओं में जगदीप सिंह शाखा सचिवध्जोनल यूथ कन्वेनरए अजित सिंह चीमा शाखा सचिवए अमित कुमार शाखा सचिवए राजन गोसाई शाखा सचिव विवेक कुमार शाखा सचिव से तथा अन्य शाखा सचिव नोर्दर्न रेलवे मेस यूनियन से व संदीप यादव कन्वेनर ओ पी एस समिति से इस अवसर में शामिल रहे और इनकम टैक्स एम्प्लाइज फेडरेशन की तरफ से भारी मात्रा में कर्मचारी शामिल रहे।

**▶▶ संगठन ने ऐतिहासिक निर्णयों को लागू करवाया, कर्मचारियों के साथ हो रहे किसी भी प्रकार के अन्याय के विरुद्ध सफल आवाज उठाई**

# अंडरपास का निर्माण दो माह में पूरा हो जाएगा, बिजली आपूर्ति लाईन बनी थी बाधा

## राजलू गढ़ी में बादशाही रोड पर बन रहे अंडरपास में जलभराव रोकने के लिए दोनो तरफ शैड लगाकर किया जाएगा कवर



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**बादशाही रोड** पर राजलू गढ़ी रेलवे स्टेशन से बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में कंटेनर डिपों में रेलवे लाईन क्रासिंग के बाद बनाए जा रहे अंडरपास का निर्माण कार्य धीमी गति से चलने से वाहन चालक परेशान है। वाहन चालकों को कहना कि कई बार जब रेलवे फाटक बंद हो जाता है तो वाहन चालकों को परेशानी होती है। वहीं दूसरी तरफ अंडरपास निर्माण के दौरान वाहन चालकों के गुजरने के लिए बनाई गई सड़क में जगह- जगह गड्ढे परेशानी का सबब बने है। वाहन चालकों का कहना कि न तो अंडरपास के निर्माण की गति को तेज किया जा रहा है और न ही उक्त सड़क में बने गड्ढों को भरा जा रहा है। जिससे ग्रामीण संबधित विभाग के अधिकारियों को कोस रहे है।

**लंबे समय के बाद 33 के वी बिजली आपूर्ति लाईन हटी, अब काम तेजी से शुरूः** अंडरपास के निर्माण कार्य में देरी का कारण बन रही लंबे समय से 33 के वी बिजली आपूर्ति लाइन बाधा बनी हुई थी।

अब उसे हटा दिया गया है अधिकारियों के अनुसार अब अंडरपास का निर्माण गति पकड़ेगा। उनका कहना कि बिजली आपूर्ति की लाईन हटने में देरी के कारण अंडरपास का निर्माण भी लेट हुआ है।

**अंडरपास में बरसाती पानी रोकने के लिए लगेगे शैडः** एचएचआरडीसी के डीजीएम अजीत सिंह ने बताया कि अंडरपास में बरसात का पानी न जमा हो। इसके लिए दोनो तरफ से जहां से अंडरपास शुरू होता है, वहां से लेकर दूसरी तरफ भी शैड लगाए जाएंगे ताकि बरसात का पानी अंडरपास में न भरे और बरसात का पानी शैड से साईड में उतर जाए। इससे वाहन चालकों को आवागमन में राहत मिलेगी। अब अंडरपास का निर्माण दो मोह में पूरा कर दिया जाएगा।

**अंडरपास के साथ अस्थाई सड़क के गड्ढों को भरा जाएः** वाहन चालकों ने एचएसआरडीसी के अधिकारियों से मांग की है कि जब तक अंडरपास का निर्माण नही होता, वाहन चालकों की परेशानी को देखते हुए साथ में वाहनों के गुजरने के लिए बनाई गई अस्थाई सड़क में बने गहरे गड्ढों को भरवाया जाए ताकि वाहन चालकों को परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि इतने गड्ढे बने हुए है कि वहां से निकलने में परेशानी होती है।

## न्यूज फ्लैश

### रेहड़ी-फड़ी वालों का धरना लगातार जारी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अंबाला** में कपड़ा मार्किट के रेहड़ी.फडी वालों का मामला तुल पकड़ता जा रहा है। रेहड़ी.फडी वाले अपनी मांग को लेकर 5वें दिन भी धरने पर बैठे हुए है। आज भी रेहड़ी फड़ी वालों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे बाजी की।

मीडिया से बातचीत करते हुए रेहड़ी.फडी संचालको का कहना है जब तक हमारी माँग नहीं मानी जाती तब तक धरना जारी रहेगाए और अगर हमारी माँग नही मानी जाती तो जल्द ही रेहड़ी.फडी वाले भूख हड़ताल पर बैठ जायेंगे साथ ही महिला रेहड़ी.फडी संचालको का कहना है कि यह हमारी लडाई नही है यह पुरे देश मे रेहड़ी.फडी संचालकों की लडाई हैए और हमारा धरना ऐसे ही जारी रहेगा।

### बब्याल श्री गुरु रविदास मंदिर में हजारों की चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अंबाला छावनी** के गांव बब्याल स्थित टागरी मौहल्ला में श्री गुरू रविदास मंदिर के बीती रात चोरों ने ताले तोड़ लगभगर 20 हजार रुपए नकदी चुरा ली। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच मे जुट गई। स्थानीय निवासी अमरचंद ने बताया कि उन्हें सुबह फोन कर सूचना मिली की मंदिर के ताले टूटे हुए मिले। वह तुरंत ग्रामीणों सहित मौके पर पहुंचे तथा पुलिस को भी बुलाया गया। उन्होंने बताया की चोर मंदिर की गुल्लक तौड़ते हुए नकदी चुरा कर फरार हो गया लेकिन यह सारी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फिलहाल पुलिस भी चोर की तलाश में जुट गई है तो वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि चोर को जल्द ही गिरफतार किया जाए। सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दे रहा है कि युवक मंदिर से सामान उठा रहा है।

### डीसी ने गांव जैनपुर में पर्यावरण मंजूरी के लिए की लोक सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया /नारनौल**

**हरियाणा राज्य** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से आज उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस की अध्यक्षता में खंड नांगल चौधरी के गांव जैनपुर में पर्यावरण मंजूरी के लिए लोक सुनवाई की गई। इस मौके पर गांव जैनपुर व आसपास के गांव के लोगों ने उपायुक्त को पत्थर खनन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में आपत्ति व सुझाव दिए। डीसी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि नियमों के विरुद्ध व आप की सहमति के बिना कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी नागरिक को और भी कोई आपत्ति या सुझाव देना है तो व आरओ कृष्ण कुमार से भी संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर एसडीएम मनोज कुमार माइनिंग अधिकारी भूपेंद्र सिंह, जिला परिषद चेयरमैन डॉ राकेश कुमार, डीडीपीओ आशीष मान, बीडीपीओ प्रमोद कुमार, पोलूशन बोर्ड से एसडीओ अनुज कुमार के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पानीपत ने न्यायिक परिषर में मनाया विश्व योग दिवस

**पानीपत: पंजाब एवं** हरियाणा उच्च न्यायालय तथा हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार व सुदेश कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत के मार्गदर्शन व अमित गर्ग अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पानीपत की देखरेख व उपस्तिथि में जिला न्यायिक परिषर में विश्व योगा दिवस मनाया गया यह योगा शिविर आयुष विभाग के साथ मिलकर लगाया गया। इस योगा शिविर में अमित कादयान,बार प्रेजिडेंट पानीपत, कोर्ट स्टाफ एवं बार सदस्य उपस्थित रहे इस योग शिविर में सभी को योग कराया गया योग सिखाने के लिए योगा इंस्ट्रक्टर के द्वारा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अलग अलग योग आसन सिखाये गए सभी योग आसान योगा इंस्ट्रक्टर की देख रेख में किये गए इसके अलावा न्यायिक परिसर सब डिवीजन समालखा में भी न्यायिक अधिकारी एवं कोर्ट स्टाफ ने मिलकर योग दिवस मनाया। इसको मनाने का मुख्य उद्देश्य पूरी दुनिया में स्वास्थ्य को चुनौती देने वाली बीमारियों की दर को कम करना। व्यस्त कार्यक्रम से स्वास्थ्य के लिए एक दिन बिताने के लिए समुदायों को एक साथ लाने के लिए। पूरे विश्व में विकास, विकास और शांति फैलाने के लिए। योग के माध्यम से तनाव से मुक्ति पाने में आपकी मदद करने के लिए। योग कैसे शारीरिक और मानसिक रोगों को ठीक कर सकता है, इस बारे में जागरूकता फैलाने के लिए। योग अभ्यास के माध्यम से बेहतर मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देना।

# साइकिल यात्रा का नारायणगढ़ में हुआ स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**पुरानी** पेंशन बहाली साईकिल यात्रा का नारायणगढ़ पहुंचने पर स्थानीय नेताओं जनता द्वारा जोरदार स्वागत किया गया । राजकीय अध्यापक संघ 70 सम्बंधित सर्वकर्मचारी महासंघ ने सैनी भवन में स्वागत समारोह का आयोजन किया जिस में इस साईकिल यात्रा के सभी सदस्यों को पगड़ी पहना कर सभी का स्वागत किया गया । विश्वकर्मा मन्दिर नारायणगढ़ पर यात्रा के पहुंचने पर धर्मबीर ढींढसा की अगुआई में सयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन द्वारा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया । ततपश्चात यात्रा के अम्बाला चोंक पर पहुंचने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पंजाबी महासभा के अध्यक्ष अशोक मेहता द्वारा साईकिल यात्रा का माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया । इस अवसर पर अशोक महत्ता ने कहा कि हुड्डा साहब ने कांग्रेस ने अपने मेनीफेस्टो में पुरानी पेंशन बहाली का वायदा किया है, उन्होंने कहा कि कोंग्रेस ने राजस्थान में छत्तीसगढ़ में, हिमाचल में और कर्नाटक में लागू कर दिया है । उन्होंने कहा कि संघर्ष के आगे सरकार को झुकना पड़ेगा । संघर्ष के आगे आज तक कोई टिका नहीं है । इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विरेन्द्र धारीवाल ने कहा कि हम 2018 से लगातार धरने प्रदर्शन कर रहे हैं।

मुख्यंमत्री से मांग के लिए मिलने के लिए गए तो हमें लाठियों से पीटा गया, उन्होंने कहा कि तानाशाही, से लाठी डंडों से दबाया नहीं जा सकता । यदि हमारी मांगे नहीं मानी गई तो इसका जवाब हम 2024 के चुनाव में देंगे ।



# सेंट्रल जेल में वार्डन पर हमला करने वालों पर केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अंबाला** शहर सेंट्रल जेल में कुछ लोगों ने वार्डन पर हमला कर दिया। हमले में वार्डर के शरीर पर 10 जगह चोटें आई हैं। घायल वार्डर का अंबाला सिटी के सिविल अस्पताल में इलाज कराया गया है। अंबाला सेंट्रल जेल के वार्डन रमेश सिंह ने बताया कि उसकी सोमवार को ब्लॉक नंबर 5 पर बतौर इंचार्ज ड्यूटी थी। दोपहर बाद 3 बजे उसने गिनती के लिए ब्लॉक नंबर.5 खोला। यहां दो गुटों में झगड़ा हो रहा थाए जब बीच.बचाव किया तो साढ़े 3 बजे बंदी वैकेंट गर्ग ने अपने अन्य साथियों के साथ छोटे पेंचकश के साथ हमला बोल दिया। वैकेंट गर्ग 6 माह पहले नारायणगढ़ में दर्ज धारा 307 और आर्म्स एक्ट के मामले में जेल में बंद है। आरोप लगाया कि बदमाशों ने जान से मारने की कोशिश की।

आवाज सुनाई देने पर इंचार्ज सतबीर सिंह समेत अन्य कर्मचारियों ने आरोपियों की चुगल से छुड़वाया। बदमाश वैकेंट गर्ग ने उसे जान से मारने की धमकी दी। हमलावरों में कृष्णए चिरागए विशाल उर्फ विशुए सुखदेवए शुभमए साहिलए विपिनए साहिल व विशाल भी शामिल है। बलदेव नगर थाना पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसएचओ राम कुमार ने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए प्रोडक्शन वारंट की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग के बारे में जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**भिगान स्थित** टोल प्लाजा पर टोल कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर योगाभ्यास किया। आयुष संस्थान से योग शिक्षिका मम्मी ने योग के बारे में जागरूक करते हुए योग करवाया। वेलस्पन ग्रुप के प्रोजेक्ट हैड बिजेन्द्र तिवारी, आप्रेशन हैड मैनेजर विमल कुमार ने कहा कि दुनिया भर में योग और ध्यान के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। वेलस्पन ग्रुप के प्रोजेक्ट हेड बिजेंद्र तिवारी ने कहा कि रोज सुबह-सुबह के समय योग करना बेहद फायदेमंद होता है। सुबह योग करने से आप पूरे दिन ऊजार्वान रह सकते हैं। योग संस्थान की मेम्बर अंकिता ने कहा कि हर दिन योग करके आप खुद को फीट रखने के साथ स्वस्थ भी रह सकेंगे। टोल कंपनी के मैनेजर दीदार सिंह ने कहा कि योग से आंतरिक खुशी मिलती है, आनंद की अनुभूति होती है और मन प्रसन्न रहता है। योग के दौरान ध्यान लगाया जाता है, जो शरीर और मस्तिष्क को मिलाने में मदद



# पति पर लगाया मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**गन्नौरः महिला** ने अपने पति पर मारपीट कर घर से निकालने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में पीड़ित महिला ने बताया कि उसकी शादी 22 साल पहले गढ़ी झंझारा रोड के रहने वाले राजपाल के साथ हुई थी। शादी के बाद उन्हें कोई संतान नहीं हुई। जिसके चलते उन्होंने वर्ष 2007 में अपनी जेठ की बेटी को गोद लिया। आरोप है कि उसका पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था। 12 जून की रात को उसके पति ने शराब पीकर उसे बुरी तरह पीटा व घर से बाहर निकाल दिया।

# कोरोना जैसी परिस्थितियों के बीच योग ने हमें मजबूती प्रदान की: विधायक निर्मल चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**नई अनाज** मण्डी में आयोजित खण्ड स्तरीय योग दिवस समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुए विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि कोरोना जैसी परिस्थितियों के बीच योग ने हमें मजबूती प्रदान की है। इससे हमें समझना होगा कि योग हमारे जीवन की डोर है। उन्होंने कहा कि शरीर की स्वस्थता को शिखर पर ले जाने के लिए योग के पहलुओं को अपनाना जरूरी है। योग दिवस समारोह में विधायक निर्मल चौधरी सहित हजारों युवाओं व गन्नौरवासियों ने एक साथ मिलकर योग करते हुए योग को हर घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। विधायक ने कहा कि आज प्रत्येक नागरिक को संकल्प लेना चाहिए कि योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ राष्ट्र निर्माण के संकल्प में अपना योगदान दिया जा सके। विधायक ने कहा कि योग हमारे देश की सदियों पुरानी विरासत है, जो हमारे शरीर को मन से मिलाप कराने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। एसडीएम निर्मल नागर ने विधायक कार्यक्रम में पहुंचने पर धन्यवाद किया। इस मौके पर एसीपी गौरखपाल राणा, नगर पालिका गन्नौर के चेयरमैन अरुण त्यागी, निशांत छोक्कर, डा. रजनीश, बलविन्द्र सिंह, तहसीलदार मनोज कुमार, बीईओ सतीश शर्मा, अशोक राठी आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# पीआरपीसी ने 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

स्वास्थ्य, सद्भाव एवं शांति को बढ़ावा देने और आपसी भाईचारे को और मजबूत करने के लिए पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) ने आज 21 जून, 2023 को सुबह 06:00 बजे 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को वर्ष-2023 के विषय "वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग" पर मनाया। इस अवसर पर आज सुबह रिफाइनरी की मिनी स्मार्ट सिटि के सामुदायिक केंद्र में बड़ी संख्या में पीआरपीसी के कर्मचारीगण एवं अधिकारीगण अपने परिवार के सदस्यों के साथ योग करने हेतु एकत्रित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत एम. एल. डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी द्वारा मुख्य-महाप्रबंधकगण , महाप्रबंधकगण व कर्मचारी संघ एवं अधिकारी एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण की गरिमामय उपस्थिति में सभी को योग प्रतिज्ञा दिलवाने के साथ हुई। इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त योग शिक्षक डॉ. दर्शन योगी एवं डॉ. सुमन योगी के कुशल मार्गदर्शन में विभिन्न योग आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया तथा योग के करने से होने वाले लाभों को भी बताया गया। इस अवसर पर बोलते हुए डहरिया ने महत्वपूर्ण रूप से उल्लेख किया कि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में 21 जून को वर्ष का सबसे लंबा दिन होने के कारण अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने हेतु सुझाव दिया। उनके सुझाव को मानते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2015 से 21 जून को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए निर्धारित किया। उन्होंने आगे कहा कि योग हमें शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से मजबूत बनाता है इसलिए हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए तथा दूसरों को योग करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग आत्म-साक्षात्कार करने के लिए भी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस वर्ष का विषय "वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग" लोगों को धार्मिक, क्षेत्रीय तथा सामाजिक व आर्थिक मतभेदों के बावजूद एक साथ आने और स्वयं को एक बड़े परिवार के हिस्से के रूप में महसूस करने के लिए प्रोत्साहित करता है। हमारे महान राष्ट्र भारत ने सदियों से दुनिया भर में इस भावना को हमेशा से प्रोत्साहित किया है।

# खरखौदा लघु सचिवालय परिसर में मनाया 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## जिला परिषद की चेयरमैन मोनिका दहिया ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचकर खरखौदा वासियों के साथ की योग क्रियाएं

**टीम एक्शन इंडिया/खरखौदा(सोनीपत)**

आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग थीम के साथ खरखौदा लघु सचिवालय परिसर में खण्ड स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद् की चेयरमैन मोनिका दहिया ने बतौर मुख्यातिथि पहुंचकर खरखौदा वासियों के साथ योग क्रियाओं की। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज सभी यहां से प्रण लेकर जाएं हमें योग को अपने दैनिक चर्या का हिस्सा बनाना है। चेयरमैन मोनिका दहिया ने कहा कि ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन जीने की एक पद्धति है। आज की भौतिक भाग-दौड़ को देखते हुए योग का अभ्यास अति आवश्यक है क्योंकि सबसे बड़ा सुख शरीर का स्वस्थ होना है, जिसकी प्राप्ति योग से होती है। यदि आपका शरीर स्वस्थ है तो आपके पास दुनिया की सबसे बड़ी दौलत है। उन्होंने कहा कि योग भारत की बहुत पुरानी पद्धति है, हमारे ऋषि मुनियों ने हमेशा योग को बढ़ाने के लिए कार्य किया। आज पूरे विश्व ने इस बात को माना है कि स्वस्थ रहने के लिए योग बहुत जरूरी है इसलिए पूरे विश्व ने 21 जून को अंतर्राष्टद्रीय योग दिवस मनाने का निर्णय लिया जो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। जिला परिषद चेयरमैन ने कहा कि योग शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है। नियमित योगाभ्यास से छोटी से बड़ी कई बीमारियों से शरीर का बचाव किया जा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी योगासनों के नियमित अभ्यास की सलाह देते हैं। वैसे तो कई तरह के योगासन हैं, जो अलग अलग तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याओं में असरदार होते हैं लेकिन कुछ योग ऐसे हैं जो मानसिक तौर पर तो आपको स्वस्थ रखते ही हैं, साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाते हैं। इन्हीं योगासनों में शामिल है अनुलोम-विलोम। अनुलोम विलोम का अभ्यास शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है, साथ ही कई तरह की बीमारियों के खतरे को कम करने में मदद करता है। अनुलोम-विलोम श्वास से जुड़ा योगासन है, जिसका अभ्यास सभी उम्र के लोगों के लिए सुरक्षित है। इस दौरान अनेक स्कूलों के सैकड़ों बच्चों व अध्यापकों सहित गणमान्य व्यक्तियों ने योग क्रियाएं करते हुए योग को हर घर पहुंचाने का संकल्प लिया। इसके अलावा चेयरमैन ने योग दिवस के सफल आयोजन में अपनी भूमिका निभाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों व गणमान्य व्यक्तियों को भी सम्मानित किया।



# 'अपराध को कम करना मेरा प्रथम कर्तव्य'

## एलजी ने सीएम को पत्र के जरिए दिया जवाब, पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा को लेकर समीक्षा की जाती है





### एलजी का जवाब

● नियमित रूप से समय-समय पर पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा को लेकर समीक्षा व मॉनिटरिंग की जाती है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली के** उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से राजधानी में बढ़ते अपराध के सवाल का जवाब पत्र के जरिए दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अपराध को नियंत्रण में रखना उनकी प्राथमिकता में सबसे ऊपर है। नियमित रूप से समय-समय पर पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा को लेकर समीक्षा व मॉनिटरिंग की जाती है।

एलजी ने मुख्यमंत्री से कहा कि सार्थक विषयों पर चर्चा के लिए उनका स्वागत है। उन्होंने यह भी कहा कि अपराधों का राजनीतिकरण इन दिनों एक आदत बन गई है, लेकिन इससे हालात नहीं बदल सकते। अपना पद संभालने के पहले दिन से ही दिल्ली में अपराध और इसका नियंत्रण उनकी प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर रहा है। उन्होंने कहा कि वह पुलिस कमिश्नर के साथ नियमित समय पर दिल्ली की पूरी व्यवस्था की समीक्षा व मानीटरिंग करते हैं। पुलिस कमिश्नर व स्पेशल कमिश्नरों के साथ साप्ताहिक बैठकें करता होती हैं। इसके अलावा डीसीपी से भी समय-सयम पर बैठकें करके सारी स्थिति का जायजा लिया जाता है। इस पत्र में एलजी ने विजिबल पुलिसिंग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि विजिबल पुलिसिंग अपराध के खिलाफ सबसे कड़ा निवारक है।

**एलजी के जवाब पर सरकार का सवाल:** उपराज्यपाल की तरफ से मुख्यमंत्री को भेजे गए जवाबी पत्र पर दिल्ली सरकार के सूत्रों का कहना है कि ताबड़तोड़ आपराधिक वारदातों से थर्राई दिल्ली के लिए यह बेहद सुकून और राहत भरी खबर है कि उपराज्यपाल की कानून व्यवस्था को लेकर नींद खुल गई। हालांकि, उनकी सक्रियता जमीन पर कहीं दिखाई नहीं देतीं।

पुलिस के साथ एलजी की लगातार विमर्श और बैठकों का नतीजा तो यह हो रहा है कि शायद ही कोई दिन ऐसा जाता हो, जब दिल्ली में कोई सनसनीखेज वारदात न होती हो। सवाल है कि पुलिस को आधुनिक बनाने से केंद्र और एलजी को किसने रोका है? सूत्रों का दावा है कि कानून व्यवस्था बेशक निर्वाचित सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं है, लेकिन इसके लिए आवाज तो उठानी ही पड़ेगी।

### आपराधिक घटनाओं से महिला सुरक्षा पर उठे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की श्रंखला लंबी है। दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की संख्या दिल्लीवासियों को डराने के लिए काफी है। ठउफइ के डेटा के अनुसार, दिल्ली महिलाओं के सबसे असुरक्षित शहर है। हाल ही में दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में महिलाओं के खिलाफ हुई वारदातों ने महिला सुरक्षा के तमाम दावों की बखिया उधेड़ दी है।

दस साल की बच्ची से हैवानियतः दिल्ली के विकासपुरी में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जहां एक 10 साल की बच्ची हैवानियत की शिकार हुई। इस दस साल की बच्ची को आरोपी ने चाकू का डर दिखाकर अपने साथ ले गया। दस साल की मासूम ने हिम्मत न हारते हुए अपने आप को छुड़ाने के लिए तमाम कोशिशे की। विरोध करने के लिए बच्ची ने खूब चीखा और चिल्लाया। बच्ची के शोर मचाने पर आरोपी ने उसका मुंह बंद करना चाहा।

आरोपी ने बच्ची के मुंह पर कई बार वार भी किए। शोर-शराबा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसके बाद बच्ची को अस्पताल पहुंचाकर काउंसलिंग कराई गई।

### 72 साल की बुजुर्ग महिला पर सूए से ताबड़तोड़ वार

**राजधानी** दिल्ली के मंडावली इलाके में बदमाशों ने 72 साल की महिला पर बर्फ तोड़ने वाले सूए से कई वार किए। महिला के शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर वार करके हमलावर मौके से नौ दो ग्यारह हो गए। जांच में पता लगा है कि दुकान के सामने से रेहड़ी हटाने को लेकर महिला और हमलावरों के बीच पहले विवाद हुआ था। इसके प्रतिशोध में ही इस घटना को अंजाम दिया गया है। हमलावरों ने महिला के सिर और कंधे पर जोरदार हमला किया, जिसके बाद वह सड़क पर ही गिर गईं। राहगीरों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

**क्या कहते हैं एनसीआरबी के आंकड़े?** एनसीआरबी की रिपोर्ट का अध्ययन करने से पता लगता है कि दिल्ली में रहने वाली महिलाएं सुरक्षित नहीं है। एनसीआरबी के मुताबिक, दिल्ली में साल 2022 में रोजाना छह महिलाएं दुष्कर्म का शिकार हुई हैं। बता दें कि साल 2021 में दिल्ली में कुल 14,277 मामले दर्ज किए गए जो महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित थे। इनमें दुष्कर्म के 1,250 मामले दर्ज हुए थे। वहीं, दहेज हत्या के 141 मामल, अपहरण के 4083 मामले और महिलाओं पर हमले के 2,068 मामले दर्ज किए गए थे। दिल्ली महिलाओं के लिए पूरे देश में सबसे असुरक्षित शहर है।

# पीएम मोदी, शाह और नीतीश को जान से मारने की धमकी

### जांच जारी

● शख्स की पहचान मादीपुर निवासी सुधीर शर्मा के रूप में हुई है। आरोपी के परिवार का कहना है कि वह आदतन शराब पीता है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस को दो पीसीआर कॉल आईं, जिमसें एक शख्स ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जान से मारने की धमकी दी गई थी। शख्स की पहचान मादीपुर निवासी सुधीर शर्मा के रूप में हुई है। आरोपी के परिवार का कहना है कि वह आदतन शराब पीता है। पुलिस उसका पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक, सुबह 10 बजकर 46 मिनट पर पहली पीसीआर कॉल आई। जिसमें फोन करने वाले शख्स ने 10 करोड़ रुपये नहीं देने पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जान से मारने की धमकी दी। इसकी लोकेशन नांगलोई इलाके में मिली। फिर सुबह 10:54 बजे, उसी कॉलर ने 2 करोड़ रुपये नहीं देने पर पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जान से मारने की धमकी दी।

दोनों कॉल एक ही नंबर से किए गए थे। पुलिस ने तुरंत हरकत में आई। कुछ देर में कॉल करने वाले का पता लगा लिया। जब पुलिस उसके घर पर पहुंची तो वह वहां मौजूद नहीं था। धमकी देने वाले की पहचान सुधीर शर्मा के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला है कि वह शराब पीता है। उसे पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## राजधानी के कुछ इलाकों में हुई झमाझम बारिश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली के कुछ हिस्सों में झमाझम बारिश हुई है। बारिश होने से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। झमाझम बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली और मौसम खुशनुमा हो गया। बारिश की वजह से तापमान में गिरावट भी दर्ज की गई। मौसम विभाग की मानें तो 22 जून तक तापमान 38-39 डिग्री के बीच व न्यूनतम तापमान 27 से 29 डिग्री के बीच बना रहेगा।

## इंडिया गेट पर लोगों ने मनाया योग दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूरे विश्व** में नौवां विश्व योग दिवस मनाया गया। देशभर में अलग-अलग स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूरे विश्व में योग दिवस की शुरूआत 2015 में हुई थी। इस साल योग दिवस की थीम वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर रखी गई है। इस थीम को आयुष मंत्रालय ने चुना है। योग शारीरिक व्यायाम का एक प्राचीन अभ्यास है। योग अभ्यासों में शारीरिक व्यायाम जिन्हें आसन कहा जाता है। श्वास तकनीक और ध्यान शामिल हैं। योग मन, शरीर और आत्मा के बीच सामान्य कल्याण और सामंजस्य को बढ़ाने का प्रयास करता है। नई दिल्ली के इंडिया गेट लॉन में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर लोगों ने योग किया।

**कब मनाया गया पहला योग दिवस?:** कोरोना काल के बाद योग का महत्व अधिक बढ़ गया। संक्रमण से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से लोग योग अभ्यास करने लगे। लेकिन इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की शुरूआत साल 2015 से हो गई थी। इस वर्ष ही पहली बार पूरे विश्व में योग दिवस मनाया गया था।

**योग दिवस का इतिहासः** 27 सितंबर 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त महासभा में दुनिया के तमाम देशों से योग दिवस को मनाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्वीकार करते हुए महज तीन माह के अंदर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन का ऐलान कर दिया। जिसके बाद अगले वर्ष 2015 में पहली बार विश्व ने योग दिवस मनाया।

**21 जून को क्यों मनाते हैं योग दिवस?:** योग दिवस को मनाने के लिए एक दिन सुनिश्चित किया गया, जो कि 21 जून है। 21 जून को योग दिवस के तौर पर मनाने की वजह भी है।

### योगाभ्यास

● योग शारीरिक व्यायाम का एक प्राचीन अभ्यास है। योग अभ्यासों में शारीरिक व्यायाम जिन्हें आसन कहा जाता है

# 'वह दिन दूर नहीं जब... प्रधानमंत्री सभी राज्य सरकारें चलाएंगे'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 23 जून को पटना में होने वाली विपक्षी पार्टियों की बैठक में केंद्र के अध्यादेश पर चर्चा हो, इसके लिए हर प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार से ही लगातार कई बार विपक्षी पार्टियों से गुहार लगा चुके हैं कि 23 जून को दिल्ली के अध्यादेश पर बातचीत जरूर हो। इसके लिए बुधवार को केजरीवाल ने विपक्षी पार्टियों को एक खत भी लिखा है।

इस चिट्ठी में केजरीवाल ने आग्रह किया है कि 23 जून 2023 को बिहार में विपक्षी पार्टियों की बैठक में अध्यादेश को को संसद में हराने पर सबसे पहले चर्चा हो।

### चर्चा की मांग...

● 23 जून 2023 को बिहार में विपक्षी पार्टियों की बैठक में अध्यादेश को को संसद में हराने पर सबसे पहले चर्चा हो

**'प्रयोग सफल हुआ तो गैर-बीजेपी राज्यों में होगा लागू':** केजरीवाल ने आगे लिखा कि दिल्ली का अध्यादेश एक प्रयोग, यह सफल हुआ तो केंद्र सरकार गैर-भजापा राज्यों के लिए ऐसे ही अध्यादेश लाकर राज्य सरकार का अधिकार छीन लेगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आगे कहा, वह दिन दूर नहीं जब प्रधानमंत्री 33 राज्यपालों और एलजी के माध्यम से सभी राज्य सरकारें चलाएंगे।

# मंडावली में 72 साल की महिला की सुआ घोंपकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्वी** दिल्ली के मंडावली इलाके में मंगलवार को दिनदहाड़े स्कूटी सवार एक बुजुर्ग महिला की सुए के 12 से अधिक वार कर हत्या कर दी गई। मृतका की शिनाख्त सुधा गुप्ता (72) के रूप में हुई है। वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। हमले के बाद महिला को प्रीत विहार स्थित मेट्रो अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मैक्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों ने सुधा को मृत घोषित कर दिया गया। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला है कि वारदात के समय सुधा अपने मकान का किराया लेकर मंडावली से लक्ष्मी नगर स्थित घर लौट रही थीं। परिजनों ने मंडावली में दुकान के बाहर रेहड़ी लगाने वाली एक महिला पर बुजुर्ग की हत्या करवाने का आरोप लगाया है।



मंडावली थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से हमलावरों की पहचान के प्रयास कर रही है। पुलिस परिजनों के आरोपों की भी पड़ताल कर रही है। पुलिस के मुताबिक सुधा अपने परिवार के साथ गुरु नानकपुरा, लक्ष्मी नगर में रहती थीं। इनके परिवार में तीन बेटे और दो बेटियां हैं। बेटियों की शादी हो चुकी हैं। बुजुर्ग महिला के पति विजयपाल की मौत हो चुकी हैं। इनके तीन में से दो बेटे डॉक्टर हैं। एक परिजन ने बताया कि सुधा गुप्ता की मंडावली में प्रॉपर्टी है।

**प्रॉपर्टी के आगे रेहड़ी लगाने वाली महिला पर हत्या करवाने का आरोपः** खबर मिलते ही महिला के परिजन रोते हुए वहां पहुंच गए। महिला के बेटे ने आरोप लगाया कि मंडावली में इनकी दुकान के बाहर एक महिला काफी समय से रेहड़ी लगाती है। इनकी मां ने महिला को रेहड़ी लगाने के लिए मना किया था। इस बात पर उससे तू-तू-मैं-मैं हुई थी। महिला ने इनकी मां को जान से मारने की धमकी दी थी। परिवार ने उस पर ही हत्या करवाने का आरोप लगाया है। पुलिस परिवार के आरोपों की जांच कर रही है। बाकी महिला से लूटपाट की बात से इंकार किया गया जा रहा है। दिन-दहाड़े हुए हत्या के बाद पूरे एरिया में लोग वारदात की चर्चा करते दिखे।

### शिकंजा

● वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। हमले के बाद महिला को प्रीत विहार स्थित मेट्रो अस्पताल ले जाया गया

# अक्षय पात्र की टीम ने मनाया योग दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली की अक्षय पात्र टीम ने** ओल्ड राजेंद्र नगर के आचार्य सुशील आश्रम में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सामूहिक योगाभ्यास किया। अक्षय पात्र की ओर से दिल्ली के चारों किचन के ऑपरेशन हेड के नेतृत्व में पूरी टीम ने भाग लिया। इस मौके पर साध्वी ललिता एवं दीप्ती ने योगाभ्यास कराया। बीएल सिंगला एवं आचार्य शुभेश सर्मन ने योगाभ्यास कराया साथ ही योग के महत्व पर चर्चा की। इस मौके पर अक्षय पात्र की ओर से मीनाक्षी कौशिक ने योग के महत्व को बताते हुए इसे विश्वव्यापी बनाए जाने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि योग करके शरीर को



निरोग रखा जा सकता है। योग कठिन नहीं है इसे सहज रूप से लें तो आप निरोग रहेंगे।

योग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य शुभेश सर्मन ने कहा कि योग में हम आसन, प्राणायाम व ध्यान को सम्मिलित करते हैं, योग हमारी आत्मिक शक्ति को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि आसन, प्राणायाम और ध्यान का संयोग ही योग है। योग के जरिए हम शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। इसलिए हमें दैनिक जीवन में योग को अपनाना चाहिए। वहीं बीएल सिंगला ने लोगों को कई तरह के योग कराए।

# आर्यभट्ट कॉलेज स्टूडेंट की हत्या में दो और गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दक्षिण पश्चिम जिले के साउथ कैंपस थाना इलाके स्थित आर्यभट्ट कॉलेज के छात्र की कॉलेज के बाहर हुई तीन दिन पहले हत्या के मामले में पुलिस ने दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। हालांकि एक नाबालिग को इस मामले में पुलिस ने हिरासत में लिया है। डीसीपी मनोज सी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान 18 वर्षीय यश और 19 वर्षीय तालीम के रूप में हुई है। ये दोनों ही आर्यभट्ट कॉलेज के छात्र है। इनका निखिल की हत्या में क्या रोल था, इसके बारे में पुलिस अभी पूछताछ कर रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पुलिस दो और आरोपितों राहुल और हारून को गिरफ्तार कर चुकी है। राहुल भी बीए प्रोग्रामिंग फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट निकला जबकि हारून स्कूल ड्रॉपआउट था और निलोठी में प्राइवेट जॉब करता था। इन पांचों को पकड़ने में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज की मदद मिली, जो हत्या की वारदात के बाद जांच में पुलिस को हाथ लगा था।

पश्चिम बिहार के रहने वाले निखिल की रविवार दोपहर में कॉलेज के बाहर चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी।

# भाजपा बताए बजरंगबली को भगवान मानती है या नहीं: संजय सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम** आदमी पार्टी ने दिल्ली की कानून व्यवस्था व दिल्ली सरकार के अधिकार छीनने के लिए लाए गए अध्यादेश के बाद अब आदिपुरुष फिल्म पर भाजपा को घेरना शुरू किया है। आप के कई नेताओं ने भाजपा से आदिपुरुष फिल्म के मामले में कई सवाल किए है। वहीं, आप के अन्य नेताओं ने उनके सवालों को सोशल मीडिया पर वायरल करके भाजपा को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया। हालांकि, भाजपा की ओर से उनके सवालों का जवाब नहीं दिया गया है।



आम आदमी पार्टी की ओर से आदिपुरुष फिल्म के मामले में उसके वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने ट्वीट करके भाजपा को घेरने की शुरूआत की। उन्होंने भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से सवाल किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के मुख्यमंत्रियों ने अपने आशीर्वाद से आदिपुरुष फिल्म बनवाई है और अब क्या वह भी मानते है भगवान बजरंग बली भगवान नहीं है? तो क्या भाजपा हनुमान चालीसा भी प्रतिबंध कर देगी? दूसरी ओर आप नेता व दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने उनके ट्वीट को अपनी टिप्पणी के साथ री-ट्वीट किया।

### परेशानी का सबब

● आप के कई नेताओं ने भाजपा से आदिपुरुष फिल्म के मामले में कई सवाल किए है

# ठग भी ठगी के तरीके बदल रहे हैं...सावधान! नकली भतीजे बनकर चाचा को लगा रहे चूना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बदलते** समय के साथ-साथ ठग भी ठगी के तरीके बदल रहे हैं। अब ठग विदेश में रह रहा नकली भतीजा बनकर चाचाओं को चूना लगा रहे हैं। देशभर के वह ऐसे लोगों को निशाना बनाते हैं, जिनके रिश्तेदार विदेश में रह रहे होते हैं। पहले किसी अंजान नंबर से उन्हें वाट्सऐप कॉल आती है। फिर कॉलर खुद को उसका (पीड़ित) भतीजा बताता है। अगले दिन वह फिर से कॉल करता है और बताता है कि वह किसी पार्टी में जा रहे हैं। दो-तीन दिन बाद फिर से उसका कॉल आता है और रोने लगता है कि उसे पुलिस ने पकड़ लिया है। उसे बचाने के लिए वकील से बात कर लीजिए।

कथित भतीजे को छुड़ाने के लिए पीड़ित वकील से बात करते हैं तो वकील उसे भारत में रहने वाले उसके एजेंट के बैंक खाते में पैसे भेजने को कहता है। हड़बड़ाहट कहें या फिर किसी तरह के लालच में लोग उस खाते में पैसे डलवा देते हैं।




जब उन्हें पता लगता है कि उनके साथ ठगी हो गई है तो उनके होश उड़ जाते हैं। बाहरी उत्तरी जिले में ऐसे ही दो मामले सामने आए हैं।

**फर्जी भतीजे की कॉल पर चाचा गंवा बैठे 15 लाखः** पहला मामला होलंबी कलां इलाके से सामने आया है। पुलिस को दी गई शिकायत में होलंबी कलां के ओमप्रकाश ने बताया कि 11 मई को उनके पास वाट्सऐप पर एक कॉल आया। कॉलर ने अपना नाम हरमन बताया व खुद को न्यूजीलैंड में रहने वाले उनके भतीजे के रूप में पेश किया। अगले दिन उसने फिर से कॉल कर बताया कि उसके एक दोस्त को यहां की स्थाई नागरिकता मिली है और वह पार्टी करने जा रहे हैं। इतना कहकर वह फोन काट देता है। इसके तीसरे दिन हरमन का फिर कॉल आता है और वह रोने लगता है। वह कहता है कि वह मुसीबत में है और उसे मदद चाहिए। उसने बताया था कि उस दिन वह दोस्तों के साथ पार्टी में गया था। वहां पर उनका न्यूजीलैंड के स्थानीय लोगों के साथ झगड़ा हो गया। पुलिस उन्हें पकड़कर ले गई। पुलिस को पैसे देने हैं और वह इस बारे में किसी से जिक्र न करें। उसने कहा कि परिवारजनों को पता चला तो उसके लिए अच्छा नहीं होगा। उसने जगमोहन सिंह नींदा नामक वकील का नंबर दिया व जैसे वकील बोले वैसा करने को कहा। इसके बाद जगमोहन सिंह का शिकायतकर्ता को कॉल आया व उसने कहा कि वह उनके भतीजे को छुड़वा लेगा।

इसके लिए एक लाख डॉलर उसकी फीस है और एक लाख डॉलर खर्चा आएगा। यह कहकर उसने भारत में उसके एजेंट आकाश के बैंक खाते का नंबर दिया। ओमप्रकाश ने उस खाते में 15.5 लाख रुपये भेज दिए। बाद में उसने अपने चचेरे भाई को कॉल किया तो उसे पता लगा कि उससे ठगी हो गई है।रोहिणी सेक्टर 11 के सरबजीत सिंह को तीन मई को वाट्सऐप पर इसी तरह अंजान नंबर से कॉल आया। कॉलर ने बताया कि वह उनका भतीजा प्रिंस बोल रहा है। वह परिवार के साथ कनाड़ा में रहता है। उसका व उसके दो दोस्तों का कनाडा के लोगों के साथ झगड़ा हो गया है।

### रोहिणी सेक्टर 11 के सरबजीत को बनाया शिकार

**कनाड़ा** के स्थानीय लोग चोटिल हो गए व पुलिस उन्हें पकड़कर ले गई। उसने बताया कि अगर यह बात उसके परिवार के लोगों को पता चली तो उसके लिए काफी शर्मनाक बात होगी। इसके बारे में किसी को न बताएं। उसने जगमोहन सिंह नींदा नामक वकील से बात करने को कहा। कुछ समय बाद कथित वकील का फोन आया। उसने कहा कि वह उनके भतीजे को पुलिस से छुड़वा लेगा। इसके लिए पांच हजार कनेडियन डॉलर का जुर्माना देना पड़ेगा। उसने भारत में उनके एजेंट आकाश के बैंक खाते का नंबर भेजा। शिकायतकर्ता ने उस खाते में तीन लाख रुपये भेज दिए। इसके बाद आरोपित 1.2 लाख रुपये और मांगने लगे। शिकायतकर्ता ने 1.2 लाख रुपये भेजे, लेकिन बैंक ने ट्रांजेक्शन रद्द कर दी।शाम तक उन्हें ठगी का अहसास हुआ और पुलिस को शिकायत की। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस तरह के मामले देशभर से सामने आ रहे हैं। वाट्सऐप पर कॉल कर कॉलर खुद को शिकायतकर्ता का भतीजा बताता है। कॉल कर वह दावा करता है कि वह विदेश में परिवार के साथ रह रहा है और फंस गया है। थाने से वह कॉल कर रहा है। वह दावा करते हैं कि बाद में वह उन्हें (कथित चाचा) पांच गुना पैसे भेजेगा। इसी लालच में लोग ठगी का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के किसी भी अंजान व्यक्ति का कॉल आता है तो उसे पैसे न भेजें व पुलिस को शिकायत करें।

## न्यूज फ्लैश

### इंटरनेशनल योगा प्लेयर एसएचओ सतविंदर ने मनाया योग दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**आज के** युग में अगर स्वास्थ्य ठीक रखना है तो योग जरूरी हमारे देश में योग दिवस के रूप में मनाया जाता है! इसी तरह योग में हमारी हरियाणा पुलिस की इंस्पेक्टर सतविंदर कौर भी इंटरनेशनल योगा प्लेयर है जो चाइना और दुबई (विदेश) में हमारे हिंदुस्तान का नाम रोशन कर चुकी है।

सतविंदर कौर आजकल अंबाला साइबर थाना डिस्ट्रिक्ट अंबाला में रत्नड है। अपराधी इंस्पेक्टर सतविंदर कौर का नाम सुनते ही कांपते है जब हमने रत्नड मैडम से बात की तो उन्होने बताया की मेरी बचपन से ही खेलों में रुचि थी ! पहले मैं जूडो कराटे की प्लेयर भी रह चुकी हु भविष्य में भी मैं योगा खेल कर अपने देश का नाम रोशन करती रहूंगी। इंस्पेक्टर सतविंदर कौर अंबाला ने हरियाणा वासियों को रोज योग करने के लिए कहा और योग दिवस पर हरियाणा वासियों को योग दिवस पर बधाई दी !

### ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल ने उत्साह और उल्लास के साथ मनाया "विश्व योग दिवस"

**गुरुग्राम।** ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल ने छात्रों के लिए योग दिवस पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिन्होंने शारीरिक और मानसिक कल्याण के लिए अपना समर्थन दिखाया। हर साल योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है जब दुनिया भर के लोग अपने स्वास्थ्य, शांतिपूर्ण मन और आत्मा की देखभाल के लिए अपना समय देते हैं।

ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों को अपनी भलाई का मूल्यांकन करने और आध्यात्मिक अनुशासन से अवगत होने का अवसर मिला। सुश्री रेणुका (पेशेवर योग प्रशिक्षक) की सहायता से, छात्र योग का अभ्यास करने में सक्षम थे; उन्होंने खुद को शांत करने और ध्यान केंद्रित करने के लिए अपनी दिनचर्या में लागू करने के लिए विभिन्न आसन, श्वास अभ्यास, ध्यान तकनीक और कुछ रोजमर्रा की आसनों और योग अभ्यास को सीखा। छात्रों को महत्व के साथ सुप्त पवनमुक्तासन, भुजंगासन, गरुड़ासन, ताड़ासन, सूर्यासन और अन्य कई आसन सिखाए गए। कुछ शिक्षक आसन कर रहे छात्रों की लगातार मदद कर रहे थे और उन तक पहुंच रहे थे। पूरे सत्र के दौरान छात्र-छात्राएं खुशी और उत्साह से झूम उठे।

### टाटा एआईए ने पॉलिसीधारकों के लिए सर्वोच्च 1,183 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की

**नोएडा।** भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए पार्टिसिपेटिंग (पीएआर) पॉलिसीधारकों के लिए 1,183 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की है। कंपनी वर्षों से अपने योग्य पॉलिसीधारकों को बोनस का भुगतान कर रही है, और वित्तीय वर्ष 23 बोनस वित्तीय वर्ष 22 में घोषित 861 करोड़ रुपये बोनस से 37% अधिक था। इस बोनस के लिए कुल 7,49,229 प्रतिभागी पॉलिसीज पात्र हैं। टाटा एआईए अपनी मजबूत फंड प्रबंधन क्षमताओं को मजबूत जोखिम प्रबंधन प्रथाओं को देखते हुए अपने भाग लेने वाले पॉलिसी धारकों को उच्च बोनस के साथ लगातार पुरस्कृत करने में सक्षम रहा है, इस प्रक्रिया में, इसने सुनिश्चित किया है कि इसके उपभोक्ता इसके अभिनव बीमा समाधानों से लाभान्वित हों और आनंद लें। उपभोक्ता इसे दृढ़ता के मामले में सर्वश्रेष्ठ में से एक कंपनी के रूप में स्वीकार करते हैं। दृढ़ता एक मैट्रिक्स है जो उन उपभोक्ताओं का प्रतिशत दिखाती है जो अपनी पॉलिसी को नवीनीकृत करना चुनते हैं, इस प्रकार ब्रांड में अपना विश्वास दोहराते हैं। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के अध्यक्ष और मुख्य वित्तीय अधिकारी, समित उपाध्याय ने कहा, "टाटा एआईए में, हम उपभोक्ता जुनून के अपने बुनियादी मूल्य से प्रेरित हैं। हमारा प्रयास अपने उपभोक्ताओं को उनकी वित्तीय भलाई में भागीदार बनाना है और यह बोनस घोषणा इस संबंध में हमारे पॉलिसीधारकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करना जारी रखेंगे कि टाटा एआईए के उपभोक्ता वित्तीय रूप से सुरक्षित हैं और उनकी निष्ठा के लिए उन्हें पुरस्कृत किया जाए। टाटा एआईए द्वारा विकसित पीएआर उत्पाद जीवन बीमा कवर, आय, साथ ही बोनस के रूप में एकमुश्त लाभ प्रदान करते हैं। इन समाधानों में निवेश करने से उपभोक्ताओं को बाजार से जुड़े उत्पादों से जुड़े जोखिमों के बिना अपने निवेश को बढ़ाने का अवसर मिलता है। नकद बोनस तरलता प्रदान करते है।

# नई मुसीबत में फंसे सूरजमुखी उगाने वाले

## किसान नेता के नेतृत्व में मार्किट कमेटी सचिव व कृषि विभाग के अधिकारियों से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
अब गन्नौर क्षेत्र के करीब 20 किसान नई मुसीबत में फंसे है। सूरजमुखी उगाने वाले किसानों की पोर्टल पर डाटा पेरीफाई न होने की गड़बड़ी से फसल नही बिक पा रही। इसी मामले में बुधवार को भाकियू नेता जयभगवान मलिक के नेतृत्व में मार्किट कमेटी के सचिव व कृषि विभाग के अधिकारियों से मिलकर किसानों की समस्या के समाधान की मांग की। किसानों का कहना कि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना होता है। इसमें आधार का वेरिफिकेशन भी कराना



होता है। इसके बाद कृषि विभाग के अधिकारी फसल के साथ किसान की फोटो को अपलोड करते है। उसके बाद डाटा वेरीफाई करना होता है लेकिन राजस्व विभाग द्वारा डाटा वेरीफाई नही होने व पोर्टल पर गलत डाटा अपलोड होने की वजह से उनका गेट पास नहीं बन पा रहा है। इससे उन्हें उपज बेचने में परेशानी हो रही है। गन्नौर क्षेत्र के सूरजमुखी उगाने वाले किसान एक नई आफत में फंस गए हैं। नई आफत इसलिए कही जा रही है क्योंकि किसान अपनी फसल को बेचने के लिए मंडी के चक्कर काट रहे है लेकिन उनका गेट पास नही बन रहा है। किसानों की शिकायत है कि उनका ब्योरा गलत ढंग से पोर्टल पर पेश किया गया है जिससे उन्हें अपनी उपज बेचने में परेशानी हो रही है।

**राजस्व विभाग ने नही किया वेरीफाई :** किसान नेता जयभगवान मलिक व राजपुर व लड़सौली गांव के किसानों का कहना कि हमने अपनी फसल का रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर कराया, वेरिफिकेशन हुआ और पोर्टल पर उपज भी दिख रही है लेकिन जब मैं उपज बेचने गया तो गेट पास जारी नहीं हो रहा था। पता किया तो राजस्व विभाग ने उनकी फसल को वेरीफाई नही किया। जिस कारण न तो फसल बिक रही और न ही उन्हें सबिसडी प्रति एक हजार रुपएं एकड़ के हिसाब से मिल रही है।

**मार्किट कमेटी सचिव ने कहा कि खरीद केन्द्र नही है: सचिव चन्द्रप्रकाश**
मार्किट कमेटी सचिव चन्द्रप्रकाश ने किसानों ने बताया कि उनकी फसल का पंजीकरण पूर्ण रूप से नही हुआ है। जो पोर्टल पर दिखाई नही दे रहा। गन्नौर में सुरजमुखी खरीद केन्द्र भी नही है। सरकार ने पूरे प्रदेश में 13 खरीद केन्द्र बनाए है। जहां ज्यादा इस फसल की पैदावार होती है। कृषि विभाग के खंड अधिकारी आन्नद सिंह श्योराण ने बताया कि डाटा वेरीफाई कर दिया अब राजस्व विभाग से क्या कमी रही हमें पता नही है।

## ऑनलाइन पिंडदान व पूजा के लिए पोर्टल बनाएगा केडीबी



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )विकास** बोर्ड के नवनियुक्त मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने कहा कि उनका यह कार्यकाल विश्वप्रसिद्ध सन्निहित सरोवर को समर्पित रहेगा। सन्निहित सरोवर पर श्रद्धालु तीर्थाटन की दृष्टि से आते हैं इसलिए इस तीर्थ के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उपेंद्र सिंघल आज मानद सचिव का कार्यभार संभालने के पश्चात श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा द्वारा संचालित कुरुक्षेत्र संस्कृत वेद विद्यालय एवं छात्रावास में प्रवेश पाने वाले नवोदित 51 ब्रह्मचारियों के यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के मुख्य सलाहाकार जयनारायण शर्मा एडवोकेट ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सभा के प्रधान श्याम सुंदर तिवारी तथा प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## आर्य बाल भारती स्कूल में खेल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**विश्व योग** दिवस पर आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में खेल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य आर्य सत्यवान मलिक ने की । कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र से और समापन शांति पाठ के साथ हुआ। समारोह को डीपी जगदीश चहल और ओम दत्त आर्य ने भी संबोधित किया । यह जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने बताया कि विद्यालय की छात्रा साइना को अंबाला में आयोजित प्रदेश स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में प्रथम पुरस्कार मिलने पर हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक के प्रधान सेठ राधा कृष्ण आर्य ने बधाई दी है और साइना के उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य आर्य सत्यवान मलिक ने कहा खेलों से जहां तन-मन स्वस्थ रहता है वहीं बच्चों में नेतृत्व करने की भावना को भी बल मिलता है। उन्होंने कहा हरियाणा भारतीय खेलों और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की जन्म व कर्म स्थली है। विद्यालय की छात्रा ने अंबाला में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके पानीपत का नाम रोशन किया है। इसलिए विद्यालय के अन्य छात्रों को भी साइना की इस उपलब्धि से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर साइना के पिता महबूब खान ने बताया कि वह साधनों के अभाव में भी बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा व संस्कार देने के सभी प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके परिवार में 4 बच्चे हैं तीन बेटी और एक बेटा है और साइना सबसे छोटी है इसलिए इससे सभी प्यार करते हैं। बड़ी लड़की मुस्कान भी आर्य कॉलेज में इ.अ. में पढ़ती है और वह भी पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी भाग लेती है पिता महबूब बेटी साइना को विश्व स्तर की खिलाड़ी बनाना चाहते हैं।

## ऊंच-नीच का भेदभाव मिटाकर करें समाज सेवा: मुख्यमंत्री

**पानीपत: मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने बुधवार को मॉडल टाऊन स्थित गुरूद्वारा श्री गुरु रामदास सिंह सभा में माथा टेककर सभी के कल्याण के लिए अरदास करते हुए कहा कि गुरूओं के द्वारा बताया गया मार्ग और उनकी शिक्षाएं जनकल्याण व लोगों की भलाई करने वाली रही है। हमें भाई चारा बनाकर और ऊंच-नीच का भेदभाव मिटाकर समाज की सेवा करनी चाहिए। इस मौके पर सभा की ओर से उन्हें सरोपा व स्मृति चिह्नद देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान गुरूद्वारे में हरियाणा गुरूद्वारा प्रबंधक कोर कमेटी के साथ चर्चा भी की। इस मौके पर उनके साथ सांसद संजय भाटिया, शहरी विधायक प्रमोदय विज, मेयर अवनीत कौर, भाजपा जिला अध्यक्ष अर्चना गुप्ता, उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया, एसडीएम वीरेन्द्र कुमार ढुल आदि मौजूद रहे।

## योग दिवस पर कोर्ट कंपलेक्स नारायणगढ़ में कार्यक्रम का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस पर कोर्ट काम्पलैक्स नारायणगढ़ में सब डिवीजनल लीगल सर्विस कमेटी नारायणगढ़ की चेयरपर्सन माननीया सुमित्रा कादियान की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन डीएलएसए अम्बाला के निदेशार्नुसार आयोजित इस अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी, बार के सदस्यों, पैनल अधिवक्ताओं, पैरा लीगल वालंटियर्स और कोर्ट स्टाफ द्वारा भाग लिया गया और योग एवं प्राणायाम किया गया। उपमण्ड़ल विधिक सेवा समिति नारायणगढ़ द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने योग एवं प्राणायाम किया।

इस अवसर पर सब डिवीजनल लीगल सर्विस कमेटी (एसडीएलएससी) नारायणगढ़ की चेयरपर्सन माननीया सुमित्रा कादियान ने सभी लोगों को अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अपने संदेश में योग के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि योग हमारे जीवन का आधार है। यह एक सम्पूर्ण जीवन शैली है। योग करके हमें शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते है। प्रत्येक दिन योग करें और इसे अपनी जीवनशैली में शामिल करें।

योग को अपनाकर जीवन बेहतर बनाया जा सकता है। बता दें कि पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ के निदेर्शों के अनुसार, आयोजित योग दिवस कार्यक्रम के आयोजन में बार एसोसिएशन नारायणगढ़, जिला प्रशासन अम्बाला तथा आयुष विभाग का भी सहयोग रहा। पतंजलि से योग शिक्षक एवं एडवोकेट अमरनाथ धीमान, आयुष विभाग से योग शिक्षक नरेन्द्र सिंह, देवन्द्र शर्मा ने सामान्य योग अभ्यासक्रम (प्रोटोकाल) करवाया और योग एवं प्राणायाम के महत्व पर जानकारी दी। मंत्रो उच्चारण के साथ योग अभ्यासक्रम शुरू हुआ और संकल्प उपरांत शांति पाठ के साथ सम्पन्न हुआ।

# 'योग करने से व्यक्ति शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**एसडीएम** सी जया शारधा ने कहा कि योग एवं प्राणायाम को प्रतिदिन करें और स्वस्थ रहे। दिनचर्या में योग को शामिल कर हम अपने तन और मन को निरोग रख सकते है। नियमित रूप से योग करने से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। एसडीएम आज राजकीय मॉडल संस्कृति सीनीयर सैकण्डरी स्कूल नारायणगढ़ में आयोजित अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बतौर मुख्यतिथि सम्बोंधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि योग को मात्र एक दिन नहीं बल्कि स्वेच्छा से



हर रोज करें। योग से शरीर के सभी अंग सही प्रकार से काम करते है। उन्होंने कहा कि महिलाएं भी प्रतिदिन अपनी क्षमता अनुसार योग करें। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संदेश स्क्रीन के माध्यम से देखा और सुना गया।

एसडीएम ने कहा कि योग करने से जहां हम स्वस्थ रहते है वहीं हमारें अंदर सकारात्मक विचार आते है। उन्होंने कहा कि शरीर को फिट रखने के लिए योग, प्राणायाम एवं ध्यान करना चाहिए। आजकल की लाइफ स्टाइल के हिसाब से सभी को प्रतिदिन अपनी शारीरिक क्षमता अनुसार योग करना चाहिए। योगासन हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाते है। योग, प्राणायाम व ध्यान से शरीर के अंग सक्रिय रहते है और दिमाग की सकारात्मकता बढती है। बता दें कि यह कार्यक्रम उपमण्डल प्रशासन, हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग हरियाणा के तत्वाधान में आयोजित किया गया था। जिसमें शिक्षा विभाग का विशेष सहयोग रहा।

हरियाणा योग फैडरेशन के सदस्य व पतजंलि योग समिति के मण्डल प्रभारी सुरेन्द्र सैनी, प्राध्यापक एवं योग साधक संजय धीमान, योग साधक सीद्धी भारती, नमन सैनी ने योग क्रियाओं एवं प्राणायाम के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के आसन प्रोटोकाल के मुताबिक करवाये। कार्यक्रम में प्रमाण-पत्र देकर उन्हें व अन्य योग साधकों को सम्मानित भी किया गया।

## पिडिलाइट के प्रभावी टाइल फिक्सिंग एडहेसिव ब्रांड रॉफ ने उपभोक्ता जागरूकता अभियान शुरू किया

**हिसार :** पिडिलाइट, कंस्ट्रक्शन और स्पेशिलिटी कैमिकल्स के प्रमुख निमार्ता ने टाइल फिक्सिंग के लिए पुराने विकल्पों की बजाए अपने प्रभावी टाइल फिक्सिंग एडहेसिव ब्रांड रॉफ की ह्ममगर की जकड़ह्य जैसी मजबूती को लेकर नया उपभोक्ता जागरूकता अभियान शुरू किया है। ये कैम्पेन सीमेंट सहित पारंपरिक टाइल फिक्सिंग प्रोसेस के परिणामस्वरूप टूटी हुई टाइलों, डिबॉन्डिंग, गिरने वाली टाइलों और ऊबड़-खबड़ लगी टाइलों के साथ ग्राहक की हताशा को भी सामने लाएगा। इसमें साफ दिखाया गया है कि गलत टाइल लगाने के कारण ग्राहक लगातार परेशानियों का सामना करता है।पिछले कुछ दशकों में टाइलों के उपयोग में काफी तेजी से बदलाव आया है, और पारंपरिक टाइल फिक्सिंग विधियों का पालन करना आज के ग्राहकों की उभरती जरूरतों के अनुरूप नहीं हो सकता है।दरअसल, सिरेमिक टाइलों के पीछे मिट्टी की सतह होती है जो सीमेंट के साथ अच्छी तरह से बंध जाती है, विट्रीफाइड टाइलें, जो आज सबसे अधिक उपयोग की जाने वाली टाइलें हैं, के पीछे एक चिकनी, सपाट और बिना किसी छेदवाली सतह होती है जो अकेले सीमेंट के साथ मजबूती से बंध पाना मुश्किल होता है। साथ ही अलग अलग जगहों पर लगने वाली टाइल का आकार भी बड़ा होता जा रहा है। टाइल लगाने की पारंपरिक विधि उनकी पकड़ की ताकत को काफी कम कर देती है। लगातार बेहतर होती मॉडर्न टाइलों और पत्थरों को अधिक मजबूती के साथ पकड़ बनाए रखने के लिए हाई पावर एडहेसिव्स की आवश्यकता होती है जो सही फिक्सिंग के लिए समान रूप से फैलते हैं।

## ड्रेन न. 2 में नहाते समय डूबने से 11 वर्षीय बच्चे की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**छाजपुर कलां** गांव में ड्रेन न. 2 में नहाते डूबने से समय करीब 11 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। जिससें परिजनों व ग्रामीणों में शोक की लहर है। जानकारी अनुसार छाजपुर कलां गांव निवासी विकास पुत्र प्रवीण अपने अन्य साथियों के साथ घर से बिना बताए ड्रेन न. 2 में नहाने के लिए गया था, लेकिन अचानक पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया। जिसकों अन्य बच्चों ने बचाने का प्रयास किया और बचाओ-बचाओ की आवाज लगाई तो खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना सरपंच राजेन्द्र रावल को देते हुए बच्चे को ढूंढने लगें। सूचना मिलते ही सरपंच राजेन्द्र रावल मौके पर पहुंचा और परिजनों, ग्रामीणों व पुलिस को सुचित किया सूचना मिले ही भारी संख्या में ग्रामीण व पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों ने डूबे बच्चे को ढूंढने का प्रयास किया। करीब सवा घंटे के उपरांत बच्चा मिला और उसको निजी अस्पताल पानीपत ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# पुलिस ने पंजाब से गुजरात ले जाए जा रहे शराब के कंटेनर को पकड़ा, 256 पेटी अवैध शराब मिली

**नारनौल/संतोष यादव**
**सीआईए पुलिस** ने एक शराब से भरे कंटेनर को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। बताया जा रहा है कि कंटेनर में शराब भरकर पंजाब से गुजरात ले जाई जा रही थी। इस मामले में पुलिस ने एक स्कार्पियो व एक आई 10 गाड़ी को भी पकड़ा है। दोनों गाड़ियां शराब के कंटेनर को एस्कॉर्ट कर रही थी। वही इन गाड़ियों में से चंडीगढ़ पुलिस की दो वर्दियां भी बरामद हुई हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि तस्करी के मामले में चंडीगढ़ पुलिस के कर्मचारियों का भी हाथ है।

सीआईए पुलिस को सूचना मिली कि एक कंटेनर बंद गाड़ी में भरकर भारी मात्रा में अवैध शराब पंजाब से गुजरात ले जाई जा रही है। इस गाड़ी के आगे पायलट गाड़ी स्कॉर्पियो तथा एक आई 10 गाड़ी भी है। जिसमें चालक रविंदर निवासी मुंडिया खेड़ा तथा अनिल निवासी भिवानी बैठा हुआ है। जबकि 10 गाड़ी में भिवानी के दिनोद निवासी नवीन वह अनु भी हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने गांव कादीपुर के पास नाकेबंदी की। नेशनल हाईवे नंबर 152 से होकर ट्रक 148 पर जाने लगा तो पुलिस ने कैंटर व स्कॉर्पियो गाड़ी को रुकवाया। पूछताछ करने पर स्कार्पियो चालक ने अपना नाम रविंद्र तथा 10 चालक ने अपना नाम अनु बताया। वही कैंटर चालक ने अपना नाम केवल सोनी निवासी भिवानी वह हेल्पर ने अपना नाम प्रिंस निवासी भिवानी बताया। जिसके बाद पुलिस ने गाड़ी को चेक किया। गाड़ी के अंदर चंडीगढ़ पुलिस की कॉन्स्टेबल रविंद्र वह कॉन्स्टेबल अनिल कुमार नेम प्लेट की दो वर्दियां भी मिली। वहीं पुलिस ने जब कंटेनर को चेक किया तो पुलिस ने कंटेनर के अंदर से पेटियों में रखी हुई अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद की। इनमें अधिकांश शराब की पेटी मैकडोल नंबर वन की मिली, जबकि रेड लेबल की भी 16 पेटी शराब बरामद हुई। वही बीयर बुडवाइजर की भी 18 पेटी शराब बरामद हुई।

# समझौता करने नाम पर रुपए ऐंठने वाले के खिलाफ एसआईटी गठित

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**दुष्कर्म मामले** में समझौता करने नाम पर रुपए ऐंठने के आरोप में गिरफ्तार हुए गिरोह के खिलाफ जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गई है। एसीपी गन्नौर गोरखपाल के नेतृत्व क्राइम यूनिट गन्नौर की टीम व थाना बड़ी की टीम गिरोह द्वारा दर्ज करवाए गए सभी दुष्कर्म के मामलों की जांच करेगी। इस संबंध में एसीपी गोरखपाल ने बुधवार को क्राइम यूनिट गन्नौर की टीम व थाना बड़ी की टीम के साथ बैठक करते हुए जांच को तेज करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मामले में गिरफ्तार हो



चुके गिरोह के सदस्यों द्वारा दर्ज करवाए गए सभी दुष्कर्म के मामलों की जल्द रिपोर्ट तैयार कर उन्हें सौंपे। जांच में पाए जाने वाले झूठे मुकदमों को निरस्त भी किया जाएगा। एसीपी गोरखपाल का कहना है कि मामले में जल्द ही खुलासे किए जाएंगे।

**एसीपी** गोरखपाल ने बताया कि कि एक महिला ने दिनेश नाम के युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला थाना बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में दर्ज करवाया था। इसके बाद दिनेश के साथी लल्हेड़ी गांव के रहने वाले विजय ने थाना बड़ी में शिकायत दी कि उसके दोस्त दिनेश के खिलाफ दुष्कर्म का झूठा मामला दर्ज करवाया गया है। दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला और उसके सहयोगियों ने समझौता करने के नाम पर 7 लाख रुपए की डिमांड कर रहे हैं। जिसके बाद क्राइम युनिट टीम ने दो महिलाओं के साथ सोनीपत के ईश्वर को विजय से 3 लाख रुपए लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपित एक गिरोह की तरह काम करता है।

इससे पहले भी वह इस तरह के कई मामले दर्ज करवा चुके हैं। अब एसआईटी यह पता लगा रही है कि यह गिरोह इस तरह की ठगी वह कितने व्यक्तियों के साथ कर चुके हैं।

# राई स्पोर्ट्स स्कूल परिसर में 400 से अधिक एन सी सी कैडेट्स ने किया योगाभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/ राई** स्पोर्ट्स स्कूल परिसर में नवम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम प्रातः मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑनलाइन संदेश के बाद प्रारंभ किया गया। लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण ने कार्यक्रम प्रारंभ होने से पहले कैडेट्स को संबोधित करते हुए बताया कि योग के नियमित अभ्यास में प्रतिदिन आसन व प्राणायाम करने से शरीर सदा नीरोगी रहता है,मन व आत्मा प्रसन्न रहती है,शरीर में वात पित्त कफ का उचित अनुपात

**अभ्यास के दौरान करवाए गए सूक्ष्म व्यायाम, आसनों की विधि,उनसे होने वाले लाभ तथा सावधानियां भी बताई गई**

रहने से सप्त धातुओं का निर्माण होता है। यशस्वी वैलनेस संस्था के योग प्रशिक्षकों ने कार्यक्रम में उपस्थित 400 से अधिक एन सी सी के कैडेट्स व अधिकारियों को सामान्य योग प्रोटोकॉल का अनुसार पहले गर्दन,घुटने, कमर के सूक्ष्म आसन, खड़े होकर किए जाने वाले ताड़ासन, पादहस्तासन, त्रिकोणासन, मंडूकासन,शशांकासन,उष्ट्रासन, पेट के बल मकरासन,भुजंगासन, शलभासन आदि का अभ्यास करवाया। पीठ के बल पवनमुक्तासन, उत्तानपादासन आदि का अभ्यास करवाकर शवासन में विश्राम करवाया। अभ्यास के दौरान करवाए गए सूक्ष्म व्यायाम, आसनों की विधि,उनसे होने वाले लाभ तथा सावधानियां भी बताई गई। लक्ष्य समिति की कार्यकारिणी सदस्य व योग प्रशिक्षिका मोनिका ने मंच संचालन किया। स्टेज से अंकित गहलावत,यश वर्मा,घनश्याम,अभिषेक ने आसनों का प्रदर्शन किया।

# नरेला: केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया योग दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** विद्यालय नरेला में नौवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में योग शिक्षिका सोनिया व राजकुमार के निर्देशन में विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ योग्य योगाभ्यास किया। साथ ही बताया कि योग के माध्यम से शरीर को कैसे स्वस्थ रखा जा सकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ ओम व गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ हुआ।






तत्पश्चात स्कूल के प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं शिक्षकों ने योग कला का अद्वितीय प्रदर्शन किया। बच्चों ने वज्रासन, ताड़ासन, गोमुखासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, कपालभाति आदि का अभ्यास करते हुए सभी लोगों को स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। इस दौरान विशेष प्रशिक्षित बच्चों द्वारा योग पिरामिड बनाकर लोगों को अचंभित कर दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मुन्ना लाल ने योग के बारे में विस्तार से बताया तथा योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक फायदे को बताते हुए कहा कि निरोग रहने का सबसे सहज माध्यम योग ही है, स्वस्थ रहने के लिए जीवन में योग करना आवश्यक है, क्योंकि नियमित रूप से योग करने से शारीरिक एवं मानसिक दोनों तरह का विकास होता है। सभी को अपने जीवन की दिनचर्या में योग को अवश्य अपनाना चाहिए। इस मौके पर अंजली वर्मा, कृष्ण कुमार, सत्यवीर, आलोक कुमार, मुनेश खुरिया, राजकुमार, सोनिया सहित सभी शिक्षक व स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

## 'राजधानी में बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए आप व भाजपा जिम्मेवार'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया और कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रवासी मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल पंजाब सरकार के हवाई जहाज से यात्रा करके राजस्थान के गंगानगर में राजनीतिक बयानबाजी करके राजस्थान के स्वास्थ्य मॉडल को धराशाही बताकर दिल्ली के झूठे स्वास्थ्य मॉडल का ढ़ोल पीटकर सच्चाई को दबा नहीं सकते, क्योंकि दिल्ली के स्वास्थ्य मॉडल की वास्तविकता की पोल कोविड कॉल में जनता के सामने खुल चुकी है। केजरीवाल की दिल्ली और पंजाब सरकारों के बेहतर स्वास्थ्य मॉडल का उदाहरण सबके सामने है कि उनके दो स्वास्थ्य मंत्री भ्रष्टाचार के कारण महीनों जेल में बंद रह चुके है।




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एनएसपी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयुष मंत्रालय द्वारा योग शिविर आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि दिल्ली के पूर्व प्रभारी व भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक रविंद्र बंसल, पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, निगम पार्षद रेखा गुप्ता, पीतमपुरा वार्ड से निगम पार्षद डॉ अमित नागपाल, जयकिशन गोयल, सोनू शक्ति, नरेश जैन, प्रवीण मल्होत्रा, पंकज दुरेजा, संजीव मेहता मौजूद रहे।

## वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर नवम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर** पूर्वी दिल्ली के दिलशाद गार्डन स्थित एटीडीसी के तत्वाधान में प्रतिष्ठा युवा संगठन द्वारा नवम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून थीम वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर वन वर्ल्ड, वन हेल्थ के साथ आयोजित किया गया। योग कार्यक्रम में ४० से अधिक युवाओं ने प्रतिभागिता करते हुए योग किया। कार्यक्रम में एटीडीसी प्रधानाचार्या अमिता कौशल, योग प्रशिक्षक मोहित कुमार, विन्नी प्रवक्ता, गीतांजलि, संदीप कौर, वन्दना, अमनजोत, कोमल, संगठन स्वयं सेवक आराधना यादव एवं सिमरन कार्तिक उपस्थित रहे। मोहित



कुमार ने बताया कि योग सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार कराया जा रहा हैं, योग करने से शरीर को कई फायदे होते हैं यह आपको फिट रखता है, वहीं रोज योग करने से कई बीमारियों से निजात भी मिलती है।



जहांगीरपुरी में आयोजित योग शिविर में योग करते हुए निगम पार्षद अजीत यादव, पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा व अन्य लोग।

# शालीमार बाग में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शीश महल पार्क में योग शिविर का हुआ आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के शालीमार बाग स्थित शीश महल पार्क में पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर की अगुवाई में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया गया। इस मौके पर वार्ड नम्बर-55 भाजपा के मंडल अध्यक्ष किशन पाल यादव के अलावा योग गुरू योगी मुनि सहित वार्ड नम्बर-55 के समस्त भाजपा कार्यकर्ता व गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर योग गुरू योगी मुनि द्वारा सभी को योग सिखाया गया। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने लोगों से कहा कि सभी को योग करना चाहिए, योग करने से स्वास्थ्य ठीक रहता है। इसलिए सभी योग करें और दूसरों को भी योग करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर और मंडल अध्यक्ष किशन पाल यादव व उनकी टीम ने पार्क में मौजूद लोगों में मोदी सरकार के कार्यों के पम्पलेट भी बांटें। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष किशन पाल यादव ने योग शिविर में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद किया और कहा कि सभी को योग करना चाहिए, योग करने से व्यक्ति का स्वास्थ्य ठीक रहता है। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

# मॉडल टाउन: पूर्व पार्षद स्वर्गीय चंद्र भान वधवा की मनाई गई पुण्यतिथि

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मॉडल टाउन इलाके में पूर्व निगम पार्षद चंद्रभान वधवा की 16वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विनोद वधवा, अंजना वधवा, राहुल वधवा स्निग्धा वधवा ने किया। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद चंद्र भान वधवा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गये। इस मौके पर बिमला सूरी, अजीत सूरी, अनिल वधवा, जेके डाबर, हरदेश खेतरपाल, आरती खेतरपाल, राज वधवा, अंकित वधवा, कृति वधवा, हिमांशु वधवा, रतिका



वधवा, नरेंद्र चुग, गुलशन साहनी, शारदा साहनी, जनक आनंद, गीता आनंद, अनीता कपूर, अमिता साहनी, पायल साहनी, वीना बजाज, सुधीर मेहता, आदेश भारद्वाज, निशांत कुमार, विजेंद्र खारी, रुचिका आनंद, कंवल सेठी, रश्मि बजाज, देश राज चौधरी, रवि कोचर, रमेश गोएल, रमेश कुमार, राज पल, जुगल किशोर, जय किशन भारती, अनिल त्यागी, लभु राम गर्ग, अनुराधा अग्रवाल, अजय साहनी, अमित वधवा, संजीव शर्मा, सुधीर मेहता, रमेश मांगा, सुरजीत सिंह, अजय साहनी, विनोद शर्मा, मुकेश कुमार त्यागी, हरीश चौधरी, सुशील नारंग, राजिंदर सिंह मलिक, बिनोद कुमार, अनुषा वधवा, दिशिता वधवा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## भगवंत मान का सिख मामलों में हस्तक्षेप का तरीका गलत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष स. हरमीत सिंह कालका व महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने कहा है कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को गुरबाणी के टी.वी प्रसारण के मामले में श्री अकाल तख्त साहिब जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह के आदेशानुसार अपना चैनल शुरू करना चाहिए। आज यहां जारी किए एक बयान में सरदार कालका व सरदार काहलों ने कहा कि ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने एक साल पहले शिरोमणि कमेटी को अपना चैनल शुरू करने की हिदायत दी थी।

# योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं: हंसराज हंस





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूरे** विश्व में योग की धूम रही। हर कोइ योग करता नजर आया। प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी यूएन में 135 देशों के प्रतिनिधिमंडल के साथ योग कर रिकॉर्ड बनाया। इसी कड़ी में दिल्ली स्थित रोहिणी के स्वर्ण जयंती पार्क में 5000 से अधिक लोगों ने योगाभ्यास किया। वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद हंसराज हंस ने सभी के साथ योग किया और अपने संबोधन में कहा कि जिसने योग नहीं किया उसने अपना जीवन व्यर्थ कर दिया। योग से जहां शारीरिक रोगों से छुटकारा मिलता है वहीं मानसिक शांति भी मिलती हैं।

उन्होंने कहा कि योग हमें एकजुट करना सिखाता है और योग से हर कोई निरोग हो सकता है। वहीं भारतीय योग संस्थान के महामंत्री ललित गुप्ता ने बताया कि भगवान कृष्ण गीता में कहते हैं कि जो औरों के जीवन के दुखों को मिटा सकें वहीं योगा है। वहीं राकेश बिहारी मित्तल ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

# अशोक विहार में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस








**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस पर अशोक विहार में जगह-जगह योग शिविर का आयोजन किया गया।
इस मौके पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद डॉ. हर्षवर्धन के अलावा वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल, पार्षद योगेश वर्मा, निगम पार्षद पूनम भारद्वाज, निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, पूर्व पार्षद देवराज, पूर्व पार्षद सुरेश भारद्वाज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि सभी को योग करना चाहिए। योग करें और रोगों को दूर भगाये। इस अवसर पर वजीरपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने कहा कि सभी को स्वस्थ्य रहने के लिए योग करना जरूरी है। उन्होंने आगे बताया कि योग से न केवल व्यक्ति का तनाव दूर होता है बल्कि मन और मस्तिष्क को भी शांति मिलती है, योग बहुत ही लाभकारी है। योग न केवल हमारे दिमाग, मस्तिष्क को ही ताकत पहुंचाता है, बल्कि हमारी आत्मा को भी शुद्ध करता है। आज बहुत से लोग मोटापे से परेशान हैं, उनके लिए योग बहुत ही फायदेमंद है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।



शालीमार बाग में योग दिवस पर योग करते समाज सेवी सत्य पाल शर्मा, एमएल शर्मा व अन्य।

# सनातन धर्म में भारतीय संस्कृति व सभ्यता और मानवता सबसे पुरानी : विप्लव देव

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद,(हरपाल सिंह यादव)**
त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरियाणा के प्रभारी विप्लव देव ने कहा कि योग हमेशा शरीर के तन मन और दिमाग को एक साथ जोड़ता है। योग शरीर की कर्म शैली और कर्म शीलता में माहिर है। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री विप्लव देव आज बुधवार को प्रातः स्थानीय सेक्टर -12 के खेल परिसर में जिला स्तरीय 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योग मनुष्य के तन, मन और बुद्धि को आत्मसात कर एक साथ जोड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का निर्णय विश्व में पूरी जनता ने स्वीकार किया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने



पिछले 9 वर्षों में योग और आध्यात्मिकता के जरिए भारत का नया परिचय विश्व में दिया है। योग करने से मनुष्य शरीर से स्टीक रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग पूरी दुनिया को उपहार में दिया है। यूक्रेन और रशिया में आज महामारी चल रही है। जबकि भारत आराम से 9वा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। विप्लव देव ने योग को जीवन के व्यवहारिक जीवन में करने के लिए दुनिया की आम जन को आह्वान किया। भारत सरकार के भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि अमेरिका के शहर न्यूयॉर्क के संयुक्त राष्ट्र संघ मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे हैं। आज योग दुनिया में धरती, आकाश और पाताल में हर जगह मनाया जा रहा है। भारतीय जल थल और वायु सेना सहित दुनिया के सभी देशों के लोग आकाश, धरती और समुद्र में 9वा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। भारत में पंचायत स्तर पर, आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूलों, व्यायामशाला, हेल्थ सेंटर सहित तमाम क्षेत्रों में आज नौवा अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जा रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि योग प्राचीन होने के साथ-साथ नवीनतम भी है। योग प्रति व्यक्ति की के विचार भावनाओं में सकारात्मकता लाता है। मनुष्य को तनाव मुक्त अनुचित व्यवहार देता है। योग से मधुमेह, कैंसर सहित तमाम बीमारियां शरीर से जड़ मूल से नष्ट होती है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आमजन से आह्वान किया कि वह योग को दिनचर्या का हिस्सा जरूर बनाएं। इस अवसर पर फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता, भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, हरियाणा महिला आयोग की चेयरमैन रेनू भाटिया, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड, सीपी विकास अरोड़ा, डीसी विक्रम सिंह, एडीसी अपराजिता, एसडीएम परमजीत चहल, जिला परिषद के चेयरमैन विजय कुमार, जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर मनीषा लांबा सहित तमाम विभागों के अधिकारीगण व गणमान्य नागरिकों ने जिला स्तरीय 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के भागीदार बनकर योगाभ्यास किया।

# योग से आता है कर्मों में कौशलः नेहरू

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि योग से हमारे कर्मों में कौशल आता है और यही कौशल जीवन में सफलता का आधार बनता है। वह बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में अधिकारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने योगासन व प्राणायाम करके शरीर तथा प्राण में संतुलन का अभ्यास किया। योग डिप्लोमा के विद्यार्थियों ने अपने योगासनों से सबको हैरत में डाल दिया। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि एकाग्रता और समग्रता से किए गए कर्म से जीवन कुशल बन जाता है। हमें पूरी समग्रता के साथ जीवन में कर्म करने चाहिएं।



कुलपति डॉ. राज नेहरू ने योग के माध्यम से चित्त वृत्तियों के नियंत्रण का सार बताते हुआ कहा कि योग से जीवन में संयम भी आता है। उन्होंने नियमित रूप से योग करने पर बल दिया। अकादमिक अधिष्ठाता प्रो. आर एस राठौड़ ने कहा कि योग को जीवन में धारण करने से हम बड़े परिवर्तन महसूस कर सकते हैं। उन्होंने योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। इससे पूर्व डीन प्रो. आशीष श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया और योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने योग डिप्लोमा इसी उद्देश्य के साथ शुरू किया है ताकि योग के अच्छे प्रशिक्षक तैयार की जा सकें। योग शिक्षक डॉ. सोहन लाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग प्रोटोकॉल के अनुसार आसन और प्राणायाम करवाया तथा साथ ही जीवन में उनका महत्व भी बताया।

## संक्षिप्त खबरें

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर समग्र योजना के अंतर्गत रह रहे शहरी वंचित बच्चे एवं बाल गृह फरीदाबाद के बच्चों ने भाग लिया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद शाखा फरीदाबाद द्वारा "अंतरराष्ट्रीय योग दिवस" 2023 का माननीय उपायुक्त एवं अध्यक्ष विक्रम सिंह भा प्र से के नेतृत्व में आयोजन किया गया। योगा दिवस के बारे में जिला बाल अधिकारी एस एल खत्री ने बताया, योगा करने से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। और सभी को योगा करना चाहिए। आज के कार्यक्रम में लगभग 95 बच्चों एवं स्टाफ के साथ शिक्षा विभाग द्वारा समग्र योजना के अंतर्गत रह रहे शहरी वंचित बच्चे एवं बाल गृह फरीदाबाद के बच्चों ने भाग लिया। आज के कार्यक्रम में अनिल दहिया कार्यक्रम अधिकारी एवं धर्मपाल डी पी ने मंच से योगासन करवाएं और मंच का संचालन उदय चंद लेखाकार ने किया। टुगेदर वी विल संस्था के चेयरमैन मुनीश गांधी जी ने सभी के लिए रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था की। आज के कार्यक्रम में बाल भवन स्टाफ में मीनू शर्मा, मांगें राम, सुमित शर्मा, सुनीता देवी, राम शरण, सुमन, भगवान सिंह, सतीश, राजेश सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

### योग करने से मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है : राजेश भाटी



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
अटाली गांव के शहीद संदीप सिंह खेल परिसर में आयुष विभाग फरीदाबाद एवं पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसान सेवा समिति राज्य प्रभारी राजेश भाटी,योगाचार्य इंद्रजीत सिंह,अजय कुमार शास्त्री ने ग्रामीणों को योग कराया। इस अवसर पर दौड़ का आयोजन भी किया गया। राज्य प्रभारी राजेश भाटी ने कहा कि योग हमारे ऋषि मुनियों की देन है। यह हमारी प्राचीन धरोहर है। योग से शरीर को स्वस्थ बनाया जा सकता है। प्रतिदिन योग करने से असाध्य बीमारियों को दूर किया जा सकता है। योग से शारीरिक व मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है। हमें अपनी जीवनशैली में बदलाव करना चाहिए। हर रोज योग का अभ्यास करें और निरोगी रहें। योगाचार्य इंद्रजीत व अजय शास्त्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का महत्व शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के कई लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। योग एक मन-शरीर अभ्यास है जो हजारों साल पहले भारत में उत्पन्न हुआ था। यह शारीरिक मुद्राओं, श्वास अभ्यास और ध्यान को जोड़ती है। योग को लचीलापन, शक्ति, संतुलन और धीरज में सुधार करने के लिए दिखाया गया है। यह तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में भी मदद कर सकता है।

### जींद : स्वरोजगार का झांसा देकर 800 महिलाओं के 40 लाख रुपए हड़पे

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
उचाना थाना पुलिस ने महिलाओं को स्वरोजगार का झांसा दे 800 महिलाओं के लगभग 40 लाख रुपए की राशि हडपने पर जींद प्रिडेल ग्रोथ इंडिया कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सहित आठ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गांव छात्तर निवासी सुमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि प्रिडेल ग्रोथ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने शिव कॉलोनी सफीदों रोड जींद पर अपना कार्यालय खोला हुआ है। जिसमें गांव ढाना जिला हिसार निवासी अमित कुमार समेत आठ लोग कंपनी के निदेशक बने हुए हैं।

## कैथलः महिला के गले से सोने की तबीजी छीन कर युवक फरार

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
शहर के छात्रावास रोड पर बुधवार दोपहर को एक महिला के गले से मोटरसाइकिल सवार युवक सोने का ताबीज व मणका छीन कर फरार हो गया। पुलिस मोटरसाइकिल सवार युवक की तलाश कर रही है।
शहर थाना में दी शिकायत में गांव तितरम की रहने वाली दर्शना देवी ने बताया कि वह अपने गांव से घरेलू सामान खरीदने के लिए कैथल आई थी।
शहर से सामान खरीद कर वह दोपहर बाद पैदल छात्रावास रोड होते हुए जींद रोड की तरफ जा रही थी।

# ई-अधिगम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नई तकनीकों के इस्तेमाल के लिए समर्थ बनाना: विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद,**
डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि ई-अधिगम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नई तकनीकों के इस्तेमाल के लिए समर्थ बनाना है। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में गर्मी की छुट्टियों में टैबलेट पर काम करने वाले छात्रों और शिक्षकों को इनाम दिया जाएगा। विद्यार्थियों व अध्यापकों में टैबलेट का प्रयोग व उस पर काम करने की रूचि पैदा करने के लिए बनाई गई है एक विशेष योजना शिक्षा को डिजिटाइज करने व सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली से जोड़ने के लिए सरकार



की ओर से ई-अधिगम योजना के तहत टैबलेट वितरित किए गए हैं। जहां ऐसे में विद्यार्थियों व अध्यापकों में टैबलेट का प्रयोग व उस पर काम करने की रूचि पैदा करने के लिए एक विशेष योजना बनाई है, जिसके तहत विद्यार्थियों व अध्यापकों को सम्मानित किया जाएगा।

शिक्षा विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं को देख रहे मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी आशीष जैन ने बताया कि शिक्षा विभाग ने इसकी शुरूआत गर्मी की छुट्टियों से कर दी गई थी। इस योजना के तहत टैबलेट पर पीएल सॉफ्टवेयर में काम करने वाले विद्यार्थियों व अध्यापकों को राज्य स्तर के साथ साथ जिला स्तर पर भी सम्मानित किया जाएगा। वहीं विभाग की ओर से जिला में सभी ब्लॉक पर चार-चार विद्यार्थियों व अध्यापकों का चयन किया जाएगा, जिनका पीएल सॉफ्टवेयर पर काम श्रेष्ठ होगा। उन्होंने आगे बताया कि डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा ऐसे विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि विजेता विद्यार्थियों और अध्यापकों के चयन के लिए निदेशालय की ओर से मानक नियम जारी किए हैं, इन नियमों के आधार पर ही चयन प्रक्रिया क्रियान्वित की जाएगी। उन्होंने बताया कि समर चैलेंज हीरो कंपीटिशन के तहत अधिगम विद्यार्थियों के साप्ताहिक तीन लक्ष्य दिए गए हैं, जिसके तहत विद्यार्थियों को प्रति सप्ताह प्रति विषय में एक से अधिक घंटे के लिए टेबलेट का उपयोग करना होगा, प्रति सप्ताह प्रति विषय में दो रेमेडियल टेस्ट का प्रयास करना होगा। इसके साथ ही प्रति सप्ताह प्रति विषय में दो होमवर्क का प्रयास करना होगा। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में गत 5 जून 2023 से आगामी 30 जून 2023 तक यह अभियान चलेगा। प्रदेश के शिक्षा मंत्री कंवर पाल द्वारा इस अभियान की शुरूआत की गई है।
ई अधिगम योजना के मापदंड :- ई-अधिगम विद्यार्थी के साप्ताहिक 3 लक्ष्य है। नम्बर एक प्रति सप्ताह प्रति विषय में एक से अधिक घंटे के लिए विद्यार्थी द्वारा टैबलेट का उपयोग। नम्बर दो प्रति सप्ताह प्रति विषय में 2 रेमेडियल टेस्ट का प्रयास करना और नम्बर तीन प्रति सप्ताह प्रति विषय में 2 होमवर्क का प्रयास करना सुनिश्चित करें।

# डी०ए०वी शताब्दी महाविद्यालय में हुआ योग शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
डी०ए०वी शताब्दी महाविद्यालय के शारिरिक शिक्षा एवं खेल विभाग ने नौवे इंटरनेशनल योग दिवस के उपलक्ष में योग शिविर का आयोजन किया। हर साल योग दिवस के लिए एक अलग थीम निर्धारित की जाती है। इस बार योग दिवस की थीम ह्यवसुधैव कुटुंबकमह्ण के सिद्धांत पर वन वर्ल्ड, वन हेल्थ रखी गई। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ सविता भगत ने की। उन्होंने कहा कि दिन भर में कुछ मिनट का योग दिन भर की चिंताओं से मुक्ति दिलाता हैं। योगासन,प्राणायाम और ध्यान तनाव दूर करने का कारगर उपाय हैं। हम



संयुक्त रूप से शरीर, मन और आत्मा से बने हैं। शरीर में कोई अनियमितता मन को प्रभावित करती हैं। योग को निरोग रहने का सबसे बेहतरीन साधन माना गया है। इस योग शिविर का मार्गदर्शन योगाचार्य उमेश ने किया।कई तरह के योगासन जैसे चक्रासन, भुजंगासन, ताड़ासन , अर्ध हलासन, हलासन, सर्वांगासन, विपरीतकर्णी आसन, नौकासन, शवासन ,कपालभाति और अनुलोम विलोम आदि का अभ्यास किया।

## सोनीपतः कोच के पिता की हत्या के मामले में नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
आम तोड़ने से रोका तो कोच के पिता को सिर व मुंह पर ईंटें मारकर हत्या दी गई थी। इसी ममाले में पुलिस ने बुधवार को एक नाबालिग नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नाबालिग आरोपी जिला सोनीपत का रहने वाला है।
गांव मदीना के निवासी रविन्द्र पुलिस को शिकायत दी थी कि उसके पिता रामपाल मृत अवस्था में थाम्बू वाले तलाब (पक्की) गांव मदीना के रास्ते में पडा मिला था। उसके पिताजी के सिर, मुंह पर व शरीर के कई हिस्सों पर चोट के निशान थे व सिर व मुंह रक्त से सना हुआ था।

# मानव रचना शैक्षणिक संस्थान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग और ध्यान सत्र का आयोजन हुआ



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज (एमआरआईआईआरएस) में छात्र कल्याण विभाग और सेंटर फॉर योग की ओर से बुधवार को ह्लअंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023ह्व पर योग व ध्यान सत्र आयोजित हुआ। आयुष मंत्रालय, कॉमनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेंटर फॉर एशिया, ईशा फाउंडेशन और ब्रह्मा कुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से "मानवता के लिए योग" थीम पर हुए इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के हरियाणा प्रभारी व त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बिप्लब कुमार देब शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत सभी सम्मानित अतिथियों ने दीप जलाकर की। इसके बाद संस्थान की म्यूजिक सोसाइटी "सुर तरंग" ने सरस्वती वंदना पेश कर समां बांधा। एमआरआईआईआरएस के कुलपति डॉ. संजय श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में योग की भूमिका बताते हुए इसे दैनिक जीवन में शामिल करने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने संस्थान में योग को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि योग कई बीमारियों के इलाज में कारगार है और व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक तौर पर बेहतर बनाता है।
इसके बाद डॉ. राजेश कुमार ने योग सत्र का संचालन किया। इस दौरान मंत्रोच्चारण के बीच मुख्य अतिथि ने संस्थान के वरिष्ठ सदस्यों के साथ मिलकर योग किया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. वाइस चांसलर, एमआरआईआईआरएस डॉ. जीएल खन्ना ने संस्थान में योग पर रिपोर्ट पेश की। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय से आईं ब्रह्माकुमारी ज्योति ने मन को ऊर्जा के स्त्रोत से जोड़ने के लिए राजयोग ध्यान सत्र आयोजित कराया।

# कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा व शिक्षा विभाग हरियाणा की ओर से दिनांक 12.06.2023 से दिनांक 21.06.2023 तक ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का आयोजन किया गया। अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश खुल्लर तथा महानिदेशक अमित कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश यह आयोजन पूरे हरियाणा में मंडल स्तर पर सरकारी स्कूलों में पर किया गया। इस कार्यशाला में 6वीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को निशुल्क हरियाणवी नृत्य, लोक संगीत, रंगमंच व चित्रकला से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।
कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा की रंगमंच अधिकारी



श्रीमती तान्या जी.एस. चौहान ने बताया कि हमने पूरे हरियाणा में जो कार्यक्रम किया उसके प्रति बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला, जिससे बच्चों के अंदर छिपी कला को निखारने का कार्य किया हम उम्मीद करते है कि आने वाले समय मे बच्चे रंगमंच की ओर प्रोत्साहित होंगे और इस कला के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को निखारेंगे। रंगमंच के क्षेत्र मे लघु नाटिका आजादी के अमृत महोत्सव पर आधारित है। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा की संगीत अधिकारी डॉ. दीपिका रानी ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी हरियाणा राज्य के लोक संगीत से अनभिज्ञ है। इन कार्यशालाओं के माध्यम से बच्चे लुप्त हो रहे लोक संगीत के प्रति जागरूक होंगे। विभाग की ओर से भविष्य मे भी इस प्रकार की बहुमूल्य कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।
हमें उम्मीद है कि जैसा कि बच्चों के माता-पिता से वातालर्प की गई। उन्होंने भी इस कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि इस कार्यक्रम में बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारा है। हम उम्मीद रखते है कि इस कार्यशाला में बच्चों ने हरियाणवी संस्कृति को उजागर करने में अहम भूमिका निभाई है।

# योग दिवस के उपलक्ष्य मे श्रीसिद्धदाता आश्रम पहुंचे बिप्लव कुमार देव

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
हरियाणा भाजपा प्रभारी बिप्लव कुमार देव आज सिद्धदाता आश्रम पहुंचे जहां उन्होंने श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम में भगवान नारायण के समक्ष प्रार्थना की और जगद्गुरु स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज से आशीर्वाद लिया। इस दौरान महाराज जी के साथ वार्ता में प्रदेश प्रभारी बिप्लव कुमार देव ने कहा कि दिव्यधाम में प्रवेश करते ही अनूठी शक्ति का अहसास होता है और साथ ही असीम शांति भी प्राप्त होती है। आज योग दिवस के उपलक्ष्य पर सिद्धदाता आश्रम मे भी योग दिवस मनाया गया जहां पहुंचे त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और हरियाणा प्रदेश प्रभारी विपलब कुमार देव के साथ



पूर्व मंत्री विपुल गोयल व फरीदाबाद से जिला अध्यक्ष के साथ अन्य विधायकगण भी रहे। इस दौरान विपलब देव ने कहा कि मैं यहां पहली बार आया हूं और मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे मंदिर धर्म प्रसार के केंद्र हैं जिसके आधार पर व्यक्ति अपने जीवन को सकारात्मक रख सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे शिक्षक समाज में प्रथम स्थान रखते हैं उनमें भी धर्मगुरु का स्थान सबसे ऊपर है। पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लव देव ने स्वामीजी को भाजपा के नौ साल के सुशासन संबंधी पुस्तक को सौंपा और कहा कि आज समाज में धर्मगुरुओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता है इसलिए वह भी आशीर्वाद लेने आए हैं। इस दौरान स्वामी जी ने प्रभारी विपलब कुमार देब व पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल को शाल ओढकर व प्रसाद के साथ आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर आश्रम एवं दिव्यधाम के अधिपति अनंतश्री विभूषित इंद्रप्रस्थ एवं हरियाणा पीठाधीश्वर श्रीमद जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज ने उन्हें प्रसाद एवं आशीर्वाद प्रदान किया और कहा कि सत्ता में रहने वाले व्यक्ति को और अधिक संभल कर काम करने की जरूरत होती है क्योंकि सभी लोगों की निगाहें उनकी ओर होती हैं इस पर बिप्लव कुमार देव ने गुरुजी को बेहतर कार्य की दिशा में बढने की बात कही। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री रवींद्र राजू, जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा एवं नरेंद्र गुप्ता, पूर्व मंत्री विपुल गोयल, प्रवक्ता राजीव जेटली, मनमोहन गुप्ता, पंकज सिंगला, सचिन शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# प्राइमरी स्कूल से पेड़ काटने पर आपत्ति जताई

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
जिले के शहर रतिया में बीईओ कार्यालय स्थित प्राइमरी स्कूल में बुधवार शाम को हरे वृक्ष काटने को लेकर लोगों ने आपत्ति जताई। पता चला कि विभाग पड़ोसी के कहने पर वृक्षों की कटाई करवा रहा था। बाद में काम बीच में रोक दिया गया। मामले का पता चलने पर बीईओ मौके पर भी पहुंची। मिली जानकारी के अनुसार रतिया के पुराने बीईओ कार्यालय में अब कन्या प्राईमरी स्कूल चल रहा है। कार्यालय के प्रांगण गली की मुख्य दीवार के साथ तीन पुराने हरे भरे पेड़ है। इन्हीं पेड़ों को छंटाई के नाम पर काटा जा रहा था। पेड़ काटने के बारे पता किया तो



जानकारी मिली कि वहां पड़ोस में एक व्यक्ति गली में गाड़ी खड़ी करता है। इसी कारण पेड़ काटे जा रहे थे। स्कूल के मुख्याध्यापक हरपाल सिंह ने कहा कि पहले आसपास के लोगों ने पेड़ों की छंटाई के लिए कहा था। उनमें एक व्यक्ति का कहना था कि वह गली में गाड़ी खड़ी करता है, कही पेड़ गाड़ी पर न गिर जाए, इस कारण छंटाई करवाई जाए।
बीईओ अनिता ने कहा कि उनके पास भी सूचना आई है। फिलहाल काम रुकवा दिया है। बिना अनुमति या कारण के पेड़ नहीं काटे जा सकते।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Fro- t Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 22 जून 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## न्यूज फ्लैश

### बिजली की समस्या को लेकर भाजपा विधायक ने ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

**शाहजहांपुर।** ददरौल विधनासभा क्षेत्र के भाजपा विधायक मानवेन्द्र सिंह ने ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजकर क्षेत्र में व्याप्त विद्युत समस्या को दुरुस्त कराने तथा पहले से स्वीकृत विद्युत केंद्रों का जल्द से जल्द निर्माण कराए जाने की मांग की है। भाजपा विधायक मानवेन्द्र सिंह ने पत्र में बताया है कि विद्युत उपखण्ड मदनापुर, विद्युत उपखण्ड चौहनापुर और विद्युत उपखण्ड बादशाहनगर क्षेत्र में बिजली की स्थिति काफी खराब है। क्षमता से अधिक भार तथा पहले से स्वीकृत कहिलिया एवं बरीखास विद्युत केन्द्रों का निर्माण कार्य शुरू न किया जाना इसका मुख्य कारण है। पुराने व जर्जर विद्युत तार आए दिन टूट कर गिर रहे हैं और दुर्घटनाएं हो रही हैं। ट्यूबवेल की लाईनों पर मात्र 04 से 05 घंटे ही बिजली आ रही है। इस कारण किसानों को धान की रोपाई करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सिंचाई न हो पाने के कारण गन्ना, मूंगफली आदि फसलें सूख रही हैं। भाजपा विधायक ने मांग की है कि जनहित और कृषक हित को देखते हुए पूर्व में स्वीकृत कहिलिया व बरीखास विद्युत केंद्रों का निर्माण कार्य शुरू कराएं तथा सरकार की मंशानुसार विद्युत आपूर्ति की जाए।

### विजिलेंस ने भ्रष्ट तहसीलदारों की सूची सरकार को भेजी

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ पूरी तरह एक्शन मोड में आ गई है। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने प्रदेश की सभी तहसीलों में जांच के बाद अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को भेज दी है। इस विजिलेंस रिपोर्ट में 48 अधिकारियों के नामों का खुलासा किया है, जिनकी भ्रष्टाचार में संलिप्तता के आरोप हैं। इनमें तहसीलदार, नायब तहसीलदार और उनके एजेंट अर्जी नवीस भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार विजिलेंस ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि खुलेआम एजेंटों के माध्यम से तहसीलों में रिश्वखोरी का धंधा चल रहा है। वसीका-नवीस और अर्जी नवीस रजिस्ट्री पर कोड वर्ड डाल देते हैं और उसी के अनुसार तहसील में दिनभर हुई कलेक्शन का हिस्सा शाम को तहसीलदार के पास पहुंच जाता है। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो की इस रिपोर्ट के बाद राज्य के राजस्व अधिकाारियों में हड़कंप मचा है।

### बद्दी में 825 ग्राम गांजा बरामद

**सोलन:** पुलिस थाना बद्दी के अन्तर्गत मलकुमाजरा-चुनड़ी मार्ग पर गश्त के दौरान एक व्यक्ति की शक के आधार पर तलाशी ली गई जिसमें उसके कब्जे से 825 ग्राम गांजा बरामद हुआ है।

# मोक्ष के लिए मानसून का इंतजार...

## सूख गयी नदी तो विसर्जित नहीं हुई अस्थियां, रेत के अंदर दबी कर रही हैं मानसून का इंतजार...

### बारिश का इंतजार....

**◐ मेदिनीनगर में दाह संस्कार के बाद अस्थि विसर्जन के लिए 148 शवों को नदी में दोबारा पानी लौट आने का इंतजार है**



**टीम एक्शन इंडिया/मेदिनीनगर**
**अगर** मरने के बाद भी मोक्ष के लिए पानी का इंतजार करना पड़े तो? झारखंड के मेदिनीनगर में दाह संस्कार के बाद अस्थि विसर्जन के लिए 148 शवों को नदी में दोबारा पानी लौट आने का इंतजार है। झारखंड में मानसून ने भले ही दस्तक दे दी है लेकिन नदी में पानी भरने के लिए अभी इंतजार करना होगा। इस बार राज्य में गर्मी ऐसी पड़ी की कई नदियां सूख गयी। वैसे झरने भी सूख गये जिनमें सालों भर पानी भरा रहता था। दाह संस्कार के बाद मोक्ष के लिए इन शवों को भी नदी में पानी लौट आने का इंतजार करना पड़ रहा है।

**मरने के बाद भी नसीब नहीं है पानी:** मेदिनीनगर (डाल्टनगंज) में कोयल नदी के सूख जाने से लोगों के अंतिम संस्कार करने में समस्या होने लगी है। परिजनों की मौत के बाद नदी में पानी ना होने की वजह से विधि-विधान से अंतिम संस्कार करने में समस्या आ रही है। कोयल तट पर पहाड़ी मुहल्ला में स्थित राजा हरिश्चंद्र श्मशान घाट में लोगों को अंतिम संस्कार के लिए भी पानी नसीब नहीं हो रहा है।

**सूख गयी कोयल नदी, रेत के अंदर दबा दी गयीं अस्थियां:** मेदिनीनगर में सूख चुकी कोयल नदी की रेत में 48 अस्थि कलश दफनाए गए हैं। इन अस्थियों को मानसून की बारिश का इंतजार है ताकि उनको मोक्ष मिल सके। कोयल नदी इस वर्ष अप्रैल के शुरूआती सप्ताह में ही सूख गई थी। नदी किनारे स्थित पहाड़ी मुहल्ला श्मशान घाट में अप्रैल से अब तक 48 शवों का दाह संस्कार किया गया लेकिन अस्थियां नहीं बहाई जा सकी। दाह संस्कार के बाद बची चिता की राख को भी इकट्ठा कर रखा गया है ताकि बारिश के बाद उन्हें बहाया जा सके। मार्च के अंतिम सप्ताह से जून के दूसरे सप्ताह तक 148 शवों का अंतिम संस्कार पहाड़ी मुहल्ला स्थित श्मशान घाट पर हुआ। मरने के बाद भी मोक्ष के लिए सभी बारिश के इंतजार में हैं।

**झारखंड में सूख गयी हैं 44 नदियां:** इस बार सिर्फ झारखंड में ही नहीं बिहार, यूपी और उत्तराखंड की तकरीबन 175 नदियां सूख गई। झारखंड में 44 नदियां सूखी हैं। झारखंड में 4 जलप्रपात दशम, हुंडरू, सीता और जोन्हा भी सूख गयी हैं। इन जलप्रपात में सालभर पानी रहता था। ये झरने मार्च में ही सूख गये। झारखंड में नदियों की स्थिति गंभीर है।

#### क्यों सूख रही हैं नदियां ?

**सवाल** है झारखंड में नदियों की यह स्थिति हुई कैसे ? जवाब मानसून के आंकड़े में छिपा है। पिछले 10 वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि किसी भी साल सामान्य बारिश नहीं हुई। हर साल सामान्य से कम बारिश दर्ज की गयी। साल 2013 से सामान्य बारिश के आंकड़े को पांच-पांच के अंतराल के बाद कम किया जाता रहा इसके बावजूद भी सामान्य से भी कम हो रहे आंकड़े को मानसून नहीं छू सका।

#### पलामू में सूख जाती हैं 30 नदियां

**पलामू** प्रमंडल के तीन जिलों पलामू, गढ़वा और लातेहार में 30 नदियां बहती हैं। 26 मार्च आते-आते ही नदियों में पानी खत्म होने लगता है। मई के महीने में सभी 30 नदियां पूरी तरह सूख जाती हैं। दक्षिण छोटानगपुर के गुमला जिले की 13 नदियों की हालत भी यही है। शंख, उत्तरी कोयल, पारस, नागफेनी जैसी प्रमुख नदियों में मार्च के बाद रेत नजर आथा है। खूंटी जिले की सभी 3 नदियां सूख जाती हैं।

### साइबर क्राइम का शिकार हुई युवती

**अररिया:** फारबिसगंज सुलतान पोखर वार्ड संख्या 3 के रहने वाले कारोबारी कन्हैया लाल खतरी के 18 साल की बेटी नेहा खतरी से साइबर अपराधियों ने खाते से 30 हजार रुपये ले लिये। अपराधियों ने नेहा से कैशबैक की बात कह झांसा में लेकर ओटीपी पूछ बचत खाता से 30 हजार रुपये की निकासी कर ली।मामले को लेकर कारोबारी कन्हैया लाल खतरी ने फारबिसगंज थाना में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में उन्होंने बताया कि उनकी बेटी का भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा में बचत खाता खुला हुआ है।अज्ञात मोबाइल संख्या 6295115972 से कॉल आया और उनके खाता में कैशबैक के रूप में 30 हजार रुपैया मिलने की बात कह उनसे उनके मोबाइल पर आए ओटीपी संख्या पूछ डाला। जिस पर नेहा ने इससे पहले कुछ समझ पाती ओटीपी नंबर शेयर कर दी और जिसके बाद उनके खाता से धीरे धीरे सारी रकम की साइबर अपराधियों ने निकासी कर ली।

## योग दिवस पर आकर्षक फोटो प्रदर्शनी का किया अनावरण



**टीम एक्शन इंडिया/सुजानपुर टीरा मैदान, जिला हमीरपुर**
**अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस के शुभ अवसर पर सुजानपुर टीरा मैदान में 5 दिवसीय आकर्षक फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, के केंद्रीय संचार ब्यूरो, हमीरपुर क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आयोजित यह प्रदर्शनी 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 साल' मनाने और केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रभावशाली स्कीम्स पर प्रकाश डालने के लिए समर्पित है। प्रदर्शनी 21 जून 2023 से 25 जून 2023 तक आयोजित की जाएगी। इस अवसर की शोभा बढ़ाते हुए जितेंद्र संजता, एडीसी हमीरपुर ने इस उल्लेखनीय कार्यक्रम की शुरूआत के प्रतीक के रूप में रिबन काटा। संजता ने आकर्षक चित्रों और उनके द्वारा दिए गए संदेश की सराहना की योग दिवस की भावना के अनुरूप राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुजानपुर के छात्रों ने आकर्षक चित्रकला और नारा लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। उनकी रचनात्मकता और प्रतिभा पूर्ण प्रदर्शन पर थी जब उन्होंने अपनी कलाकृति में योग के सार को खूबसूरती से दशार्या था।

ईशा शादयाल पोस्टर पेंटिंग श्रेणी में विजेता के रूप में उभरीं, जबकि मुस्कान ठाकुर ने दूसरा स्थान हासिल किया, उसके बाद रक्षंदा तीसरे स्थान पर रहीं। स्लोगन राइटिंग कैटेगरी में दीक्षा ठाकुर ने पहला, स्नेहा ने दूसरा और अक्षिता रतन ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### आकर्षक चित्रकला

**◐ ईशा शादयाल पोस्टर पेंटिंग श्रेणी में विजेता के रूप में उभरीं, जबकि मुस्कान ठाकुर ने दूसरा स्थान हासिल किया**



देवभूमि उत्तराखंड में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और बाबा रामदेव ने एक मंच पर योग किया। हरिद्वार में आयोजित शिविर में योग दिवस पर सर्वपंथ एकता के साथ सबके लिए योग का संदेश दिया।

## हाई कोर्ट ने हिंसा मामले में राज्य सरकार से मांगा स्टेटस रिपोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया/रांची**
**झारखंड** हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बुधवार को वर्चुअल मोड में रांची में 10 जून को हुई हिंसा मामले पर राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। खंडपीठ ने मामले में हस्तक्षेपकर्ता और याचिकाकर्ता की ओर से उठाए गए सवालों पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। घटना में मृतक दो युवकों के पिता ने हस्तक्षेप याचिका दाखिल की है। उनकी ओर से अधिवक्ता मुख्तार खान ने कोर्ट से आग्रह किया कि मामले की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए। क्योंकि, इस मामले में पुलिस ने ही भीड़ पर गोली चलाई थी, जिससे दो युवकों की मृत्यु हुई थी। इसलिए पुलिस की जांच निष्पक्ष नहीं हो सकती है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की।

## 'साहस और शौर्य की अमूल्य खान है भारतीय सैन्य अकादमी'

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**भारतीय** सैन्य अकादमी (आईएमए तथा आईसीसी) की विलक्षणता राष्ट्रीय नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिनाम है। इस अकादमी से निकलने वाले सैन्य अधिकारी देश की रक्षा में सतत प्रयासरत रहते हैं। इस बारे में बुधवार को भारतीय सैन्य अकादमी की दी गई जानकारी के अनुसार अकादमी के जैंटेलमेन कैडेट्स का शौर्य और पराक्रम निरंतर चचाओं का कारण बनता है। यह शौर्य अन्य संस्थानों में इस तरह नहीं दिखता। अकादमी के 50 वर्ष पूरे होने पर अकादमी की जनसम्पर्क अधिकारी ने अकादमी के शौर्य के बारे में बताया कि यह 1973 की गर्मियों की बात है, जब तीन सौ से अधिक युवाओं का एक बैंड भारतीय सैन्य अकादमी , देहरादून के पवित्र पोर्टल से होकर गुजरा, जिसके कंधे पर सितारे थे और हमारे राष्ट्र, भारत की संप्रभुता की रक्षा करने का मौका था।

दशकों से अधिक की एक उतार-चढ़ाव भरी और साहसिक जीवन यात्रा के ठीक बाद, 51 रेगुलर और 35 टेक के लड़कों का बैंड आईएमए में 19-21 जून 2023 को इकट्ठा हुआ। इस बार अपने जीवनसाथी के साथ, बुद्धिमान दिग्गजों के रूप में उस स्थान पर अपना सम्मान देने के लिए जो उन्हें युवा पुरुषों से कठोर सैनिकों में बदल दिया था, वे वरिष्ठ भी मौजूद थे।

## बीएड-पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/नैनीताल**
**कुमाऊँ** विश्वविद्यालय ने इस वर्ष की बीएड व पीएचडी की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित कर दिए हैं। कुलसचिव दिनेश चंद्रा ने बताया कि आगामी 30 जुलाई को प्रस्तावित बीएड प्रवेश परीक्षा हेतु विवि की वेबसाइट केयूनैनीताल डॉट एसी डॉट इन के माध्यम से आवेदन शुल्क 1310 रुपए जमा कर 22 जून से 20 जुलाई तक आवेदन किए जा सकते हैं। वहीं 23 जुलाई 2023 को प्रस्तावित पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए 2150 रुपए शुल्क जमा कर 22 जून से 12 जुलाई तक आवेदन किए जा सकते हैं। कुलसचिव ने यह भी साफ किया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा से मुक्त अभ्यर्थियों को भी इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। अन्य जानकारियों विवि की वेबसाइट में दी गई विवरणिका से प्राप्त की जा सकती है।




**कुमाऊं विवि ने किए परीक्षा परिणाम घोषित:** कुमाऊं विवि ने बुधवार को एमएससी गणित के तीसरे तथा एमएससी जंतु विज्ञान के काशीपुर महाविद्यालय को छोड़कर अन्य सभी परिसरों, महाविद्यालयों व संस्थानों के पहले व तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। विवि के कुलसचिव दिनेश चंद्रा ने बताया कि परीक्षार्थी अपना परीक्षाफल विवि की आधिकारिक वेबसाइट केयूएनटीएल डॉट नेट पर लॉग इन करके तथा अपने परिसर व महाविद्यालय से भी प्राप्त कर सकते हैं।

जमीन की खुदाई

### भारत की सनातन संस्कृति से जुड़े योग को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया : ब्रजेश पाठक

## शारीरिक योग के साथ कर्मयोग भी करें: राज्यपाल



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को 9वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर समस्त प्रदेशवासियों को बधाई दी। प्रदेश के कई हिस्सों के साथ राजधानी लखनऊ में हुई बारिश से सुहावने हुए मौसम के बीच राज्यपाल की गरिमामयी उपस्थिति में वसुधैव कुटुम्बकम्- के लिए योग की थीम पर आधारित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र के साथ राजभवन के विविध सभागारों में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षित योगाचार्यों के कुशल नेतृत्व में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, राजभवन के अध्यासितों और उनके परिजनों तथा स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में योगाभ्यास में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वीडियो सन्देश का प्रसारण किया गया। राज्यपाल ने कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए स्वस्थ जीवन के लिए योग को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा नियमित योग कर-के इसे जीवनचर्या में इस भांति शामिल करें की ये एक मस्तिष्क संचालित क्रिया की भांति आत्मसात हो जाये। राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में शारीरिक योग के साथ-साथ कर्मयोग की प्रेरणा भी दी। उन्होंने कहा जिस प्रकार योग हमें निरोग करता है, उसी प्रकार कार्यों का प्रतिबद्धता से निष्पादन मन को स्वस्थ करता है।

उन्होंने योग को लेकर विश्व गुरु के रूप में भारत की स्थापित हुयी छवि का श्रेय प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व को दिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि योग हमारी सनातन संस्कृति से जुड़ा है।

